जबलपुर
गुरुवार, 13 नवंबर 2025
- अगहन मास कृष्ण पक्ष-9
- वर्ष : 20, अंक : 195
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 27
न्यून. 09

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




यही कार बरामद

ब्लास्ट के बाद क्षतिग्रस्त गाड़ियां

## भूटान से सीधे लौटकर पीएम मोदी एलएनजेपी अस्पताल में दिल्ली ब्लास्ट के घायलों से मिले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली धमाके में ताजा खुलासा ये हुआ है कि कार चालक संदिग्ध आतंकी डॉ. उमर नबी 6 दिसंबर यानी बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी पर एक बड़े हमले की साजिश बना रहा था। वह देश भर में करीब 200 जगहों पर विस्फोट कराना चाहता था। देश को दहलाकर वह सख्त संदेश देना चाहता था। फरीदाबाद में पकड़े गए 8 संदिग्धों से पूछताछ के दौरान ये खुलासा हुआ है। इसका संबंध पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से बताया जा रहा है।



डॉ. उमर नबी

फरीदाबाद में पकड़े गए 8 संदिग्धों से पूछताछ के दौरान ये बड़ा खुलासा हुआ

केंद्र सरकार ने की पुष्टि... दिल्ली धमाका 'आतंकी घटना'.... एनआईए ने गठित की 10 सदस्यों की स्पेशल टीम, एडीजी विजय सखारे करेंगे नेतृत्व

# बाबरी बरसी पर देश में करीब 200 स्थानों पर थी विस्फोट की साजिश

*गिरफ्तार आतंकियों के मॉड्यूल में यूपी के मंदिर और धार्मिक स्थल टारगेट पर थे। खास तौर पर अयोध्या और वाराणसी आतंकियों के निशाने पर थे*

- दो कारों से आए थे 'आतंकी', दूसरी फरीदाबाद के खंदावली से बरामद
- दिल्ली पुलिस ने विस्फोट को आतंकी हमला माना यूएपीए के अंतर्गत मामला दर्ज
- कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी यानी सुरक्षा कमेटी (सीसीएस) की बैठक हुई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्लास्ट में घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे।

- ***सीसीएस की बैठक में दोषियों के खिलाफ एक्शन का खाका खींचा गया***
- ***दिल्ली पुलिस ने अपनी प्राथमिक जांच रिपोर्ट गृह मंत्रालय को सौंप दी***

### सुरक्षा एजेंसियां दोषियों को जल्द पहचानें व दबोचें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लाल किले के पास हुए धमाके को आतंकी घटना करार दिया गया। कैबिनेट ने इस पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई और दो मिनट का मौन रखा। बैठक में सरकार ने कहा कि यह कृत्य देश की शांति और एकता पर हमला है।

### जांच के घेरे में महू का सिद्दीकी परिवार!

दिल्ली में हुए धमाके के मामले ने मध्य प्रदेश के छोटे से शहर महू को चौंका दिया है। इस केस के मुख्य आरोपी डॉ. उमर नबी ने जिस अल फलाह यूनिवर्सिटी में पढ़ाया, उस यूनिवर्सिटी के चेयरमैन जवाद सिद्दीकी का पुराना कनेक्शन महू से निकला है। पुलिस को पता चला है कि जवाद सिद्दीकी कभी महू का ही रहने वाला था।

## एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में बम की धमकी

### पांच हवाई अड्डों पर सुरक्षा बढ़ी

बुधवार को बेंगलुरु से वाराणसी जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक फ्लाइट को बम की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। एयरलाइन ने तुरंत सरकार द्वारा नियुक्त बॉम्ब थ्रेट असेसमेंट कमेटी को इसकी जानकारी दी। एयरलाइन के प्रवक्ता ने बताया कि हमारी वाराणसी जाने वाली एक उड़ान को सुरक्षा संबंधी खतरे की सूचना मिली थी। फ्लाइट को सुरक्षित लैंड करा लिया गया और सभी यात्रियों को उतार लिया गया है। सूत्रों के अनुसार इंडिगो को भी पांच बड़े एयरपोर्ट्स दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद और तिरुवनंतपुरम के लिए सुरक्षा खतरे की डिजिटल सूचना मिली है। बताया जा रहा है कि ये धमकी ईमेल के बजाए किसी अन्य डिजिटल माध्यम से भेजी गई थी जिसे बुधवार दोपहर फ्लैग किया गया।



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### बिना टिकट भी यात्रा कर सकेंगे बच्चे, बदले नियम

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने बच्चों की टिकट बुकिंग से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव किया है। नए नियमों के अनुसार, 5 साल से कम उम्र के बच्चे बिना टिकट यात्रा कर सकते हैं, लेकिन अगर उनके लिए अलग सीट या बर्थ चाहिए, तो पूरा किराया देना अनिवार्य होगा।



### राहतः अक्टूबर में खुदरा महंगाई घटकर 0.25% पर

**नई दिल्ली।** महंगाई के मोर्चे पर बड़ी खुशखबरी आई है। सरकार की ओर से बुधवार को अक्टूबर महीने में खुदरा महंगाई के आंकड़े जारी कर दिए गए हैं, अक्टूबर में महंगाई दर घटकर सिर्फ 0.25% पर आ गई है। इससे पहले सितंबर महीने में महंगाई का ये डेटा 1.44% रहा था।



### यूपीएससी मेंस का रिजल्ट घोषित, वेबसाइट में देखें

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित कर दिया है। जिन अभ्यर्थियों ने मुख्य परीक्षा में भाग लिया था, वे यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर परिणाम देख सकते हैं। इसमें मेरिट लिस्ट में सफल उम्मीदवारों के नाम एवं रोल नंबर दर्ज हैं।



सिवनी में सीएम डॉ. यादव ने कहा-योजना ने बहनों का जीवन ही नहीं, प्रदेश के भविष्य की बदल दी है दिशा

# लाड़ली बहनों के 'खाते में खुशी'

एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में भेजे 1857 करोड़ रु.

लाड़ली बहना योजना की 30 वीं किस्त में बहनों को मिली 1500 रुपए की सौगात

मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों से किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाईदूज पर लाड़ली बहना योजना की राशि 1250 रुपए से बढ़ाकर 1500 रुपए करने का वादा किया था। बुधवार को उस वादे को पूरा कर दिया। उन्होंने प्रदेश की एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1500-1500 रुपए के हिसाब से 1857 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि अंतरित कर दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना योजना की कुल 30 किस्तों में से 23 किस्तें बहनों को भेजने का शुभ अवसर उन्हें मिलाहै।

सीएम ने कहा कि लाड़ली बहना योजना अब मदद की नहीं, मौका देने की योजना बन गई है। लाड़ली बहना योजना केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि हमारी बहनों के आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम है

हमने धान का बोनस दिया गेहूं भी खरीदेंगे और मक्के का भी दिलाएंगे सही दाम

560 करोड़ रुपए से अधिक के 114 विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन एवं लोकार्पण

सीएम का अपनत्व देखकर लाडली बहनों ने की खूब तारीफ की




सीएम ने सिंगल क्लिक से राशि ट्रांसफर की और विकास कार्यों का भूमिपूजन किया

### 30 किस्तों ने बदला बहनों का जीवन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बहनों से कहा कि लाड़ली बहना योजना से सिर्फ आपका जीवन ही नहीं बदला है, मेरा दृष्टिकोण भी बदला है। नीति और नीयत कितना बड़ा बदलाव लाते हैं, यह बहनों की नई-नई कहानियां सुनने से पता चलता है। इस योजना की राशि से किसी बहन ने अपना छोटा व्यापार शुरू किया, किसी बहन ने अपने बच्चे की पढ़ाई में मदद की तो किसी ने इन पैसों से हुनर सीखा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहनों के सशक्तिकरण के लिए इस योजना की शुरुआत हमने जून 2023 में की थी, तब से अक्टूबर 2025 तक आपके बैंक खातों में 44 हजार 917 करोड़ 92 लाख रुपए का अंतरण कर चुके हैं।

### जीजा जी, हमारी बहनों को परेशान तो नहीं करते....

मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों से पूछा कि कांग्रेस वाले कहते हैं कि आपके पति दारू में पैसे उड़ा देते हैं। इस पर महिलाओं ने इनकार कर दिया। बहनों ने कहा कि नहीं ऐसा नहीं है। सिवनी जिले के शिव चंद्रवंशी से पूछा कि हमारी बहन को डराते तो नहीं हैं। कहीं आप पैसे तो नहीं ले लेते। चंद्रवंशी ने कहा नहीं, ऐसा नहीं है। मुख्यमंत्री के इस तरह के अपनत्व को देखकर लाड़ली बहनें मुख्यमंत्री की खूब तारीफ कर रही थीं। बहनों ने कहा कि हमारे भैया इसी तरह से हम लोगों की मदद करते रहें और सुखी रहें। हितग्राही सुषमा सनोडिया ने कहा कि लाड़ली बहना योजना से प्रदेश की बहनें आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। योजना की राशि हमारे ब्यूटी पार्लर के व्यवसाय में सहायक सिद्ध हुई है। बहन माधुरी डहेरिया ने बताया कि उनके पति को भी किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है।

*पहले चार इमली में झपटमारों ने आईपीएस से मोबाइल झपटा था*



चार इमली के इस आवास में चोरी

## अब इस कॉलोनी में डिप्टी कलेक्टर के घर लाखों के जेवरात की 'चोरी'

**चार इमली में ई-8/11 में रहने वाली डिप्टी कलेक्टर अलका सिंह के बंगले को बनाया निशाना**

**वे परिवार के साथ पति का इलाज कराने गई थीं कोच्चि, सूने बंगले में हो गई वारदात**



अलका सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित चार इमली में ई-8/11 में रहने वाली डिप्टी कलेक्टर अलका सिंह के बंगले से बदमाश लाखों रुपए के जेवर चुराकर ले गए। घटना के समय वह परिवार के साथ पति का इलाज कराने कोच्चि, केरल गई हुईं थीं। घटना 3 नवंबर से 6 नवंबर के बीच की बताई जा रही है। पुलिस ने उनकी शिकायत पर नकबजनी का प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल और आसपास सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। इससे पूर्व इलाके में आईपीएस के साथ लूट की वारदात हो चुकी है। उनसे झपटमारों ने मोबाइल झपट लिया था।

**हबीबगंज थाने की पुलिस की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल, इस इलाके में नाइट पेट्रोलियम तक नहीं**

**पुलिस अब सिर्फ सीसीटीवी फुटेज के सहारे ही जांच को आगे बढ़ाएगी**

### घर में सारा सामान बिखरा मिला

पुलिस के अनुसार डिप्टी कलेक्टर अलका सिंह चार इमली में ई-8/11 में परिवार के साथ रहती हैं। गत 3 नवंबर की सुबह 6 बजे वह परिवार के साथ पति का इलाज कराने कोच्ची केरल गईं थीं। वहां से 9 नवंबर को दोपहर करीब पौने 3 बजे अपने निवास चार इमली पहुंची। घर के मेन गेट का ताला खोलकर अंदर पहुंचीं थीं। घर के बगल का गेट देखा तो उसकी कुंडी टूटी हुई मिली। कमरों में जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ पड़ा मिला। उन्होंने घटना की शिकायत तत्काल डायल-112 पर दी।

### ▶▶ डिप्टी सीएम शुक्ल के पीए का मोबाइल झपटा

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित जय प्रकाश अस्पताल के पास मंगलवार रात करीब 9 बजे बाइक सवार बदमाशों ने डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल के निज सचिव सुधीर कुमार दुबे का मोबाइल झपट लिया। झपटमारी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखें।

महानगरी एक्सप्रेस में बम की अफवाह

## ट्रेन में देश-विरोधी नारों से हड़कंप इटारसी में ट्रेन की सघन जांच



महाराष्ट्र के रेलवे स्टेशनों पर हाई अलर्ट

एजेंसी ▶▶ नर्मदापुरम

मुंबई और चेन्नई के बीच चलने वाली महानगरी एक्सप्रेस में बुधवार सुबह एक धमकी भरा संदेश मिला, जिससे बम होने का संदेह पैदा हो गया। जब यह पता चला कि संदेश में 'पाकिस्तान जिंदाबाद' और 'आईएसआई' जैसे देश-विरोधी नारे लिखे हैं, तो सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत हाई अलर्ट घोषित कर दिया और तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

नीमच में आवारा कुत्तों का हमला

## मां के सामने ही 4 साल की बच्ची को 'नोच' डाला, हालत नाजुक



जिंदगी और मौत से जूझ रही मासूम बच्ची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नीमच

शहर में आवारा कुत्तों के झुंड ने घर के बाहर खेल रही 4 साल की मासूम बच्ची को शिकार बना लिया। कुत्ते उसे खींचकर घर से बाहर ले गए। बच्ची के चेहरे को बुरी तरह नोच डाला। कुत्तों ने बच्ची के चेहरे और दाईं आंख को बुरी तरह नोंच दिया, जिससे उसे 10 टांके आए और वह आईसीयू में भर्ती है। घटना बुधवार दोपहर शहर के कैंट थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 18 स्थित शालीमार कॉलोनी की है।

धर्मेंद्र अस्पताल से डिस्चार्ज

## घर पर बना आईसीयू वॉर्ड वहीं पर ही चलेगा 'इलाज'



हालचाल जानने अमिताभ बच्चन भी धर्मेंद्र के घर पहुंचे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र को ब्रीच कैंडी अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। बुधवार सुबह ही धर्मेंद्र हॉस्पिटल से अपने घर पहुंचे हैं। धर्मेंद्र का आगे का इलाज अब उनके घर पर ही होगा। अब घर पर ही धर्मेंद्र का इलाज के लिए 4 नर्स और डॉक्टर हर वक्त उनकी देखभाल के लिए मौजूद रहेंगे। धर्मेंद्र के हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होने के बाद देओल परिवार ने ऑफिशियल बयान जारी करके कहा है कि उन्हें इस समय प्राइवेसी दी जाए।

बागेश्वर बाबा धीरेंद्र शास्त्री का बयान

## सब एकजुट नहीं हुए, तो दिल्ली जैसे धमाके कोने-कोने में दिखेंगे

**सनातन एकता को रोकने कुछ साजिशें हो रहीं**

एजेंसी ▶▶ पलवल

दिल्ली में लाल किले के पास हुए धमाके पर बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि अगर सभी सनातनी एकजुट नहीं हुए थे जो बम धमाका अभी दिल्ली में हुआ है वह हर गली-मोहल्ले में होगा।

सभी हिंदुओं को एकजुट होना होगा अगर सभी सनातनी एकजुट हो गए तो वह कुछ भी कर सकते हैं।



धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

धीरेंद्र शास्त्री की सनातन हिंदू एकता पदयात्रा 2025 जारी है। जो फिलहाल पलवल में है। सनातन पदयात्रा और धीरेंद्र शास्त्री की सुरक्षा में इजाफा किया गया है। सुरक्षा एजेंसियां धमाके के बाद सतर्क हो गई है। बागेश्वर धाम सरकार ने कहा कि कुछ विरोधी ताकतें इस अभियान को रोकने के लिए तरह-तरह की साजिशें रच रही हैं, तरह-तरह की गड़बड़ियां पैदा कर रही हैं। हम आह्वान कर रहे हैं सामाजिक समरसता के लिए, भारतीय और सनातनी एकता के लिए, पूरे भारत में एक साथ आएं।

बुधवार की रात प्रदेश के दस शहरों में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा

## 23 शहरों में शीतलहर का अलर्ट, भोपाल, सीहोर राजगढ़, इंदौर और शाजापुर में दिन रहेंगे अब ठंडे

राजगढ़ सबसे ठंडा रहा, यहां न्यूनतम तापमान 7 डिग्री, जबकि इंदौर में 8.2 और भोपाल में 8.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछले छह दिन से भोपाल, सीहोर, राजगढ़, इंदौर और शाजापुर में सीवियर कोल्ड वेव से दिन और रात ठंडे बने हुए हैं। अगले तीन दिनों तक ऐसे ही हालात रहेंगे। गुरुवार को भी इन जगहों पर रातें ठंडी रहेंगी।

जबकि बालाघाट और अनूपपुर में दिन भी ठंडा रहा, जिससे लोगों को दिन में भी गर्म कपड़े पहनकर ही घर से बाहर निकलना पड़ा। मौसम विभाग ने प्रदेश के 23 शहरों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है।



राजधानी की लिंक रोड नंबर 2, रात 7 :15 बजे कोहरे का दृश्य

### बर्फीली हवाओं से बढ़ी प्रदेश में ठंड

मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि पहाड़ी राज्य जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी हो रही है। उत्तर से दक्षिण की ओर बहने वाली हवा का असर प्रदेश पर भी पड़ रहा है।

### 14 से 17 तक सर्द रहेंगी रातें, दिन में धूप

राजधानी के ईटखेड़ी स्थित घासीपुरा में 14 से 17 नवंबर तक आलमी तब्लीगी इज्तिमा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान मौसम साफ रहने की उम्मीद है, जबकि इन चार दिनों में रात में ठंड और दिन में धूप खिली रहेगी।

डॉ. मोहन यादव का
अभ्युदय मध्यप्रदेश

# निवेश सुरक्षित - उन्नति सुनिश्चित



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री




भारत सरकार
बिज़नेस एक्शन प्लान 2024
ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस
चार बिज़नेस सेंट्रिक रिफॉर्म क्षेत्र

## मध्यप्रदेश बना टॉप अचीवर स्टेट

### मध्यप्रदेश देश में सबसे आगे

1. **लैंड एडमिनिस्ट्रेशन**
भू-सम्पदा और जमीन से जुड़े सभी कार्यों का पूर्णतः डिजिटल एकीकरण कर भू-प्रबंधन
2. **बिज़नेस एंट्री**
नया व्यवसाय शुरु करना हुआ सरल
पूर्णतः डिजिटल, समय-सीमा में अनुमतियां
3. **लेबर रेग्यूलेशन एनेब्लर्स**
श्रम कानूनों का आधुनिकीकरण, बाधारहित और डिजिटल अनुपालन प्रणाली
4. **सर्विस सेक्टर**
डिजिटल पारदर्शिता और तय समय में सरकारी सेवा की गारंटी

### नवाचार

1. रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव
2. जन विश्वास अधिनियम
3. MP e-seva पोर्टल - 1700 से अधिक सेवाएं एक ही स्थान पर
4. Invest MP Portal - सभी अनुमतियां एक ही मंच पर
5. ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025

D-11138/25




## थार में दिखी भारत की त्रिशूल शक्ति, जैसलमेर जिले के सियालो का तला क्षेत्र में युद्धाभ्यास

# मरु ज्वाला अभ्यास में दिखा युद्ध कौशल का गजब अंदाज

इस दौरान फाइटर जेट जगुआर और सुखोई-30 ने भारत माला एक्सप्रेस वे-925ए की 3 किलोमीटर लंबी आपातकालीन एयर स्ट्रिप पर लैंडिंग और टेकऑफ कर अपनी सामरिक क्षमता का प्रदर्शन किया। इसके पहले सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट ने टच-एंड-गो अभ्यास किया

**एजेंसी ▶▶ बाड़मेर**

पश्चिमी राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों में मंगलवार का दिन युद्ध जैसी स्थितियों से भरा रहा। जैसलमेर, जालौर और बाड़मेर जिलों में थल सेना और वायुसेना के जांबाजों ने अपने संयुक्त सैन्य अभ्यासों के दौरान जबरदस्त युद्ध कौशल और समन्वय का प्रदर्शन किया। आसमान में धमाकों की गूंज और जमीन से उठते धुएं व रेत के गुब्बारों ने मानो वास्तविक युद्ध का अहसास करा दिया।

जैसलमेर जिले के सियालो का तला क्षेत्र में सेना के जवानों ने युद्ध जैसे दृश्य का निर्माण किया। इस दौरान अभ्यास में दिखाया गया कि दुश्मन सैनिकों ने भारत की अग्रिम चौकियों पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद भारतीय थल और वायु सेना ने जवाबी हमला कर उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। यह प्रदर्शन 'ऑपरेशन त्रिशूल' के समापन के तहत किया गया।



दक्षिणी कमान के कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ के साथ सैनिक


12500 फीट की ऊंचाई से पैराट्रूपिंग कर उतरे सैनिक, रोबोट डॉग भी हुए शामिल

### पैराट्रूपर्स ने दिखाया दम

मरु ज्वाला अभ्यास के दूसरे चरण में टैंकों से दागे गए गोलों ने दुश्मन के ठिकानों को पलक झपकते ही तबाह कर दिया। करीब 12,500 फीट की ऊंचाई से पैराट्रूपिंग कर उतरे सैनिकों ने गोलों और बमों की बरसात कर दुश्मनों को निष्क्रिय किया। सेना की सेवन पैरा टीम के जवानों ने यह साबित किया कि भारतीय सेना के लिए जल, थल और नभ तीनों ही मार्गों में कोई भी बाधा दुर्गम नहीं है। वायुसेना के सी-295 परिवहन विमान से पैराकमांडो ने ऊंचाई से पैराशूट के सहारे छलांग लगाकर वॉर जोन में उतरने का अद्भुत प्रदर्शन किया।


सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट भारत माला एक्सप्रेस वे पर उतरा

### वायुसेना ने किया 'महा गजराज' अभ्यास

इसी दिन सीमांत जालौर जिले के चितलवाना और बाड़मेर के बाखासर क्षेत्र में भारतीय वायुसेना ने 'महा गजराज' नाम से विशेष युद्धाभ्यास किया। इस दौरान फाइटर जेट जगुआर और सुखोई-30 ने भारत माला एक्सप्रेस वे-925ए की 3 किलोमीटर लंबी आपातकालीन एयर स्ट्रिप पर लैंडिंग और टेकऑफ कर अपनी सामरिक क्षमता का प्रदर्शन किया।

### देशभक्ति के जोश से गूंजे इलाके

विंग कमांडर देवेंद्र पांडे ने बताया कि यह अभ्यास साउथ-वेस्टर्न कमांड के तहत आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य आपातकालीन एयर लैंडिंग फील्ड की वैधता और उपयोगिता को परखना था। फाइटर विमानों की गर्जना से आसमान गूंज उठा और आसपास मौजूद लोगों के चेहरों पर देशभक्ति का उत्साह झलकने लगा।

## खबर संक्षेप

### मूर पुरस्कार की सूची में नेहा दीक्षित शामिल

**लंदन।** भारतीय लेखिका नेहा दीक्षित का नाम लंदन में '2025 मूर पुरस्कार' के लिए संक्षिप्त सूची में शामिल किया गया। इस पुरस्कार के तहत मानवाधिकार लेखन के लिए नेहा के नाम का चयन हुआ जबकि तीन अन्य अंतरराष्ट्रीय लेखकों के नाम भी इस सूची में शामिल हैं। दीक्षित की 'द मेनी लाइव्स ऑफ सैयदा एक्स' को भारत में महिलाओं के जीवन को परिभाषित करने वाले आपस में जुड़ी अन्यायपूर्ण परिस्थितियों के चित्रण के लिए चुना गया है। इस एक हजार पाउंड के पुरस्कार विजेता का नाम सात जनवरी 2026 को घोषित किया जाएगा।



### तुर्किये का सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त, 20 की मौत

**अंकारा।** तुर्किये के रक्षा मंत्री यासर गुलर ने बुधवार को घोषणा की कि जॉर्जिया में दुर्घटनाग्रस्त हुए एक सैन्य मालवाहक विमान में सवार सभी 20 कर्मियों की मौत हो गई। यह सी-130 विमान अजरबैजान से उड़ान भरने के बाद तुर्किये लौट रहा था जब मंगलवार को यह जॉर्जिया के सिघनागी नगरपालिका क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जो अजरबैजान की सीमा के पास है। विमान दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।



## आतंकी नेटवर्क पर सुरक्षा एजेंसियों की करारी चोट

# जमात-ए-इस्लामी के खिलाफ कार्रवाई, 300 से अधिक ठिकानों पर छापे, डॉ. हिरासत में

*सीएएसओ अभियानों के तहत जेकेएनओपी और अन्य प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े लगभग 500 व्यक्तियों से पूछताछ की गई है, जिनमें से कई को प्रतिबंधात्मक कानूनों के तहत जिला जेल मट्टन, अनंतनाग में स्थानांतरित कर दिया गया है*

**एजेंसी ▶▶ श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को आतंकी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी और घाटी में प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) से संबद्ध लोगों से जुड़े 300 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं पर ये छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि शोपियां, कुलगाम, पुलवामा, बारामूला और गांदरबल जिलों में कई स्थानों पर छापे मारे गए।

उन्होंने बताया कि जेईआई सदस्यों और उनके सहयोगियों के आवासों और परिसरों पर भी छापेमारी की गई। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में 200 से अधिक स्थानों पर छापे मारे गए।

उन्होंने बताया कि पिछले चार दिनों के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 'ओवरग्राउंड वर्कर्स' (ओजीडब्ल्यू), पाकिस्तान से जम्मू-कश्मीर में सक्रिय 'जम्मू-कश्मीर नेशनल्स ऑपरेटिंग' (जेकेएनओपी), सक्रिय/मारे गए आतंकवादियों के ठिकानों पर 400 से अधिक 'घेरेबंदी एवं तलाशी अभियान' (सीएएसओ) चलाए गए हैं। कश्मीर के संदर्भ में ओजीडब्ल्यू का मतलब उन व्यक्तियों से है जो आतंकवादियों को साजो-सामान उपलब्ध कराते हैं ।

**400 से अधिक ठिकानों पर घेरेबंदी एवं तलाशी अभियान चलाया जा रहा**

**शोपियां, कुलगाम, पुलवामा, बारामूला और गांदरबल जिलों में छापे मारे**


जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के ठिकानों पर तलाशी लेती शोपियां पुलिस

### बीरभूम में 20 हजार जिलेटिन छड़ें बरामद

पश्चिम बंगाल पुलिस ने बीरभूम जिले से 20 हजार जिलेटिन छड़ें बरामद की हैं। इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक मिलने के बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या इन दोनों घटनाओं में कोई कनेक्शन है और क्या आतंकी दिल्ली की तरह ही बंगाल को भी दहलाने की साजिश रच रहे थे? पुलिस ने बताया कि 50 बैग में भरकर 20 हजार जिलेटिन छड़ों को एक पिक अप वैन से जब्त किया गया। यह वैन पड़ोसी राज्य झारखंड के पाकुड़ से बंगाल जा रही थी। मंगलवार की रात बीरभूम में सुल्तानपुर नलहाटी रोड पर पुलिस ने जांच के दौरान इस पिकअप वैन को पकड़ा। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।


पिकअप वैन में रखीं जिलेटिन की छड़े

### 500 व्यक्तियों से की पूछताछ

अधिकारियों ने बताया कि इन अभियानों के तहत जेकेएनओपी और अन्य प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े लगभग 500 व्यक्तियों से पूछताछ की गई है, जिनमें से कई को प्रतिबंधात्मक कानूनों के तहत जिला जेल मट्टन, अनंतनाग में स्थानांतरित कर दिया गया है। छापेमारी के दौरान आपत्तिजनक सामग्री और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए, तथा कई जेईआई सदस्यों से पूछताछ की गई और आतंकवाद को सहायता देने वाले नेटवर्क का पता लगाने और उसे नष्ट करने के लिए उन्हें गिरफ्तार किया गया।

### सीआईडी की टीम कर रही जांच

वहीं, कुलगाम निवासी एक और डॉक्टर को सीआईडी श्रीनगर ने पिछली रात हिरासत में लिया। सूत्रों के अनुसार, डॉक्टर ने लगभग तीन साल पहले नौकरी छोड़ दी थी। हाल ही में उसने दो-तीन निजी गाड़ियां खरीदी हैं। सीआईडी की टीम ने जांच के लिए डॉक्टर हिरासत को में लिया है।

### डॉ. परवेज से ओएलएक्स पर हुई कार डील

लखनऊ के डॉ. परवेज के घर पर हुई एटीएस की छापेमारी में बरामद सफेद रंग की आल्टो कार सहारनपुर के एक युवक के नाम पर निकली है। दिल्ली ब्लास्ट मामले में गिरफ्तार डॉ. शाहीन के भाई डॉ. परवेज आलम का नाम भी चर्चा में है। एटीएस ने लखनऊ में उसके घर पर छापेमारी की, जहां बाहर खड़ी एक सफेद आल्टो कार (यूपी 11 बीडी 3563) भी जांच में शामिल है। इस कार पर इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, गुड़म्बा-लखनऊ का गेट पास लगा मिला, जिससे शक और गहरा गया। जांच में पता चला है कि लखनऊ के डॉक्टर परवेज की आल्टो कार, सहारनपुर के गांव चकदेवली निवासी शोएब के नाम पर रजिस्टर्ड थी।

## अल फलाह यूनिवर्सिटी की वीसी बोलीं

# बम धमाकों से जुड़े डॉक्टरों का विवि से कोई संबंध नहीं


अल फलाह यूनिवर्सिटी, धौज, फरीदाबाद

**एजेंसी ▶▶ फरीदाबाद**

यूपी एटीएस और दिल्ली स्पेशल सेल की टीम अल फलाह यूनिवर्सिटी परिसर में जांच कर रही है। वहीं, अल-फलाह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. डॉ. भूपिंदर कौर आनंद ने एक बयान जारी किया। जिसमें उन्होंने कहा है कि हम इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम से व्यथित हैं और इसकी निंदा करते हैं। हमें यह भी पता चला है कि हमारे दो डॉक्टरों को जांच एजेंसियों ने हिरासत में लिया है। विश्वविद्यालय का इन व्यक्तियों से कोई संबंध नहीं है, सिवाय इसके कि वे विश्वविद्यालय में अपनी आधिकारिक क्षमता में काम कर रहे हैं। हम ऐसे सभी झूठे और अपमानजनक आरोपों की कड़ी निंदा करते हैं और उनका स्पष्ट रूप से खंडन करते हैं।


कुलपति प्रो. डॉ. भूपिंदर कौर आनंद

### 1995 में हुई थी स्थापना

हरियाणा में फरीदाबाद जिले में स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय 'सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल' और दिल्ली के लाल किले के पास हुए उच्च तीव्रता वाले विस्फोट के सिलसिले में तीन चिकित्सकों की गिरफ्तारी के बाद जांच के घेरे में है। जवाद अहमद सिद्दीकी को अल-फलाह विश्वविद्यालय का चांसलर (कुलाधिपति) और अल-फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट का चेयरमैन व प्रबंध न्यासी (मैनेजिंग ट्रस्टी) बताया गया है। इस विश्वविद्यालय का प्रबंधन अल-फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया जाता है जिसकी स्थापना 1995 में हुई थी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) यांगचेन डोलकर भूटिया ने बताया कि हमें मीडिया की खबरों के माध्यम से सिद्दीकी के महू के कथित मूल निवास के बारे में जानकारी मिली है। इस सिलसिले में जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

### जांच में कर रहे सहयोग

डॉ. आनंद ने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रयोगशालाओं का उपयोग केवल और केवल एमबीबीएस छात्रों और अन्य अधिकृत पाठ्यक्रमों की शैक्षणिक और प्रशिक्षण आवश्यकताओं के लिए किया जाता है। विश्वविद्यालय संबंधित जांच अधिकारियों को अपना पूरा सहयोग दे रहा है राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मामले में तार्किक, निष्पक्ष और निर्णायक निर्णय पर पहुंच सकें। डॉ. आनंद ने कहा कि विश्वविद्यालय संबंधित जांच अधिकारियों को राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मामले में तार्किक, निष्पक्ष और निर्णायक निर्णय पर पहुंचने में सक्षम बनाने के लिए अपना पूरा सहयोग दे रहा है।

## जी7 की बैठक में हिस्सा लेने कनाडा पहुंचे एस. जयशंकर

# रणनीतिक साझेदारी और तकनीकी सहयोग बढ़ाने पर की कई विदेश मंत्रियों से बातचीत

**एजेंसी ▶▶ नियाग्रा**

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर जी7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए कनाडा पहुंच गए हैं। कनाडा के नियाग्रा में भारतीय विदेश मंत्री ने विभिन्न देशों के विदेश मंत्रियों से द्विपक्षीय मुलाकात की और विभिन्न देशों के साथ सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। जयशंकर ने कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के साथ भी द्विपक्षीय मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से मिलकर खुशी हुई। जी-7 विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी के लिए उन्हें बधाई दी। नए रोडमैप 2025 को लागू करने की प्रगति की सराहना की। हमारी द्विपक्षीय साझेदारी के और सुदृढ़ीकरण की आशा है।


कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से मुलाकात करते हुए डॉ. एस. जयशंकर

### मैक्सिको के साथ व्यापार बढ़ाएगा भारत

*जयशंकर ने मैक्सिको के विदेश मंत्री डॉ. जुआन रामोन डे ला फुएंते से व्यापार, वाणिज्य, स्वास्थ्य एवं फार्मास्यूटिकल्स, तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हमारे सहयोग को और आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई।*

### भारत-ईयू के संबंध मजबूत होंगे

*जयशंकर ने बताया कि जर्मनी के विदेश मंत्री के साथ रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने, भारत-यूरोपीय संघ के संबंधों को मजबूत करने और पश्चिम एशिया, अफगानिस्तान और हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र को लेकर चर्चा हुई। फ्रांस के विदेश मंत्री से भी रणनीतिक साझेदारी और द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। ब्राजील के विदेश मंत्री के साथ निवेश, स्वास्थ्य और तकनीकी सहयोग पर बात हुई।*

# यूनुस की भारत से दुश्मनी बेवकूफी और आत्मघाती

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने कहा है कि उनके बांग्लादेश लौटने की पहली शर्त सहभागी लोकतंत्र की बहाली है। पूर्व पीएम ने ये भी कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की भारत के प्रति दुश्मनी बेवकूफी और आत्मघाती है। उन्होंने कहा कि भारत-बांग्लादेश के संबंध बहुत गहरे हैं और ये यूनुस के बेवकूफी भरे अंतराल के बावजूद मजबूत रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से बांग्लादेश का सबसे अहम अंतरराष्ट्रीय साझेदार रहा है। मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार का भारत से संबंध बिगाड़ना मोहम्मद यूनुस की बेवकूफी है और यह कूटनीतिक तौर पर आत्मघाती कदम है। इससे पता चलता है कि वह कितने कमजोर, गैर निर्वाचित, अराजक राजा हैं, जो कट्टरपंथियों के समर्थन पर निर्भर हैं।शेख हसीना ने कहा कि बांग्लादेश की मौजूदा अंतरिम सरकार देशवासियों और खासकर बांग्लादेश की महिलाओं का प्रतिनिधित्व नहीं करती है। भारत हमेशा से हमारे देश का सबसे अहम दोस्त रहा है और आगे भी रहेगा। शेख हसीना ने भारत में शरण देने के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया और कहा कि वे भारत और इसके लोगों की मेहमाननवाजी की शुक्रगुजार हैं। उन्होंने कहा कि मेरे बांग्लादेश लौटने की सबसे जरूरी शर्त वही है, जो बांग्लादेश के लोग भी चाहते हैं।



## चिंतन

# महंगाई पर लगातार दूसरी बाद आई अच्छी खबर

राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय उथल-पुथल के बीच महंगाई के मोर्चे पर देश के लिए बड़ी अच्छी खबर है। लगातार दूसरी बार खुदरा महंगाई से राहत मिली है, जिससे आम आदमी का जीवन सरल होगा। अक्टूबर में रिटेल महंगाई 0.25 फीसदी के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई है। इसका कारण खाने-पीने की चीजों की कीमतों में कमी है। ये वर्तमान सीपीआई सीरीज में अब तक की सबसे कम महंगाई है। ये करीब 14 साल का निचला स्तर है। इससे पहले सितंबर में ये 1.44 प्रतिशत पर थी। भारत में सीपीआई की मौजूदा सीरीज 2012 के बेस ईयर पर बेस्ड है। मतलब, 2012 की कीमतों को 100 मानकर तुलना की जाती है। पहले 2010 या 1993-94 वाली सीरीज थीं, लेकिन समय के साथ अपडेट होती रहती है ताकि आंकड़े सही रहें। महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी। वहीं अगर डिमांड कम होगी और सप्लाई ज्यादा तो महंगाई कम होगी। इसका दूसरा कारण रिजर्व बैंक के प्रयास भी हैं। बैंक अपनी मौद्रिक नीतियों में बदलाव करके लगातार महंगाई पर काबू रखने के जतन कर रहा था, जिसका असर दिखने लगा है। यह पिछले आठ सालों में सबसे कम महंगाई दर है। साल 2017 में महंगाई का आंकड़ा 1.46 था। हमारी अर्थव्यवस्था पर इसका शानदार प्रभाव दिखाई देगा, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह कि क्या भविष्य में महंगाई दर ऐसी ही रह पाएगी। इसके लिए जरूरी है कि इस पर गहरी निगरानी रखनी होगी। इस साल मानसून के दौरान उतरी भारत में अच्छी बरसात, जलाश्यों में भरपूर पानी की उपलब्धता और ज्यादा बिजाई के कारण फसल बेहतर होने की उम्मीद है। इसका असर भी महंगाई पर दिख सकता है, लेकिन खाद्य तेल की महंगाई में अभी भी वो कमी नहीं आई है, जिसकी दरकार है। हां, सब्जी, फल जरूर सस्ते हुए हैं। महंगाई के बास्केट में लगभग 50 फीसदी योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महीने-दर-महीने की महंगाई माइनस 2.28 प्रतिशत से घटकर माइनस 5.02 हो गई है। सितंबर महीने में ग्रामीण महंगाई दर 1.07 से घटकर माइनस 0.25 फीसदी हो गई है। वहीं, शहरी महंगाई 1.83 से घटकर 0.88 प्रतिशत पर आ गई है। इसमें कोई दोराय नहीं कि देश के आम नागरिक के जीवन स्तर में सुधार के लिए महंगाई पर नियंत्रण बहुत जरूरी है। अगर वे ज्यादा खरीददारी कर पाएंगे, तभी इसका असर पूरी अर्थव्यवस्था पर दिखाई देगा। हां, मुद्रास्फीती की नरमी केवल आंकड़ों में नहीं, बाजारों में भी दिखाई देनी चाहिए। जीएसटी में सुधार के बाद आम जनमानस को महंगाई से राहत तो है, लेकिन अब भी कुछ चीजें ऐसी हैं। जो आम आदमी को महंगी लगती हैं। दूसरी बात ये भी कि अनेक ऐसी वस्तुएं भी हैं, जिन्हें जीएसटी सुधार के बाद कुछ समय के लिए सस्ता तो किया गया, लेकिन उनके दाम कुछ ही दिनों बाद फिर वहीं पहुंच गए। सरकार को इस पर कड़ी निगरानी रखने की जरूर है कि हर सुविधा का पूरा लाभ आम आदमी तक पहुंचे। तभी इसका फायदा आम आदमी और देश की अर्थव्यवस्था को मिल पाएगा।

# दोबारा उग आई आतंकी विषबेल



**दिल्ली बम विस्फोट**
विकेश कुमार बडोला

राजधानी दिल्ली स्थित लाल किला के समीप से जा रही एक कार में अति तीव्र ध्वनि के साथ एक विस्फोट हुआ और देखते-देखते 12 लोगों की भयंकर दु:खद मृत्यु हो गई। पूरे चौदह वर्ष बाद भारत के अंदर बम धमाका हुआ। यह वास्तव में तब अप्रत्याशित प्रतीत होता है, जब वर्तमान केंद्रीय शासन ने आतंकवाद के संबंध में शून्य सहनशीलता की नीति पर चलते हुए आतंक को नियंत्रित करने के लिए अनेक कार्य किए हैं। केंद्रीय शासन ने न केवल भारत, अपितु विदेशों में भी आतंकी तंत्र को ध्वस्त करने के लिए अनेक गुप्त एवं प्रकट अभियान चलाये हैं, जिनमें उसे अपेक्षित सफलता भी मिली है। इन परिस्थितियों में दुनिया से इस्लामी आतंक कभी समाप्त हो सकता है।

एक दशक से अधिक समय के बाद राजधानी दिल्ली बम विस्फोट से पुनः अस्थिर हो उठी है। 10 नवंबर को संध्याकाल 6.52 बजे दिल्ली स्थित लाल किला के समीप से जा रही एक कार में अति तीव्र ध्वनि के साथ एक विस्फोट हुआ और देखते-देखते 12 लोगों की भयंकर दुःखद मृत्यु हो गई। इस विस्फोटक घटना में करीब दो दर्जन लोग गंभीर रूप में घायल हैं। जिस स्थान पर विस्फोट हुआ, वहां संध्याकाल में प्रायः भीड़ होती है। विस्फोट के बाद पास खड़े 11 वाहनों में भयंकर आग लग गई।

घटनास्थल की त्वरित जांच करने के बाद दिल्ली पुलिस ने उस आई-20 कार के स्वामी को अभिरक्षा में ले लिया, जिसमें विस्फोट हुआ था। कार मालिक का नाम मोहम्मद सलमान है। उसने बताया कि उसने यह कार ओखला के देवेंद्र नामक व्यक्ति को बेची और बाद में यह कार अंबाला के किसी रहवासी को बेच दी गई। संध्या समय लाल किला में बम धमाका होने से पहले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र हरियाणा के फरीदाबाद सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से तीन मुस्लिम चिकित्सक और आठ अन्य लोगों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। इनसे 2900 किलो विस्फोटक सामग्री जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार इन लोगों को अभिरक्षा में लेने के बाद जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में फैले हुए जैश-ए-मोहम्मद व आईएस से जुड़े अंसार गजवातुल हिंद के आतंकवादी तंत्र और इसकी संभावित आतंकी गतिविधियों का खुलासा हुआ है। जिस कश्मीरी चिकित्सक को पकड़ गया है, उसका नाम मुजम्मिल गनी है। इसके साथ ही लखनऊ की चिकित्सक शाहीन को भी पकड़ा गया है। शाहीन की कार से एके-47 राइफल मिली है। गृहमंत्री अमित शाह ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद वक्तव्य दिया है कि घटना की हर कोण से सघन जांच की जाएगी। दिल्ली ही नहीं, जम्मू-कश्मीर एवं अन्य सीमांत क्षेत्रों को छोड़कर देश के अंदर किसी भी महानगर या नगर में गत 14 वर्षों से कोई बम धमाका नहीं हुआ था। दिल्ली में हुए पुराने बम धमाकों एवं आंतकी गतिविधियों के आंकड़ों पर दृष्टिपात करें तो 25 मई 1996 को लाजपत नगर सेंट्रल मार्किट में हुए धमाके में 16 लोग मारे गये थे। इसके बाद 10 अक्टूबर 1997 को शांतिवन कौरिया पुल किंग्जवे कैंप के धमाके में 1 व्यक्ति की मृत्यु हुई। 18 अक्टूबर 1997 को रानी बाग मार्किट में भी धमाके ने 1 वयक्ति की जान ली। लाल किला क्षेत्र में 30 नवंबर 1997 को हुए धमाके में 3 मौतें हुईं। फिर 30 दिसंबर 1997 को पंजाबी बाग बम विस्फोट में 4 मौतें हुईं, 13 दिसंबर 2001 को भारतीय संसद पर बड़ा आतंकी हमला हुआ था। इसमें नौ 9 सुरक्षा कर्मी मारे गये थे। सबसे बड़े बम विस्फोट 29 अक्टूबर 2005 को सरोजिनी नगर, पहाड़गंज व गोविंदपुरी कुल तीन स्थानों पर हुए, जिनमें 62 लोग मारे गये थे। 13 सितंबर 2008 को गफ्फार मार्किट, बाराखंभा, ग्रेटर कैलाश में हुए विस्फोटों में 25 मौतें हुईं और आखिरी बम धमाका 7 सितंबर 2011 को दिल्ली उच्च न्यायालय में हुआ था, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद कल 10 नवंबर को पूरे चौदह वर्ष बाद भारत के अंदर बम धमाका हुआ। यह वास्तव में तब अप्रत्याशित प्रतीत होता है, जब वर्तमान केंद्रीय शासन ने आतंकवाद के संबंध में शून्य सहनशीलता की नीति पर चलते हुए आतंक को नियंत्रित



करने के लिए अनेक कार्य किए हैं। केंद्रीय शासन ने न केवल भारत, अपितु विदेशों में भी आतंकी तंत्र को ध्वस्त करने के लिए अनेक गुप्त एवं प्रकट अभियान चलाये हैं, जिनमें उसे अपेक्षित सफलता भी मिली है। ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत आतंकवादियों के तंत्र को ध्वस्त करने का सर्वाधिक सफलतम एवं उल्लेखनीय अभियान चलाया गया, जिसके संरक्षण में उतरे पाकिस्तान को भी भारत का गंभीर सैन्य आघात झेलना पड़ा। हालांकि ऐसा नहीं था कि 7 सितंबर 2011 के बाद भारत की राजधानी दिल्ली सहित महानगरों एवं नगरों में आतंकियों ने अपनी हरकतों को अंजाम देने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। पाकिस्तान, बांग्लादेश सहित अनेक शत्रु देशों ने भारत के विरुद्ध अपने-अपने यहां पाले गए आतंकवादियों के माध्यम से अनेक आतंकी अभियान चलाये, किंतु भारतीय रक्षा-सुरक्षा एजेंसियों ने उन्हें घटित होने से पहले ही ध्वस्त कर दिया था। छह-सात माह पूर्व राम मंदिर परिसर तथा कुंभ मेले में भी विभिन्न आतंकी गिरोह हिंदू तीर्थयात्रियों की भीड़ में बड़ा बम विस्फोट करने का षड्यंत्र कर रहे थे, किंतु देश की सुरक्षा एजेंसियों ने उनके इरादों को अमल में आने से पहले ही रोक दिया था। वर्तमान केंद्र शासन के सत्तारूढ़ होने के बाद देश में अनेक आतंकवादियों एवं इनके देशी-विदेशी तंत्रों का खुलासा हुआ है तथा अपेक्षित ढंग से इनका सफाया भी किया गया है। किंतु दिल्ली में बम विस्फोट होने और कई राज्यों में भारत के विरुद्ध आतंकी षड्यंत्रों में संलिप्त आतंकवादियों के पकड़े जाने के उपरांत यही सिद्ध होता है कि आतंकवाद की मूल जड़ तक पहुंचकर उसे काटने की दिशा में न तो वर्तमान भारतीय केंद्र शासन और ना ही दुनिया के देशों के शासन कुछ विशेष प्रयास कर रहे हैं। घुसपैठ पर केंद्र से लेकर राज्य शासन तक केवल कोरे वक्तव्य दिये जा रहे हैं किंतु ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी मुसलिम घुसपैठियों एवं इनके राजनीतिक संरक्षकों की धरपकड़ नहीं हुई और न हो रही है। आतंक के मूल में इस्लामी मजहब के वे सिद्धांत हैं, जो मदरसों में बैठे मुस्लिम बच्चों से लेकर पढ़े-लिखे मुस्लिम आतंकवादियों के मन-मस्तिष्क में यही धारणा बनाये बैठे हैं कि दुनिया में केवल और केवल इस्लाम की स्थापना होनी चाहिए और मुसलमानों के अतिरिक्त किसी अन्य धर्म का कोई अनुयायी जीवित न रहे। जब तक भारत के कर्ताधर्ता इस मुस्लिम सिद्धांत एवं धारणा को केंद्र में रखकर भारत व भारतीयता के हित में तात्कालिक रूप में अप्रिय लगने वाले कुछ कठोर कार्यकारी निर्णय नहीं लेंगे, तब तक एक-दो दशकों तक आतंक पर व्यावहारिक नियंत्रण तो लगाया जा सकता है, किंतु जैसे ही सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता में कमी होगी तो फिर दिल्ली जैसे धमाकों की पुनरावृत्ति भी अवश्य होती रहेगी। ऐसा तब तक होता रहेगा जब तक इस्लामी मजहब के एक-एक प्रतीक को ध्वस्ताधूत नहीं कर दिया जाता। इस हेतु संविधान की प्रस्तावना बहुसंख्यक हिंदुओं तथा उनकी धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप परिवर्तित करनी ही होगी। ऐसा करे बिना देशी-विदेशी कोई भी शासन, कितना ही श्रेष्ठ शासन हो, वह कभी भी मुस्लिम आतंकवाद एवं इसके कारण उत्पन्न होने वाली आतंकी गतिविधियों पर कभी भी नियंत्रण नहीं लगा सकता। जब भारत की दिल्ली आतंकी बम धमाका से गूंज रही है, दुःखद है कि उसी समयावधि में वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय ओवल व्हाइट हाउस में आईएस के खुद अमेरिका द्वारा घोषित ईनामी आतंकी और अब सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल शरा का स्वयं ट्रंप गर्मजोशी से स्वागत कर रहे हैं। क्या इन परिस्थितियों में दुनिया से इस्लामी आतंक कभी समाप्त हो सकता है? यह प्रश्न भारत के शासकों को बारंबार स्वयं से पूछना चाहिए।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार एवं प्रकृति चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सियासत

राजेंद्र बज



# राजनीति में अनावश्यक टकराव को टालना चाहिए

लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के चलते यह बहुत स्वाभाविक है कि नेतृत्व की कार्यशैली पर टीका टिप्पणी की जाए। लेकिन विषय विशेष को लेकर नेतृत्व के प्रति व्यक्त की गई सहमति को अंधभक्ति करार देना कतई उचित नहीं कहा जा सकता। एक अरसे से मीडिया के अलग-अलग अंगों में नेतृत्व के प्रति विश्वास को अंधभक्ति के रूप में परिभाषित किया जा रहा है। अपितु समर्थन या विरोध को अलग-अलग शब्दावली में निरूपित किया जा रहा है। ऐसे में मीडिया का वह वर्ग जो तटस्थ है, उसे भी उसकी किसी भूमिका को लेकर उक्त श्रेणी में शुमार किया जाने लगा है। यह सिलसिला निरंतर जारी है। दरअसल वर्तमान परिस्थितियों में सत्तापक्ष और प्रतिपक्ष व्यक्ति विशेष के पक्ष या विपक्ष में विभाजित होते देखे जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में वस्तुस्थिति ज्ञात करना जटिल होता जा रहा है। राजनीतिक परिदृश्य में खंड-खंड प्रतिपक्ष के चलते नेतृत्व विरोधी मानसिकता असंगठित और बिखरे हुए प्रतिपक्ष के रूप में कार्य कर रही है। ऐसी स्थिति में आम नागरिकों के लिए विषय विशेष पर अपनी अटल धारणा बना लेना जटिल हो रहा है। इन दिनों राजनीतिक बयानबाजी निष्पक्ष अथवा तटस्थ होने के स्थान पर पूर्वाग्रहयुक्त दिखाई देती है। यही नहीं, आम नागरिकों के भी अपने अपने पूर्वाग्रह हैं। इसी आधार पर नेतृत्व को कसौटी पर कसा जा रहा है। वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में विचारधारा का ध्रुवीकरण स्पष्ट तौर पर नजर आता है। एक वर्ग नेतृत्व के समर्थन में नजर आता है तो दूसरा वर्ग नेतृत्व के विरोध में गतिशील दिखाई देता है। दलीय राजनीति का व्यक्ति केंद्रित हो जाना चिंता का विषय हो सकता है, किंतु नेतृत्व की नेक नियत के चलते यह स्थिति सुखकारी सिद्ध हो रही है। इन परिस्थितियों के चलते आम नागरिक भी विषय विशेष पर अपना स्पष्ट अभिमत नहीं बना पाता। विशेष रूप से इस दशक में देखते-देखते दलीय राजनीति अपना स्वरूप बदलकर व्यक्तिवादी राजनीति में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी है। निश्चित रूप से लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में व्यक्ति विशेष का दल विशेष से ऊपर हो जाना, अतिरिक्त रूप से गंभीर चिंता का विषय हो सकता है। इतना जरूर है कि वर्तमान नेतृत्व में राष्ट्रवादी विचारधारा को पर्याप्त सम्मान मिला है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात राष्ट्र की एकता और अखंडता को लेकर जो परिस्थितियां प्रश्नचिन्ह लगाती थी, उसका सफल उपचार भी किया गया है। कुल मिलाकर नेतृत्व की कार्यक्षमता और नेक नियति पर कोई गंभीर सवाल भी नहीं उठाया गया है। जाहिर है कि जिनके स्वार्थ आहत हुए, वे शोर मचाए जा रहे हैं। राजनीति में शुचिता और पवित्रता का वातावरण नए सिरे से स्थापित करने में नेतृत्व की सफलता निर्विवाद है। इन दिनों राजनीतिक पूर्वाग्रहों की प्रबलता कुछ इस कदर है कि नीति और सिद्धांतों को ताक पर रखकर बेमेल राजनीतिक समझौते किए जा रहे हैं। वर्तमान दौर में प्रतिपक्ष की एकमात्र चिंता का कारण वह नेतृत्व है, जिसे जनमत के बहुमत का समर्थन स्पष्ट तौर पर प्राप्त है। माना कि राजनीतिक दलों की राजनीति का एकमात्र उद्देश्य सत्ता प्राप्ति हो सकता है। लेकिन यह लक्ष्य व्यापक जनहित के प्रति समर्पित भूमिका का निर्वहन करने के लिए होता है। ऐसी स्थिति में जनादेश के संकेतों को न समझ पाना, प्रतिपक्ष द्वारा हकीकत को नजरअंदाज करने के समकक्ष होगा। जितना विरोध नेतृत्व का किया गया, उतनी ही तेजी से वह नेतृत्व और अधिक सशक्त जनाधार पाता गया। आज मीडिया के एक वर्ग विशेष में नेतृत्व के प्रति सहमति को अंधभक्ति के रूप में निरूपित किया जा रहा है। आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला निरंतर जारी है। समर्थन के लिए समर्थन किया जा रहा है और विरोध के लिए विरोध किया जा रहा है। ऐसे दौर में राजनीतिक विचारधारा दो भागों में विभक्त दिखाई देती है। यह अजीब बात है कि यह विचारधारा दल विशेष से कहीं ज्यादा व्यक्ति विशेष के प्रति समर्थन या विरोध में मुखरित हो रही है। आखिर यह सिलसिला किस मुकाम पर जाकर थमेगा ? कथित तौर पर लोकतंत्र में विभिन्न राजनीतिक दल अपनी अपनी नीति और सिद्धांतों के आधार पर सक्रिय होते हैं। राजनीति का उद्देश्य व्यापक जनहित के प्रति समर्पित भूमिका का निर्वहन करना होता है। सत्ता सैद्धांतिक रूप से जनहित का साधन होती है। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में सत्ता को साध्य मान लिया गया है। सत्ता के लिए नीति और सिद्धांतों को दरकिनार कर देना, राजनीतिज्ञों का मुख्य शगल बन गया है। राजनीतिक दलों के बेमेल गठबंधन को सामूहिक भय का ही प्रत्यक्ष परिणाम माना जा सकता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं



संकलित
**दर्शन**

वर्ष 1920 में योगानंद जी जब अमेरिका गए थे, तो उस समय अमेरिका पूरे उत्साह में था। उस समय वह पूंजीवाद के अपने दर्शन को लेकर तेजी से प्रगति कर रहा था। योगानंद जी अनेक सफल व्यवसायियों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों इत्यादि से मिले और उन सबने यह स्वीकार किया कि योगानंद जी उनके मध्य उस वस्तु को लेकर आए थे, जिसकी उनके जीवन में कमी थी। मैं आपको एक छोटा-सा मनोरंजक वृत्तांत सुनाता हूं : जब वे न्यू यार्क नगर में व्याख्यान दे रहे थे तो एक व्यक्ति ने उनसे भेंट करने की अनुमति मांगी। वह व्यक्ति उनके होटल के कमरे में आया और इससे पूर्व कि योगानंद जी कुछ कहते, उसने एक चुनौतीपूर्ण ढंग से कहा, 'मैं अत्यधिक धनवान हूं, मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं,' जिसका अर्थ यह था कि 'आप यहां किसलिए आए हैं?' योगानंद जी ने उसे तुरंत उत्तर दिया, 'हां, किंतु क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं?' बाद में उस व्यक्ति ने कहा, 'मैं निरुत्तर हो गया था!' उस व्यक्ति ने अपना शेष जीवन एक क्रियायोगी के रूप में व्यतीत किया। बाह्य रूप से वह करोड़पति उद्योगपति था, परंतु अंदर से वह एक प्रबुद्ध योगी था। यह कह पाना और एक अद्भुत अनुभूति है कि ईश्वर की इच्छाशक्ति से सशक्त हुई मेरी इच्छाशक्ति मेरे लक्ष्य को पूरा करेगी। यदि आप आलसवश सब कुछ दिव्य शक्ति पर छोड़ देते हैं और ईश्वर द्वारा आपको दी गई अपनी इच्छाशक्ति की अवहेलना करते हैं तो परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

## दो अनमोल हीरे



संकलित
**प्रेरणा**

एक व्यापारी को बाज़ार में घूमते हुए एक बहुत अच्छी नस्ल का ऊँट दिखाई पड़ा। व्यापारीव्यापारी ऊंट खरीद कर घर ले आया। घर पहुंचने पर व्यापारी ने अपने नौकर को ऊँट का कजावा (काठी) निकालने के लिए बुलाया। कजावे के नीचे नौकर को एक छोटी सी मखमल की थैली मिली जिसे खोलने पर उसे कीमती हीरे जवाहरात भरे होने का पता चला। नौकर चिल्लाया, मालिक आपने ऊंट खरीदा, लेकिन देखो, इसके साथ क्या मुफ्त में आया है। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट खरीदा है, न कि हीरे, मुझे उसे तुरंत वापस करना चाहिए। नौकर बोला- मालिक किसी को पता नहीं चलेगा। पर, व्यापारी ने एक न सुनी और वह तुरंत बाज़ार पहुंचा और दुकानदार को मख़मली थैली वापिस दे दी। ऊँट बेचने वाला बहुत खुश था। अब आप इनाम के तौर पर कोई भी एक हीरा चुन लीजिए। व्यापारी बोला- मैंने ऊँट के लिए सही कीमत चुकाई है इसलिए मुझे किसी शुक्राने और उपहार की जरूरत नहीं है। अंत में व्यापारी ने मुस्कुराते हुए कहा- जब मैंने थैली वापस लाने का सोचा तो मैंने पहले से ही दो सबसे कीमती हीरे इसमें से अपने पास रख लिए थे। इस कबूलनामें के बाद ऊँट बेचने वाला भड़क गया उसने अपने हीरे जवाहरात गिनने के लिए थैली को तुरंत खाली कर लिया। पर वह था बड़ी पशोपेश में बोला- मेरे सारे हीरे तो यहीं है, तो सबसे कीमती दो कौन से थे जो आपने रख़ लिए? व्यापारी बोला- मेरी ईमानदारी और मेरा आत्म सम्मान। जिस-जिस के पास यह 2 हीरे है वह दुनियां के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### सोने की बढ़ती कीमतों पर लगे लगाम

भारतवर्ष कभी सोने की चिड़िया थी और भारत था भी सर्वाधिक सम्पन्न देश। टनों के हिसाब से सोना मंदिरों और पूजा-स्थलों में भरा था। आतताइयों ने मंदिरों को तहस नहस कर अपने देशों को समृद्ध बनाया। ऐसा वे बार बार करते रहे और भारत के सोने के भंडार खाली नहीं होते थे। आजकल सोना इतना महंगा हो गया कि गरीब बेटी के हाथ पीले करने के बारे में सोच नहीं सकता, और गरीब की पहुंच से परे पीली धातु का होना एक अभिशाप बन गया। कारण चाहे कुछ भी हो, सोने के दाम एक लाख रुपए ऊपर चले जाना बड़ी एवं दु:खद बात है। एक बात स्पष्ट है कि एक विशाल सम्पन्न देश इसकी बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने में विफल है या नियंत्रण लगाना ही नहीं चाहता। इस पर नियंत्रण होना चाहिए। *- सुरेश साहू, बलौदाबाजार*

## ट्रेंड

### विशेष बुद्ध अवशेष



मेरी भूटान यात्रा ऐसे समय में हुई है जब इस देश के लोग ऐतिहासिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं। यह चतुर्थ ड्रुक ग्यालपो की 70वीं जयंती है, वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव चल रहा है और भारत से विशेष बुद्ध अवशेष यहां लाए गए हैं।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### बाल निमोनिया के लिए पहल




बाल निमोनिया को कम करने के लिए, सांस (सामाजिक जागरूकता और निमोनिया को सफलतापूर्वक निष्क्रिय करने की कार्रवाई) शुरू की है ताकि स्वास्थ्य प्रणालियों, सामुदायिक जागरूकता से बाल निमोनिया को कम किया जा सके।
**-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### कुछ रोगों का इलाज नहीं



गिरगिट चाहे कितना भी रंग बदल ले, वह गिरगिट ही रहेगा। जिसे 'वंदे मातरम' से समस्या है, वह देश के लिए भी समस्या है। दिल्ली बम विस्फोट ने यह पुनः प्रमाणित कर दिया है कि शिक्षा से कुछ बीमारियों का इलाज नहीं हो सकता।
**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**


### कमिटमेंट पूरा किया



हमने जो कमिटमेंट किया था, उसे पूरा किया.. बहनों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए हम 'लाड़ली बहना योजना' की राशि निरंतर बढ़ाएंगे। इस अवसर पर 560.75 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण भी किया।
**- डा. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश**

## करंट अफेयर


# रियाद में भारतीय संस्कृति और सऊदी दोस्ती का जश्न



भारतीय प्रवासियों को घर जैसा महसूस करने तथा सऊदी अरब के मूल निवासियों को भारत की जीवंत संस्कृति एवं विरासत का अनुभव करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करने के लिए हाल ही में सऊदी अरब की राजधानी रियाद में संपन्न हुआ 'इंडिया वीक' कार्यक्रम एक शानदार पहल रहा। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और पारंपरिक शिल्प से लेकर विविध क्षेत्रीय व्यंजनों तक, यहां अल-सुवेदी पार्क दो से 10 नवंबर तक एक जीवंत 'मिनी इंडिया' में तब्दील हो गया। 'वैश्विक सद्भाव' पहल के दूसरे संस्करण के तहत इसका आयोजन सऊदी अरब के मीडिया मंत्रालय और सामान्य मनोरंजन परिषद (जीईए) द्वारा किया गया। पार्क में यह कोई सामान्य दिन नहीं था क्योंकि कार्यक्रम में गायिका कनिका कपूर और रैपर एमसी स्टेन के प्रदर्शन के साथ-साथ पारंपरिक भारतीय लोक नृत्यों की रंगारंग परेड ने जान डाल दी, जिसमें भारी भीड़ और उत्साही भागीदारी देखने को मिली। भांगड़ा की ऊर्जावान धुनों पर थिरकते कलाकारों, रंगारंग राजस्थानी लोक नृत्य और गुजराती गरबा की धूम ने भारतीय प्रवासियों को घर जैसा अहसास कराया जबकि सउदी के लोगों के लिए भी यह एक शानदार अनुभव रहा।

## ऑफ बीट

# मगरमच्छ के 5.5 साल पुराने अंडे के खोल मिले



दक्षिण-पूर्व क्वींसलैंड में ब्रिस्बेन से लगभग 250 किलोमीटर दूर मुरगॉन नामक छोटा शहर स्थित है। देश की यह बस्ती लगभग 2,000 लोगों की आबादी का घर है और दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण जीवाश्म स्थलों में से एक मानी जाती है। पिछले कुछ दशकों में जीवाश्म वैज्ञानिकों ने मिट्टी के भीतर 5.5 करोड़ साल पुराने कई महत्वपूर्ण अवशेष खोजे हैं। इनमें दुनिया के सबसे पुराने, गाने वाले पक्षियों के जीवाश्म, ऑस्ट्रेलिया में पाए गए केवल ज्ञात सैलामेंडर के जीवाश्म और ऑस्ट्रेलिया के सबसे पुराने मार्सुपियल जीवाश्म शामिल हैं। हाल ही में 'जर्नल ऑफ वर्टिब्रेट पैलेन्टोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने ऑस्ट्रेलिया में अब तक के सबसे पुराने मगरमच्छ के अंडे के खोल खोजने की जानकारी दी है। अंडे के ये खोल अब एक नए प्रकार के अंडे की पहचान के लिए आधार बन गए हैं, जिसे 'वक्काऊलिथस गॉडथेल्पी' नाम दिया गया है। ये अब विलुप्त हो चुके मेकोसुकाइन मगरमच्छ समूह के सबसे पुराने ज्ञात सदस्य से संबंधित हैं। यह खोज उनके विकास और उन जंगल-पथ वाले दलदली क्षेत्रों की जानकारी देती है जिनमें वे रहते थे।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## शहर के फुटपाथ पैदल चलने वालों के लिए और सड़क वाहनों के आने जाने के उपयोग के लिए है : निगमायुक्त

### कार्रवाई के दौरान सड़क पर लगे ठेले, टपरे एवं अन्य सामग्रियों की भी जप्ती की गयी

# नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान

# 50 से अधिक अतिक्रमण हटाए

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा संचालित अतिक्रमण हटाओ अभियान को नागरिकों के द्वारा सराहना की जा रही है तथा यह कार्रवाई को लगातार जारी करने की भी माँग की जा रही है। नगर निगम, जिला एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने की दिशा में कार्रवाई कर रहा है। यह कार्रवाई निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में तैयार कार्य योजना के अनुरूप हो रही है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार की कार्य योजना यह है कि सड़क वाहनों को चलने के लिए होता है और फुटपाथ पैदल चलने वालों के लिए रहता है। इसलिए फुटपाथों और सड़कों पर दुकान लगाना एवं अतिक्रमण करना व्यवस्था को प्रभावित करना रहता है। नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था को बनाने की दिशा में नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज घंटाघर से करमचंद चौक से मालवीय चौक से होते हुए तीन पत्ती नगर निगम मेन गेट तक यातायात में बाधित रोड एवं फुटपाथ पर लगे हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई। इसी तरह गोरा बाजार से एकता मार्केट तक रेत नाका गौरीघाट पर ठेले टपरे जप्त करने की कार्रवाई की गयी, इसके साथ-साथ फटाका मार्केट कठौंदा में अस्थाई अवैध टीन शेड अलग किया गया। उक्त कार्रवाही में दल प्रभारी जोसफ प्रवीण, दुर्गा राव, लक्ष्मण कोरी, अंकित पारस, वीरेन्द्र मिश्रा, कुलदीप त्रिपाठी, अभिषेक समुद्रे, ब्रज किशोर तिवारी, नदीम अहमद खान और सहायक दल प्रभारी आरिफ अहमद खान, शुभम खरे मौके पर मौजूद रहे।






## 20 साल बाद विद्युत कर्मियों को मिलेंगे फ्रिंज बेनीफिट

### ऊर्जा विभाग ने जारी किए आदेश, फेडरेशन ने जताया आभार

**जबलपुर।** मप्र राज्य के स्थापना दिवस पर ऊर्जा मंत्री प्रघुम्न सिंह तोमर द्वारा सभी बिजली कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए लम्बे समय से लंबित अनुषंगी लाभ (फ्रिंज बेनीफिट) लागू करने की घोषणा की थी। ऊर्जा विभाग मध्यप्रदेश शासन के द्वारा इसका आदेश जारी कर दिया गया है। मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, ऊर्जा मंत्री प्रघुम्न सिंह तोमर और अतरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई, ऊर्जा विभाग,सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध निर्देशक और एम पी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक,मानव संसाधन एवं प्रशासन का फेडरेशन की ओर से आभार व्यक्त किया।फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कहा कि बर्ष 2006 में मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन की पहल पर सभी कमचारियों के लिए फ्रिंज बेनीफिट पुनरीक्षित किए गए थे। आज 20 वर्षों के बाद ज्यादा समय से लंबित सभी (भत्तों )फ्रिंज बेनीफिट को ऊर्जा विभाग द्वारा पुनरीक्षित करने का आदेश जारी किए गए है। ऊर्जा विभाग द्वारा जारी यह आदेश ऊर्जा विभाग के अंतर्गत कार्यरत सभी बिजली कंपनियों में अर्थात एम पी पावर मैनेजमेंट कंपनी, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी, पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, जबलपुर, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल, और पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर में 01 नवम्बर से लागू हो गया है।

### पत्थर, गमले से हमला कर भाई बहन का सिर फोड़ा

**जबलपुर।** तिलवारा थानांतर्गत बड़ा पत्थर शास्त्रीनगर में कल देर रात मंदिर पर चढने की बात को लेकर दो पक्षों में टकराव हो गया। इस दौरान गमले व पत्थर के हमले में भाई, बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। तिलवारा पुलिस ने बताया कि बड़ा पत्थर शास्त्रीनगर तिलवारा निवासी दीपक ठाकुर ड्राइवरी करता है।

### नगर निगम की कार्रवाई

## लंबे समय से गायब 9 कर्मचारियों को निगमायुक्त ने किया निलंबित

**जबलपुर।**

नगर निगम में लंबे समय से अनुपस्थित 9 कर्मचारियों को निगमायुक्त ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार ऑनलाइन उपस्थिति की समीक्षा के दौरान यह कार्रवाई की गई। 32 कर्मचारियों की उपस्थिति जांची गई थी, जिनमें से 23 ने निगमायुक्त के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि 9 कर्मचारी अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित कर्मचारियों में एन. रोसईया गौरविया, बबलू मंगल, रसोल मस्तान, सुरेश सक्तेल, नारायण प्रसाद सेन, संजू कुलस्ते, मिथलेश गौतम, मुकेश दुबे और दिवाकर भदकारिया शामिल हैं। निगमायुक्त ने इन 9 कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी है। जांच में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उनकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी। साथ ही निगमायुक्त ने अन्य कर्मचारियों को नियमित रूप से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने और कर्तव्य पालन सुनिश्चित करने की कड़ी चेतावनी दी है। शिनाख्ती के दौरान सहायक आयुक्त स्थापना श्रीमती शिवांगी महाजन और स्थापना अधीक्षक संजय पटैल मौजूद रहे।

### कमिश्नर ने तैयारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा

## राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस 15 को

**जबलपुर।**

**15 नवंबर को जबलपुर के गैरिसन ग्राउंड में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस की तैयारियों का शुक्रवार को विस्तृत समीक्षा की गई। यह कार्यक्रम भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष में आयोजित किया जा रहा है।**

कमिश्नर धनंजय सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी कलेक्टरों और जिला अधिकारियों के साथ बैठक की। समीक्षा में कार्यक्रम स्थल, परिवहन, पार्किंग और बैठने की व्यवस्था का जायजा लिया गया।कलेक्टर जबलपुर ने बताया कि कलर कोडिंग आधारित पार्किंग और सेक्टरवार व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। वाहनों के लिए रूट चार्ट, नोडल अधिकारी और बसों में प्राथमिक चिकित्सा किट एवं पेयजल की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की योजनाओं और नवाचारों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसके साथ ही सिकल सेल और एनीमिया पर केंद्रित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

राष्ट्रीय और राज्य स्तर के जनजातीय नायक, धार्मिक मुखिया, ख्याति प्राप्त कलाकार और मेधावी छात्र सम्मानित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री द्वारा जिला नर्मदा, गुजरात से टू-वे कनेक्टिविटी के माध्यम से सहभागिता भी सुनिश्चित की गई है। कार्यक्रम में महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं का भूमि पूजन और लोकार्पण भी किया जाएगा।




## जिला शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण

**जबलपुर।** शिक्षा मे गुणवत्ता लाने ले लिए जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के द्वारा स्कूलों के लगातार निरीक्षण किए जा रहे है। इसी क्रम मे जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के द्वारा शहर के दो स्कूलों का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति अत्यंत कम पायी गयी तथा बच्चों की पढ़ाई भी संतोषजनक नहीं पायी गयी। डी ई ओ श्री सोनी के द्वारा शासकीय हाई स्कूल बेलबाग का निरीक्षण किया गया, विद्यालय मे बच्चों की उपस्थित कम पायी गयी , कक्षाएं अव्यवस्थित पायी गयी। विद्यालय मे तिमाही परीक्षा की कपिया भी सही प्रकार से चेक नहीं पायी गयी थी एवं प्राचार्य के द्वारा भी कॉपीया रेण्डमली नहीं देखी गयी थी। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने प्राचार्य श्रीमती ज्योति राव को इस सम्बन्ध मे तत्काल कारण बताओ पत्र जारी कर जवाब माँगा है।

इसी प्रकार शासकीय उमावि घमापुर के निरीक्षण मे बच्चों की उपस्थिति कम पायी गयी ,यहाँ भी कक्षाये अव्यवस्थित मिली, बच्चों की पढ़ाई भी संतोषप्रद नहीं थी। इस सम्बन्ध मे जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी के द्वारा प्राचार्य श्रीमती रागिनी नरवरिया को कमिया दूर करने एवं बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने निर्देशित किया गया।

## एथलेटिक पीटी एवं एरोबिक प्रतियोगिताएं

### हितकारिणी सभा का दो दिवसीय आयोजन

**जबलपुर।** पंडित रवि शंकर शुक्ला स्टेडियम राइट टाउन में, हितकारिणी सभा विद्या परिषद द्वारा आयोजित दो दिवसीय एथलेटिक , पीटी एवं एरोबिक्स की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हितकारिणी सभा की सभापति सुनयना पटेरिया एवं विशिष्ट अतिथि हितकारिणी सभा के अध्यक्ष नित्य निरंजन खमरिया रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता उपसभापति अशोक गुप्ता द्वारा की गई। विद्या परिषद द्वारा आयोजित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं को विद्या परिषद के मंत्री जयेश सिंह राठौर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न साहित्यिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताएं जिसमें बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कबड्डी ,खो-खो तथा गोला फेक, तवा फेक एवं भाला फेंक प्रतियोगिताओं के साथ-साथ, एकल नृत्य एवं सामूहिक नृत्य प्रतियोगिताएं तथा विभिन्न दौड़े एवं पीटी तथा एरोबिक की प्रतियोगिताएं छात्र-छात्राओं के चहुमुखी विकास के लिए आयोजित की गई। हितकारिणी सभा के सिद्धांत _कक्षा ,मंच एवं मैदान को आदर्श मानकर छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिवर्ष इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इन प्रतियोगिताओं में हितकारिणी सभा के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। 100 मी, 200 मी, 400 मी, 600 मी तथा 800 मी की दौड़ो का तथा रिले रेस का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार एवं ट्राफियां जीती।

## टिकट जांच से रेलवे ने कमाए 9 करोड़

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल ने तीनों मण्डलों में यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर चलाए गए टिकट जांच अभियानों में चालू वित्तीय वर्ष के माह अक्टूबर 2025 में कुल 1 लाख 44 हजार मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना मिलाकर कुल 09 करोड़ 47 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया है। जो पिछले वर्ष माह अक्टूबर 2024 में वसूले गये जुर्माने की तुलना में 52.90 प्रतिशत अधिक है। मुख्यालय सीसीएम स्क्वाड द्वारा मुख्यालय के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट अनबुक्ड लगेज अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 03 हजार प्रकरण से रेलवे ने 18 लाख 60 हजार रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना से 90 प्रतिशत अधिक है। जबलपुर मण्डल में के टिकट निरीक्षकों ने 57 हजार प्रकरण से रेलवे ने 3 करोड़ 86 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना से 79 प्रतिशत अधिक है।

## हाई कोर्ट की समझाइश के बाद पिता के साथ रहने तैयार हुई युवती

### अलग रहकर कर रही थी सिविल सर्विस की तैयारी व नौकरी



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट की समझाइश के बाद सिविल सर्विस की तैयारी कर रही युवती अपने पिता के साथ रहने के लिए तैयार हो गई। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका का निराकरण करते हुए युवती को पिता के संरक्षण में भेजने के आदेश कर दिया। भोपाल के बजरिया थाना क्षेत्र निवासी एक पिता की तरफ से हाई कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गई थी। जिसमें कहा गया था कि उन्होंने बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन महीनों गुजर जाने के बावजूद पुलिस उसे तलाश नहीं कर पाई है। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए पुलिस को युवती की तलाश करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश करने के निर्देश दिए थे। पुलिस ने इंदौर से उसे 10 महीने बाद बरामद किया तो पता चला कि वह किराये के कमरे में रहते हुए एक निजी कंपनी में नौकरी कर रही है और सिविल सर्विस परीक्षा की तैयारी कर रही है।

### पहले पिता के साथ जाने से कर दिया था इनकार

:पिछली सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट में उपस्थित युवती ने युगलपीठ को बताया था कि उसके पिता उसे पढ़ाई नहीं करने दे रहे थे और शादी का दबाव बना रहे थे। उनकी प्रताड़ना से परेशान होकर वह घर से निकल गई और इंदौर में एक निजी कंपनी में नौकरी करके अपना खर्च निकालने लगी। वह सिविल सर्विस की तैयारी के लिए कोचिंग कर रही है। वह सिविल सर्विसेज में जाने का सपना संजोए हुए मेहनत कर रही है। युवती ने पिता के साथ नहीं भेजने की गुहार लगाई। पिता की तरफ से हाई कोर्ट को भरोसा दिलाया गया कि वे अपनी बेटी को प्रताड़ित नहीं करेंगे। पिता ने कोर्ट से बेटी को घर भेजने का आग्रह किया। जिसके बाद कोर्ट ने युवती को कहा कि वह चार-पांच दिनों तक अभिभावक के साथ रहकर देखे। अगर माहौल बेहतर नहीं लगे तो कलेक्टर को आदेश देंगे कि वह उसकी बाहर रहने और पढ़ाई की समुचित व्यवस्था कराएंगे। याचिका पर बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान युवती अपने पिता के साथ रहने के लिए तैयार हो गई। हाई कोर्ट ने ने युवती को भविष्य को मद्देजनर रखते हुए उसके संरक्षण के संबंध में आदेश पारित करते हुए याचिका का निराकरण कर दिया।

## कृषि अधिकारियों ने लिया पराली प्रबंधन के कार्य का जायजा

**जबलपुर।**

जिले के विकासखण्ड मझौली में धान की कटाई का कार्य तेजी से प्रारंभ हो गया है। पराली प्रबंधन के लिये फार्म वाट कंपनी द्वारा किसानों के खेतो में कटाई के बाद बेलर मशीन के माध्यम से पराली के बंडल (बेल) तैयार किये जा रहे हैं। बुधवार को मझौली विकासखण्ड के ग्राम मझगवां में किसान राजू पटेल की 15 एकड़ कृषि भूमि पर पराली प्रबंधन के कार्य का अनुविभागीय कृषि अधिकारी सिहोरा श्रीमति मनीषा पटेल, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आर एल मिश्रा एवं कृषि विस्तार अधिकारी रूपाली पटेल ने जायजा लिया। इस मौके पर कृषि अधिकारियों ने किसानों को पराली प्रबंधन के बाद हेप्पी सीडर और जीरो टिल सीड ड्रील के माध्यम से बोनी करने की सलाह दी। अधिकारियों ने बताया कि बेलर मशीन से पराली हटाने के बाद खेतों में हेप्पी सीडर का प्रयोग करने से मिटटी की नमी बनी रहती है और कार्बनिक पदार्थ बढ़ता है। इससे मिटटी की उर्वरता एवं गुणवत्ता में सुधार होता है।

कृषि अधिकारियों के साथ मौजूद फार्म वाट कंपनी के एसोसियेट वाइस प्रेसीडेंट अतुल कुमार पाल ने बताया कि आसपास के 6 किलोमीटर के क्षेत्र में 5 बेलर यूनिट कार्यरत हैं और अब तक लगभग 110 एकड़ क्षेत्र में बेलर मशीन से बेल (बंडल) बनाए जा चुके हैं। कंपनी की टीम द्वारा प्रतिदिन औसतन 30-35 एकड़ क्षेत्र में पराली एकत्र कर बेल तैयार किये जा रहे है तथा 10 से 12 हजार एकड़ में पराली प्रबंधन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### होटल विजन महल विवाह के लिए जमा की गई एडवांस राशि ब्याज सहित वापस करने के निर्देश

**जबलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग ने विवाह के आयोजन के लिए जमा की गई एडवांस राशि (20 प्रतिशत कटौती कर) ब्याज सहित वापस करने के निर्देश होटल विजन महल के संचालक को दिए हैं। आयोग के अध्यक्ष नवीन कुमार सक्सेना की अध्यक्षता वाली संयुक्त पीठ ने मानसिक पीड़ा और वाद व्यय के रूप में 12 हजार रुपए भी अदा करने के निर्देश दिए। जबलपुर के शक्ति नगर में रहने वाली मंजू अग्रवाल ने परिवाद दायर कर बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री के विवाह के लिए तिलहरी स्थित होटल विजन महल को 5 लाख रुपए एडवांस देकर बुक किया था। किसी कारणवश विवाह नहीं हो सका। संचालक ने एडवांस राशि वापस करने से इनकार कर दिया। इसलिए परिवाद दायर किया। परिवादी की ओर से अधिवक्ता विजय पाण्डेय, आदेश जम्भुलकर, आदित्य खरे एवं राज सिंह बघेल ने पैरवी की।

## आजाद भारत की एकता और अखंडता के सूत्रधार हैं सरदार पटेल: आशीष दुबे

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर भाजपा ने निकाला यूनिटी मार्च

**जबलपुर।**

**देश की आजादी के समय भारत 550 से अधिक रियासतों में बंटा हुआ था। इन सभी रियासतों को जोड़कर अखंड भारत का निर्माण करने का श्रेय सरदार वल्लभभाई पटेल को जाता है, जिन्हें 'लौह पुरुष' भी कहा जाता है। लोकसभा सांसद आशीष दुबे ने यूनिटी मार्च के द्वितीय दिवस उत्तर एवं पूर्व विधानसभा में पदयात्रा के दौरान कहा कि यदि पटेल को तत्कालीन समय में कश्मीर की भी जिम्मेदारी दी जाती, तो धारा 370 जैसी स्थितियां उत्पन्न नहीं होती।**

सरदार पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर ने यूनिटी मार्च<\@>150 का आयोजन किया। इस मार्च में सांसद आशीष दुबे, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, उत्तर विधानसभा विधायक अभिलाष पांडे, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व मंत्री शरद जैन, अन्य जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यूनिटी मार्च की शुरुआत उत्तर विधानसभा में पंचकोशी मंदिर निवाड़गंज से माता के पूजन के साथ हुई और यात्रा कमानिया गेट, कोतवाली, मिलौनीगंज, हनुमान ताल, दुर्गा चौक से होते हुए खेरमाई तक पहुँची। पूर्व विधानसभा की पदयात्रा खेरमाई, भानतलैया, प्रेमसागर, शीतलामाई होकर कांचघर पर समाप्त हुई। सांसद आशीष दुबे ने कहा कि यूनिटी मार्च सरदार पटेल की 150वीं जयंती के माध्यम से भारत की एकता और राष्ट्रीय ताकत का अनुभव कराता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा धारा 370 हटाने और स्टैचू ऑफ यूनिटी निर्माण के महत्व को भी रेखांकित किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि इस यात्रा में बच्चों सहित सभी जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल होकर "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के नारे के साथ भारत की एकता को सम्मानित कर रहे हैं। विधायक अभिलाष पांडे ने भी सरदार पटेल की निर्णायक भूमिका और देश के प्रत्येक युवा को उनके योगदान से परिचित कराने के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष, पूर्व मंत्री, महापौर, जिला पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या ने भी सहभागिता दर्ज कराई।



- आज सभी 16 संभागों में होगा वंदे मातरम का भव्य आयोजन
- निगमायुक्त ने सभी संभागीय अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

# कलेक्टर-निगमायुक्त के मार्गदर्शन में वंदे मातरम का हुआ भव्य आयोजन

**जबलपुर।** शासन के निर्देशों और कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में बुधवार को शहर के 3 मॉलों क्रमशः समदड़िया मॉल, साउथ एवेन्यू मॉल और पी.व्ही.आर. मॉल में नागरिकों के बीच उत्सवी माहौल में वंदे मातरम कार्यकम बड़े ही भव्य और आकर्षक रूप में आयोजित किया गया तथा वंदे मातरम् की प्रस्तुति दी गई। वंदे मातरम् की प्रस्तुति से मॉलों में मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर देश भक्ति और राष्ट्र प्रेम के प्रतीक वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ स्मरणोत्सव के अंतर्गत संगीतमयी वंदे मातरम् की संगीतमयी प्रस्तुति दी गई, जिससे मॉल में उपस्थित अधिकारियों के



साथ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वंदे मातरम् की प्रस्तुति के दौरान संभागीय अधिकारी संजय पटैल, पवन श्रीवास्तव के साथ बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर एवं निगमायुक्त के मार्गदर्शन में कल दिनांक 13 नवम्बर दिन गुरूवार को प्रातः 11:00 बजे से नगर निगम के सभी 1 से 16 संभागीय कार्यालयों के अंतर्गत बड़े चौराहों के आस-पास वंदे मातरम् का भव्य कार्यक्रम किया जायेगा। इसके लिए निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा सभी संभागीय अधिकारियों को संभाग स्तर पर सभी आवश्यक व्यवस्थाऐं सुनिश्चित कर आयोजन करने के निर्देश दिये हैं।

## अधिकारियों ने किया पराली कार्य प्रबंधन का निरीक्षण

**सिहोरा।** धान की कटाई का कार्य तेजी से प्रारंभ हो गया है। अतः पराली प्रबंधन के लिये फार्म वाट कंपनी द्वारा किसानो के खेतो में कटाई उपरांत बेलर मशीन के माध्यम से पराली के बंडल (बेल) तैयार किये जा रहे है। मझौली विकास खंड के ग्राम मझगवां में किसान राजू पटेल के खेत में करीब 15 एकड़ में लगी फसल के पराली प्रबंधन के कार्य का निरीक्षण अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्रीमति मनीषा पटेल,वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आर.एल. मिश्रा एवं कृषि विस्तार अधिकारी रूपाली पटेल द्वारा किया गया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा किसानों को पराली प्रबंधन के बाद हेप्पी सीडर/सुपर सीडर और जोरी टिल सीड ड्रील के माध्यम से बोनी करने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने बताया कि बेलर मशीन से पराली हटाने के बाद खेतों में हेप्पी सीडर का प्रयोग करने से मिटटी की नमी बनी रहती है। और मिटटी में कार्बनिक पदार्थ बढ़ता है। जिससे मिटटी की उर्वरता एवं गुणवत्ता में सुधार होता है। इस अवसर पर उपस्थित अतुल कुमार पाल एसोसियेट वाइस प्रेसीडेंट फार्म वाट कंपनी ने बताया कि लमकना ग्राम के आसपास में 6 किलोमिटर के क्षेत्र में 5 बेलर यूनिट कार्यरत है। अब तक लगभग 110 एकड़ क्षेत्र में बेलर मशीन से बेल बनाए जा चुके है। कंपनी की टीम द्वारा प्रतिदिन औसतन 30-35 एकड़ क्षेत्र में पराली एकत्र कर बेल तैयार किये जा रहे है। पराली प्रबंधन का लक्ष्य लगभग 10000 एकड़ से 12000 एकड़ क्षेत्र निर्धारित किया गया है।

- पावरग्रिड ने एनएससीबी मेडिकल कॉलेज को दी 12.94 करोड़ की सौगात

## अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों से सशक्त होगी स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि, जबलपुर।

भारत की अग्रणी विद्युत पारेषण कंपनी पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के अंतर्गत नेताजी सुभाषचंद्र बोस (एनएससीबी) मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध अस्पताल, जबलपुर को 12.94 करोड़ मूल्य के अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण प्रदान किए हैं। यह पहल क्षेत्रीय प्रमुख राजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। उपकरणों के हस्तांतरण समारोह में अभिषेक गहलोत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, राजेन्द्र कुरवा, मुख्य महाप्रबंधक पावरग्रिड, अजित परिडा, महाप्रबंधक, डॉ. नवनीत सक्सेना डीन मेडिकल कॉलेज तथा अवधेश प्रताप सिंह संचालक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की गरिमामय उपस्थिति रही। पावरग्रिड की इस पहल से अस्पताल की चिकित्सा सेवाएं और अधिक आधुनिक एवं सशक्त बनेंगी। नए उपकरणों के



उपयोग से न केवल मरीजों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि चिकित्सा शिक्षा एवं शोध कार्यों को भी नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि "पावरग्रिड का उद्देश्य केवल विद्युत क्षेत्र में प्रगति करना नहीं, बल्कि समाज के स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास में सार्थक योगदान देना है। पावरग्रिड द्वारा की गई यह पहल कंपनी की सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास और ग्रामीण उत्थान जैसे क्षेत्रों में सतत योगदान दे रही है। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज एवं पावरग्रिड के अधिकारी-कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### कांचघर से फूटाताल तक गूंजेगा युवा जोश

## नवनिर्वाचित युकां का अध्यक्ष यश का स्वागत जुलूस आज

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद आज पहली बार अपने गृह नगर जबलपुर पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर शहर के पूर्व से लेकर मध्य विधानसभा तक कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। शहरभर में उनके स्वागत की तैयारियां की गई, और इसे कांग्रेस ने युवाओं की जीत का उत्सव नाम दिया है।

यश घनघोरिया दोपहर में वायुयान से डुमना विमानतल पहुंचेंगे। यहां कार्यकर्ता पारंपरिक स्वागत करेंगे, जिसके बाद वे सीधे कांचघर चौक पहुंचेंगे, जहां से भव्य स्वागत रैली का आगाज़ होगा। रैली को लेकर कांग्रेस नेताओं ने बताया कि यह जुलूस शहर की ऐतिहासिक और राजनीतिक धड़कन माने जाने वाले मार्गों से गुजरते हुए अंत में फूटाताल मैदान पहुंचेगा, जहां समापन सभा आयोजित होगी।

यश घनघोरिया दोपहर में वायुयान से डुमना विमानतल पहुंचेंगे। यहां से कांचघर चौक पहुंचेंगे, जहां से दोपहर 1 बजे स्वागत जुलूस शुरु होगा. स्वागत जुलूस कांचघर से शीतलामाई, बाई का बगीचा, घमापुर चौक, भानतलैया, सिंधी कैंप, बहोराबाग, रद्दी चौकी, गोहलपुर, मिलौनीगंज, कोतवाली, बड़ा फुहारा, लार्डगंज, सुपर मार्केट, श्याम टॉकिज, करमचंद्र चौक, बड़ी ओमती, छोटी ओमती, बेलबाग तिराहा,



लकड़गंज होते हुए फूटाताल मैदान में समापन होगा। इस पूरे मार्ग पर जगह-जगह स्वागत मंच, बैनर, पोस्टर और अभिनंदन द्वार लगाए गए हैं। फूलमालाओं, ढोल-नगाड़ों और युवा समर्थकों की उपस्थिति में यह रैली शहर की सबसे बड़ी युवा राजनीतिक रैलियों में से एक मानी जा रही है।

### व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन सतर्क

रैली में भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात के विशेष प्रबंध किए हैं. कई स्थानों पर ट्रैफिक डायवर्जन भी लागू रहेगा. पुलिस और स्वयंसेवी दल भी रैली मार्ग पर तैनात रहेंगे।

### डिजिटल चुनाव में ऐतिहासिक जीत

यश घनघोरिया की जीत प्रदेश की युवा राजनीति में एक नया अध्याय लेकर आई है। युवक कांग्रेस चुनाव इस बार कई मायनों में खास रहा, क्योंकि पहली बार सदस्यता से लेकर वोटिंग तक पूरी प्रक्रिया डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संपन्न हुई। यश ने इस चुनाव में 3 लाख 13 हजार से अधिक वोट हासिल कर शानदार विजय दर्ज की, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी भोपाल के अभिषेक सिंह को 2 लाख 38 हजार वोट मिले। यह अंतर उनकी लोकप्रियता और संगठन में उनकी मजबूत पकड़ को दर्शाता है।

### भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

## सिहोरा जिला के साथ जबलपुर को मेट्रोपॉलिटन सिटी बनाने की मांग

**सिहोरा।** सिहोरा विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर प्रस्तावित सिहोरा जिला में कलेक्टर एसपी की पदस्थापना के साथ जबलपुर को मेट्रोपॉलिटन सिटी का दर्जा देने की मांग की हैं। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता समाजसेवी किशन जानवानी ने सीएम को लिखे पत्र में बताया कि सिहोरा जबलपुर जिले का सबसे पुराना शहर है अंग्रेजी शासन काल में 1885 में म्युनिसपिलिटी जबलपुर सिहोरा बनाई गई थी आज जबलपुर को अ श्रेणी के नगर निगम ओर सिहोरा को अ श्रेणी की नगर पालिका होने का गौरव मिला है। अंग्रेजी शासन काल में नागपुर के बाद जबलपुर सबसे बड़ा शहर था इंदौर अपने औद्योगिक विकास के चलते अब प्रदेश का सबसे बड़ा शहर बना वहीं भोपाल राजधानी होने के चलते प्रदेश का दूसरा बड़ा शहर बन गया लेकिन जबलपुर को वाजिब राजनीतिक नेतृत्व नहीं मिलने से वह इंदौर भोपाल के विकास की तुलना में पिछड़ गया।

प्रदेश में सबसे बड़े दो शहर इंदौर भोपाल में पुलिस कमिश्नर बैठ गई लेकिन जबलपुर इससे अछूता रह गया । तथा उन शहरों में मेट्रो ट्रेन की सौगात भी मिल गई और जबलपुर केवल मुंह ताकता रहा। मेट्रोपॉलिटन शहर बनने के लिए 10 लाख की आबादी वाले बड़े शहर के आसपास 40 से 50 किलोमीटर के दायरे में 4 से 5 लाख की आबादी वाले दो तीन शहर होना चाहिए सिहोरा को जिला का दर्जा नहीं होने से जबलपुर मेट्रोपॉलिटन शहर बनने की अर्हता पूरी नहीं कर सका अगर सिहोरा को जिले का दर्जा प्रदान किया जाता है तो इससे महानगर मेट्रोपॉलिटन शहर बनने की अर्हता पूरी हो जाएगी। इस संबंध में पार्टी के अनेक नेताओं ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखने की बात कही है।

### शासकीय महाविद्यालय मझौली में ऑनलाइन शिक्षा और कौशल विकास पर सार्थक विमर्श

## SWAYAM पोर्टल से जुड़े अवसरों पर राष्ट्रीय वेबिनार सम्पन्न

**जबलपुर।** शासकीय महाविद्यालय मझौली, जिला जबलपुर में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार "SWAYAM पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रम एवं विद्यार्थियों में जागरूकता" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम गूगल मीट के माध्यम से प्रातः 11:30 बजे से दो तकनीकी सत्रों में संपन्न हुआ।

प्रथम सत्र की अध्यक्षता जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के सेवानिवृत्त निदेशक (DCDC) डॉ. केशव सिंह गुर्जर ने की, जबकि मुख्य वक्ता डॉ. अनिल करवंडे (Founder, NET JRF Gurukul) रहे, जिन्होंने SWAYAM के उद्देश्यों, विविध पाठ्यक्रमों एवं प्रमाणन प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी। द्वितीय सत्र में डॉ. अमित के. तेम्भुर्णे और डॉ. संगीता ए. श्रीवास्तव ने SWAYAM के व्यावहारिक उपयोग और मूल्यांकन प्रक्रिया पर मार्गदर्शन दिया।



शोध-पत्र प्रस्तुति क्रम में डॉ. राहुल चन्द्रा, नमन अवस्थी एवं डॉ. अभिलाषा दुबे ने अपने आलेख प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. शालिनी यादव (क्रीड़ा अधिकारी) ने किया तथा सह-संयोजक श्री गौरीकांत मिश्रा (ग्रंथपाल) रहे। मुख्य संरक्षक प्रो. पंजाब राव चंदेलकर (अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा जबलपुर संभाग), संरक्षक डॉ. भजन लाल परधान (प्रभारी प्राचार्य) एवं हेमंत मिश्रा (जनभागीदारी अध्यक्ष) के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अंत में सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

## आज सिहोरा में यूनिटी मार्च का आयोजन

**सिहोरा।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में यूनिटी मार्च का आयोजन भारतीय जनता पार्टी जिला ग्रामीण के द्वारा आज 13 नवम्बर गुरुवार को आयोजित किया गया है। मार्च अरुणाभ घोष स्टेडियम से सुबह 9.30 बजे प्रारंभ होगी जो सिहोरा नगर का भ्रमण करते हुए मंडी प्रांगण खितौला में संपन्न होगी। इस अवसर पर सांसद आशीष दुबे,अजय विश्नोई पाटन,सुशील इंदु तिवारी पनागर,नीरज सिंह ठाकुर बरगी,संतोष वरकड़े विधायक सिहोरा के साथ राजकुमार पटेल जिलाध्यक्ष ग्रामीण सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## पुरानी रंजिश पर पड़ोसी ने किया युवक पर हमला

**जबलपुर।** खितौला थाना अतंर्गत दरोलीकला में पुरानी रंजिश पर पड़ोसी ने एक युवक के साथ गालीगलौज कर ईंट के टुकड़े से हमला कर घायल कर दिया। खितौला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार दरोलीकला निवासी 32 वर्षीय प्रमोद कुमार लोधी गत शाम 7.40 बजे अपने घर पर था, तभी पुरानी रंजिश पर पड़ोसी सुधीर यादव उसके घर के सामने गालीगलौज कर रहा था, जिससे पूछा कि गाली किसको दे रहा है तो सुधीर यादव उसके साथ गालीगलौज करते हुये ईंट का टुकड़ा उठाकर उसके सिर पर दे मारा और लाठी से हमला कर घायल कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 115(2), 118(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## वसूली के लिए बदमाशों ने चलाए चाकू युवक घायल

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत सरकारी स्कूल के पास रिछाई में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर दो बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर उस पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कालोनी महाराजपुर अधारताल निवासी 40 वर्षीय शशि भूषण बाल्मीक गत दिवस अगरबत्ती बेचने के लिए रांझी गया था, जहां से अगरबत्ती बेचने के बाद अपने घर आते समय रात लगभग 8.45 बजे सरकारी स्कूल के पास रिछाई में बादल कोल एवं मुत्ती रैकवार मिले और उससे शराब पीने के लिए 500 रुपए की मांग करने लगे, मना करने पर मुत्ती रैकवार ने उसे पकड़ लिया तथा बादल कोल ने चाकू से उसकी कमर के नीचे चोट पहुंचाकर जान से मारने की धमकी दी । पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## बस का इंतजार कर रहे 3 मजदूर कार की टक्कर से घायल

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थाना अतंर्गत श्री राजाराम वेयरहाउस के पास मक्का कटाई कर बस का इंतजार कर रहे तीन मजदूरों को एक कार ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे तीनों घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बेलखेड़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बम्बादेवी मंदिर के पास घमापुर निवासी 26 वर्षीय सतीश पटेल गत दिवस अपने पिता गोविंद पटेल तथा काम में करने वाले रज्जू यादव, सत्यनारायण यादव, राहुल नामदेव के साथ मक्का कटाई के काम से ग्राम करहैया गये थे, मक्का कटाई के बाद करहैया के पास श्री राजाराम वेयरहाउस के पास बस का इंतजार कर रहे थे तभी बेलखेड़ा तरफ से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीएल 4841 के चालक ने गोविन्द पटेल, रज्जू यादव, सत्यनारायण यादव को टक्कर मार दी, जिससे तीनों को हाथ पैर एवं शरीर में चोटे आ गई। सतीश पटेल ने तीनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## क्रिकेट खेलने पर मां बेटी ने की युवक से मारपीट

**जबलपुर।** सिहोरा थाना अतंर्गत पुष्पराज के बाड़े में क्रिकेट खेलने से मना करने की बात पर मां बेटी ने एक युवक के साथ मारपीट कर पत्थर से हमला कर चोटें पहुंचा दी। सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मुरैठ निवासी मनोज बर्मन बुधवार की सुबह लगभग 8 बजे क्रिकेट खेलने पुष्पराज के बाड़े तरफ गया था, जहां पर रहने वाली मालती बाई अपनी बेटी पूजा बर्मन के साथ वहां पर क्रिकेट खेलने वाले लड़कों को गालीगलौज कर क्रिकेट खेलने से मना कर रही थी। मनोज ने दोनों को गालियां देने से मना किया तो मालती ने मनोज के साथ मारपीट कर दी तथा पूजा ने पत्थर से उस पर हमला कर कान में चोटें पहुंचा दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों मां बेटी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### रुपयों से भरा वृद्धा का बैग लेकर भागा

## ई रिक्शा चालक ने की वारदात

**जबलपुर।** बेलबाग थाना अतंर्गत झा बिल्डिंग आटा चक्की के सामने ब्यौहाबाग में एक ई रिक्शा चालक ने एक वृद्ध महिला का पैसों से भरा बैग चोरी कर ले गया। बैग में 1 लाख रुपए, 1 मोबाइल और दस्तावेज रखे हुए थे। बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार झा बिल्डिंग आटा चक्की के सामने ब्यौहारबाग निवासी 75 वर्षीय रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ.पुष्पा झा घर में अकेली रहती है। गत दिवस घर से काले रंग के कपड़े के बैग में 50 हजार रूपये, बैंक पासबुक, बैंक संबंधी दस्तावेज, वोटर आईडी, घर की चाबियां, 1 पुराना मोबाइल लेकर भारतीय स्टेट बैंक तुलाराम चौक गई थी, जहां से 50 हजार रूपये निकलवाकर अपने पास रखे बैग में रख लिये थे तथा वापस अपने घर जाने के लिये ई रिक्शा में बैठी, ईरिक्शा चालक के बगल में एक महिला बैठी थी तथा पीछे की सीट में वह बैठ गई, शाम लगभग 5 बजे डॉ पुष्पा झा अपने घर पहुँची। उन्हें चलने में परेशानी होने से आटो



चालक ने उसे पकड़कर आटो से उतारा और उसने आटो चालक को अपने घर की चाबियां देकर अपने घर का ताला खोलने के लिये कहा आटो चालक ने ताला खोलकर उसे घर के अंदर तक छोड़ा, उस समय उक्त महिला आटो के पास ही थी वह अंदर जाकर सोफा में बैठी तथा अपने बैग को दाहिने ओर रख दिया था उसी समय आटो चालक उसका काले रंग का बैग लेकर अपने ई रिक्शा से भाग गया। उसके बैग में कुल 1 लाख रूपये, 1 मोबाइल तथा दस्तावेज रखे थे। पुलिस ने आरोपी ई रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**श्री बाबू लाल-** इंद्रा नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री बाबू लाल (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सावित्री तिवारी-** गोरैया प्लाट आमनपुर मदनमहल निवासी श्री पारस नाथ तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री तिवारी (100) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती बसंती गोंटिया-** शिवनगर गढ़ा निवासी श्री शंकर लाल गोंटिया की धर्मपत्नी श्रीमती बसंती गोंटिया (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामकली बाई सोनी-** तमरहाई चौक के पास निवासी श्री सुखनंदी लाल सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली बाई सोनी (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री काली चरण गुप्ता-** कटनी आजाद चौक निवासी श्री काली चरण गुप्ता (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मोहनी कनौजिया-** एमआईजी 11, पुनीत नगर अधारताल निवासी श्री मिश्री लाल कनौजिया की धर्मपत्नी श्रीमती मोहनी कनौजिया (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रवि मलिक-** बिलहरी बड़े हनुमान मंदिर के पास निवासी श्री




रवि मलिक (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गोपाल प्रसाद पासी-** हनुमान टोरिया कांचघर निवासी श्री गोपाल प्रसाद पासी (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सरदार सिंह गहरवार-** कृष्णा कॉलोनी सुहागी निवासी श्री सरदार सिंह गहरवार (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुशीला सोनकर-** घमापुर चौक के निकट निवासी श्री विभूति सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला सोनकर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम मनोहर कुशवाहा-** बरेला महगवां निवासी श्री राम मनोहर कुशवाहा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष छीपा-** प्रेमसागर करियापाथर रोड निवासी श्री कंधी लाल छीपा के पुत्र श्री संतोष छीपा (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शकुन बाई-** मोदीबाड़ा सदर निवासी श्री राम प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन बाई (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-

# सरदार पटेल ने देश की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोया: सीएम डॉ. यादव

## आधुनिक भारत के निर्माण में सरदार पटेल की भूमिका महत्वपूर्ण

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आधुनिक भारत के निर्माण में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने अनेक रियासतों को एक करते हुए अखंड भारत की नींव रखी। उन्होंने देश की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया के सामने जिस मजबूती के साथ खड़ा है, उसमें सबसे बड़ी भूमिका सरदार पटेल की रही है। सरदार पटेल की 150वीं जयंती से उनके गौरवशाली कार्यों का स्मरण करने के लिए प्रदेश में यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. यादव सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर 'एक भारत-आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य के साथ भोपाल- सीहोर लोकसभा क्षेत्र में निकाले जा रहे यूनिटी मार्च को वल्लभ भवन के सरदार पटेल पार्क में संबोधित कर रहे थे।

1 सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च का शुभारंभ

2 सरदार पटेल पार्क से यूनिटी मार्च में बड़ी संख्या में युवा हुए शामिल



सीएम, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष समेत जनप्रतिनिधियों ने सरदार पटेल का स्मरण किया

### मुख्यमंत्री ने रौपे कटहल और आम के पौधे

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करने के बाद 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में कटहल और आम के पौधे रोपे। मुख्यमंत्री ने पुलिस बैंड द्वारा बजाई जा रही देशभक्ति गीतों की धुनों के बीच आसमान में तिरंगे बैलून छोड़े। सामूहिक समवेत स्वर में वंदे मातरम का गान हुआ। डॉ यादव ने झंडी दिखाकर यूनिटी मार्च को रवाना किया। यूनिटी मार्च में 2 हजार से अधिक युवाओं ने भाग लिया।

## अखंड भारत के लक्ष्य से युवा पीढ़ी को अवगत कराने गतिविधियां जारी: हेमंत

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को एक करने का काम किया। सरदार पटेल के हाथों में नेतृत्व होता तो शायद हम आजादी के बाद चीन-अमेरिका के समकक्ष होते। सरदार पटेल ऐसी शख्सियत थे, जिन्होंने देश को एक करने का काम किया और 500 से ज्यादा रियासतों को देश में मिलाया। अगर सरदार पटेल के हाथों में उस दौर में देश का नेतृत्व होता तो देश बहुत तरक्की करता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की अर्थव्यवस्था को 11वें से चौथे नंबर पर लेकर आए हैं। हमें पटेल के विचारों को इस अभियान के माध्यम से आगे बढ़ाने का अवसर मिला है और हमें युवा पीढ़ी तक इसे लेकर जाना है।

### रियासतों का विलय कर अखंड भारत की नींव रखी: आलोक

*भाजपा सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर देशभर के प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में 3 दिवसीय यूनिटी मार्च (पदयात्रा) का आयोजन किया जा रहा है। सरदार पटेल ने 562 रियासतों का विलय कर अखंड भारत की नींव रखी। भारत 1947 में अंग्रेजों की गुलामी से आजाद हो गया था, लेकिन भोपाल सहित जूनागढ़ और हैदराबाद जैसी कई रियासतों ने भारत में शामिल होने से इनकार किया। इसके बाद इन रियासतों को अखंड भारत का हिस्सा बनाने में सरदार पटेल की अहम भूमिका रहीं। कार्यक्रम में भोपाल महापौर मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी, पूर्व सांसद आलोक संजर, पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष रवींद्र यति, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।*


पदयात्रा में शामिल जनप्रतिनिधि व युवा

### पूर्व सीएम सुंदरलाल पटवा का जीवन जनसेवा और उच्च आदर्शों को समर्पित रहा: डॉ. मोहन


विस में स्व. पटवा को पुष्पांजलि दी गई

मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विधानसभा में सुंदरलाल पटवा की जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने मंगलवार को विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री, पद्म विभूषण सुंदरलाल पटवा की जयंती पर पुष्पांजलि कर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व को याद किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सुंदरलाल पटवा ने अपना संपूर्ण जीवन जनसेवा, संगठन के विस्तार और उच्च आदर्शों को समर्पित कर दिया।

## खबर संक्षेप

### आयुष पाठ्यक्रम में प्रवेश नियमों में संशोधन

**भोपाल।** आयुष विभाग ने प्रदेश के आयुष चिकित्सा महाविद्यालयों में संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के प्रवेश नियमों में महत्वपूर्ण संशोधन किया है। विभाग ने पूर्व अधिसूचना (10 सितंबर 2024) के बिंदु क्रमांक 16.4 स्ट्रे वेकेंसी राउंड में बदलाव कर नई व्यवस्था लागू की है। संशोधन के अनुसार अब स्ट्रे वेकेंसी राउंड की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित और न्यायसंगत होगी, जिससे रिक्त सीटों का समुचित उपयोग हो सकेगा। इसका उद्देश्य अंतिम चरण में छात्रों को समान अवसर प्रदान करना और प्रवेश प्रक्रिया को सहज बनाना है। नीमा छात्र संघ के अध्यक्ष डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि यह संशोधन आयुष शिक्षा व्यवस्था में सराहनीय कदम है। इससे छात्रों को प्रवेश के अंतिम चरण में राहत मिलेगी और संस्थानों की रिक्त सीटें भर सकेंगी। उन्होंने इसे सरकार की पारदर्शी एवं छात्र हितैषी नीति का प्रतीक बताते हुए इस पहल का स्वागत किया।

### शिक्षकों की याचिका पर फैसला रखा सुरक्षित

**बिलासपुर।** क्रमोन्नत वेतनमान की मांग करते हुए एक हजार से अधिक शिक्षकों ने बिलासपुर हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। याचिकाओं की संख्या को देखते हुए इस मामले में हाई कोर्ट में प्रतिदिन सुनवाई हो रही थी। हाई कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के इतिहास में यह दूसरी बार है जब इतनी बड़ी संख्या में एक ही मुद्दे को लेकर याचिका दायर की गई है। क्रमोन्नत वेतनमान को लेकर दायर शिक्षकों की याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। शिक्षिका सोना साहू को क्रमोन्नत वेतनमान देने का हाई कोर्ट के आदेश के बाद हलचल सी मच गई थी। सोना साहू की याचिका पर हाई कोर्ट के फैसले को आधार बनाकर एक हजार से अधिक शिक्षकों ने क्रमोन्नत वेतनमान की मांग करते हुए याचिका दायर की है।

### अनोखा घर, जो बनाता है बिजली और बचाता है पानी

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर की मिट्टी में वह जादू है, जो प्रकृति से जुड़ना सिखाती है। इसी मिट्टी में पले-बढ़े सौरभ मोतीवाला ने यह सिद्ध कर दिया कि अगर सोच स्वच्छ हो और नीयत टिकाऊ, तो एक घर भी परिवर्तन की दिशा बन सकता है। सौरभ का घर 'अक्षत ज्योति' सिर्फ ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं, बल्कि एक जीवंत प्रयोगशाला है, जहां सूरज, हवा और बारिश ऊर्जा के साझीदार हैं, और इंसान बस उनका समझदार सहयोगी। दिल्ली में आयोजित 17वें गृह (जीआरआइएचए) सम्मेलन में इस घर को देश का सर्वोच्च सम्मान 5-स्टार स्वगृहा रेटिंग और 'निष्क्रिय वास्तु-डिज़ाइन' श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार प्राप्त हुआ।

## उद्योग प्रोत्साहन और निवेश अनुकूल वातावरण तैयार करने राज्य सरकार कर रही निरंतर प्रयास

# मप्र चार बिजनेस सेंट्रिक रिफॉर्म क्षेत्रों में टॉप एचीवर्स स्टेट के रूप में सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र उद्योगों को प्रोत्साहित करने और निवेश-अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। केंद्र सरकार ने औद्योगिक विकास को नई दिशा दी है और सभी राज्यों को नवीन उद्योगों की स्थापना के लिए प्रेरित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को नई दिल्ली में सुषमा स्वराज भवन में आयोजित 'उद्योग समागम' को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में मप्र को बिजनेस रिफार्म एक्शन प्लान के तहत चार बिजनेस सेंट्रिक रिफॉर्म क्षेत्रों में 'टॉप एचीवर स्टेट' के रूप में सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने यह पुरस्कार केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल से प्राप्त किया। यह सम्मान राज्य की पारदर्शी औद्योगिक नीतियों और निवेशकों में विश्वास के वातावरण का प्रतीक है। कार्यक्रम को एमएसएमई मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने संबोधित किया।

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली के उद्योग समागम में प्रदेश के नवाचारों को किया साझा
- केंद्रीय मंत्री गोयल ने की मप्र की औद्योगिक प्रगति की सराहना


मुख्यमंत्री डॉ. यादव और मंत्री काश्यप को पुरस्कार प्रदान करते केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल

### अधिनियम से कानूनों की जटिलताओं को सरल बनाया

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने जनविश्वास अधिनियम से कानूनों की जटिलताओं को सरल बनाया है और निवेशकों में भरोसे का वातावरण स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एमपी ई सेवा पोर्टल से 56 विभागों की 1700 से अधिक सेवाएं एक मंच पर उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे निवेशकों को पारदर्शी, तीव्र और सुगम प्रक्रिया का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र ने अपने नवाचारों, डिजिटल सेवाओं और निवेश-अनुकूल दृष्टिकोण से एक आदर्श स्थापित किया है।*

### रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से स्थानीय उद्यमिता को मिला बल: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को केवल नीतिगत सुधारों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे स्पीड, स्केल और स्कील ऑफ डूईंग में बदल दिया है। उन्होंने ने कहा कि प्रदेश की इंडस्ट्रियल ग्रोथ रेट उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। राज्य के सभी क्षेत्रों में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए गए हैं, जिससे स्थानीय उद्यमिता को बल मिला है। उन्होंने बताया कि पहली बार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का सफल आयोजन राजधानी भोपाल में किया गया, जिससे मप्र की औद्योगिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त किया।

### भारत की औद्योगिक प्रगति केंद्र और राज्यों के समन्वित प्रयासों का परिणाम: केंद्रीय मंत्री गोयल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में एमएसएमई क्षेत्र तेजी से विस्तार कर रहा है और आईटी सहित सभी औद्योगिक क्षेत्रों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ठोस कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री ने उद्योग समागम के आयोजन और सभी राज्यों को उद्योगों को प्रोत्साहित करने की दिशा में प्रेरित करने के लिए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का आभार माना। केंद्रीय मंत्री गोयल ने 'उद्योग समागम' में राज्यों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि भारत की औद्योगिक प्रगति केंद्र और राज्यों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह केवल सुधारों का दस्तावेज़ नहीं, बल्कि 'गुड गवर्नेंस और विश्वास आधारित नीति-निर्माण' का उदाहरण है।

### इन्वेस्ट एमपी पोर्टल और एकल-विंडो प्रणाली

प्रदेश का इन्वेस्ट एमपी पोर्टल, एकल-विंडो प्रणाली, ऑनलाइन मंजूरी और डिजिटल सुविधा सेवाएं प्रदान करती है। राज्य ने 2,600 से अधिक अनुपालनों को युक्तिसंगत या डिजिटाइज़ किया है और 925 पुराने कानूनी प्रावधानों को निरस्त किया है। इसके अलावा 26 अधिनियमों में 108 प्रावधानों को अपराधमुक्त किया गया है, जो दंडात्मक अनुपालन प्रवर्तन से सुविधा-आधारित दृष्टिकोण में बदलाव को दर्शाता है। इन सुधारों का उद्देश्य नियामक प्रक्रियाओं को सरल बनाना, पारदर्शिता बढ़ाना और उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना है, जिससे मप्र निवेशकों और उद्योगों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन जाए।

### सरकार 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष' के रूप में मना रही: मंत्री काश्यप

एमएसएमई मंत्री काश्यप ने कहा कि मप्र उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 को राज्य सरकार 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष' के रूप में मना रही है। उन्होंने कहा कि जनविश्वास बिल 2024 के तहत पांच विभागों के आठ अधिनियमों की 64 धाराओं में संशोधन कर प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है। कॉन्फ्रेंस में बीआरएपी 2026 गाइड बुक का विमोचन किया गया।

## मुख्यमंत्री ने मंत्रालय के सिचुएशन रूम से कानून व सुरक्षा व्यवस्था की पड़ताल की



कानून व्यवस्था की समीक्षा करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

# भीड़ भरे इलाकों, धार्मिक स्थलों और संवेदनशील स्थानों पर चौकसी बढ़ाई जाए, संदिग्धों पर नजर रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को दिल्ली में हुए विस्फोट के संदर्भ में मंगलवार को मंत्रालय के सिचुएशन रूम से जिला कलेक्टरों से कानून व्यवस्था की स्थिति की जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश में सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सभी सार्वजनिक स्थलों, भीड़ भरे इलाकों, धार्मिक स्थलों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर चौकसी बढ़ाई जाए। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष सावधानी बरती जाए। साथ ही यह ध्यान भी रखा जाए कि आमजन और सामान्य जीवन प्रभावित न हो। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने सोमवार को दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद प्रदेश में किए गए सतर्कता के उपायों और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। सिचुएशन रूम में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव गृह शिव शेखर शुक्ला और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# शिविर में ऑपरेशन के बाद आंखों की रोशनी खो बैठे 9 मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बीजापुर स्वास्थ्य विभाग की घोर लापरवाही का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां 24 अक्टूबर को हुए नेत्र ऑपरेशन के बाद नौ मरीजों की आंखों में गंभीर दिक्कतें उत्पन्न हो गईं।

कुछ मरीजों की आंखों की रोशनी तक चली गई, जिसके बाद आनन-फानन में सभी को रायपुर के डॉ. आंबेडकर अस्पताल रेफर किया गया जहां उनका इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, बीजापुर में नेत्र रोग विभाग की ओर से 24 अक्टूबर को एक विशेष सर्जिकल शिविर आयोजित किया गया था। इसमें कुल 14 मरीजों की आंखों का ऑपरेशन किया गया, जिसमें से 9 मरीजों की स्थिति बिगड़ गई है, इसमें एक पुरुष और आठ महिलाएं हैं। शुरुआती दो दिनों तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन धीरे-धीरे मरीजों की आंखों में जलन, सूजन और धुंधला दिखाई देने की शिकायतें सामने आने लगीं। कुछ मरीजों ने बताया कि ऑपरेशन के बाद उन्हें बिल्कुल भी दिखाई नहीं दे रहा है।

## अब तक 54% वोटरों को बंटे फॉर्म

# एसआईआर के लिए 14 अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के सुचारू संचालन को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन आयोग ने 14 अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति की है। ये संबंधित जिलों के नगर निगम कमिश्नर है। साथ ही तहसीलदार व नायब तहसीलदार स्तर के 103 अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की भी नियुक्ति की गई है।

राज्य में एसआईआर प्रक्रिया का कार्य जोरों पर है। विगत चार नवंबर से इसकी शुरूआत के बाद से सभी विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ सक्रियता से मतदाताओं तक गणना प्रपत्र और घोषणा प्रपत्र पहुंचा रहे हैं। आठ दिनों में ही राज्य के आधे से अधिक मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। अब तक प्रदेश के एक करोड़ 13 लाख 8 हजार 440 मतदाताओं को गणना प्रपत्र बांटे जा चुके हैं, जो करीब 54 प्रतिशत है।

# पुलिस ने पकड़े हवाला के 3 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

बालोद जिला पुलिस ने धमतरी सीमा क्षेत्र पर एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने तीन करोड़ रुपए से अधिक की संदिग्ध नकदी ले जा रही एक क्रेटा कार को पकड़ा है।

प्राथमिक तौर पर यह पूरी रकम हवाला की होने का अंदेशा जताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र पासिंग की कार एमएच 04 एमए 8035 को संदेह के आधार पर रोका गया। तलाशी के दौरान पता चला कि नोटों के बंडल रखने के लिए कार की पिछली सीट के नीचे विशेष रूप से एक गुप्त लॉकर बनाया गया था। पुलिस ने तत्काल कार चालक सहित दो लोगों को हिरासत में ले लिया है और उससे गहन पूछताछ की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह बड़ी रकम रायपुर से महाराष्ट्र की ओर ले जाई जा रही थी। पुलिस ने राशि की गिनती के लिए टीम को बुलाया है।

## जल संरक्षण में खरगोन जिले को पूर्वी क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ जिले का पुरस्कार, जल संचय-जन भागीदारी में भी मध्यप्रदेश का अग्रणी स्थान

# 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कारों की घोषणा, मप्र को दो श्रेणियों में मिले पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र ने जल संरक्षण में एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। नई दिल्ली में मंगलवार को जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कारों की घोषणा की। मप्र को दो श्रेणियों में सम्मान प्राप्त हुआ। प्रदेश के खरगोन जिले को पूर्वी क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ जिले का पुरस्कार मिला है, जबकि खंडवा जिले की ग्राम पंचायत कावेश्वर ने सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत श्रेणी में संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 नवंबर को पुरस्कार प्रदान करेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुरस्कृत जिलों को बधाई दी है।

जल संचय-जन भागीदारी पहल में भी वेस्टर्न-जोन की श्रेणी एक में पहला पुरस्कार ईस्ट निमाड़ को मिला। श्रेष्ठ 50 शहरी निकायों में गुना जिले को प्रथम रैंक मिला। ज़िलों में श्रेणी तीन में गुना, बैतूल, धार, देवास, सिवनी और खरगौन का चयन हुआ है।

### *खंडवा जिले की ग्राम पंचायत कावेश्वर ने सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत श्रेणी में संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया*

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 नवंबर को प्रदान करेंगी पुरस्कार


फाइल फोटो

### राष्ट्रीय जल पुरस्कारों की शुरुआत वर्ष 2018 में की गई

इसी उद्देश्य से लोगों में जल के महत्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने और उन्हें जल उपयोग के सर्वोत्तम तौर तरीकों को अपनाने में प्रेरित करने के लिए राष्ट्रीय जल पुरस्कारों की शुरुआत वर्ष 2018 में की गई थी। वर्ष 2024 के लिए 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार का शुभारंभ 23 अक्टूबर 2024 को गृह मंत्रालय के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर किया गया था। कुल 751 आवेदन प्राप्त हुए थे।

### पुनर्भरण संरचनाएं बनाने के लिए प्रेरित किया

शहरी जल संरक्षण प्रयासों को सशक्त करने के लिए, आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने जल शक्ति मंत्रालय के साथ साझेदारी की है। नगरीय निकायों को कम-से-कम 2,000 पुनर्भरण संरचनाएं बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस वर्ष कुल 100 पुरस्कारों की घोषणा की गई है, जिनमें तीन सर्वश्रेष्ठ राज्य, 67 जिले, छह नगर निगम, एक नगरीय स्थानीय निकाय, दो सहयोगी मंत्रालय, विभाग, दो उद्योग, तीन गैर-सरकारी संगठन, दो परोपकारी व्यक्ति और 14 नोडल अधिकारी शामिल हैं।

### *6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के तहत 46 विजेताओं की घोषणा*

*उल्लेखनीय है कि जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग ने वर्ष 2024 के लिए 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के तहत 46 विजेताओं (संयुक्त विजेताओं सहित) की घोषणा की। ये पुरस्कार 10 श्रेणियों में दिए जा रहे हैं। सर्वश्रेष्ठ राज्य, सर्वश्रेष्ठ जिला, सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत, सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय, सर्वश्रेष्ठ स्कूल या कॉलेज, सर्वश्रेष्ठ उद्योग, सर्वश्रेष्ठ जल उपयोक्ता संघ, सर्वश्रेष्ठ संस्था (स्कूल या कॉलेज के अतिरिक्त), सर्वश्रेष्ठ सिविल सोसाइटी और जल क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में जल शक्ति मंत्रालय राष्ट्रीय स्तर पर जल प्रबंधन और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक व्यापक अभियान चला रहा है।*

### *जल संचय जन भागीदारी पहल में भी अग्रणी मप्र*

***जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार** : कैच द रेन के अंतर्गत साउथ जोन की श्रेणी एक में पहला पुरस्कार ईस्ट निमाड़ जिले को तथा श्रेष्ठ 50 शहरी निकायों में गुना को, जिलों में श्रेणी तीन में दूसरी रैंक में गुना, बैतूल, धार, देवास, सिवनी और खरगौन का चयन हुआ है। इस पहल के तहत राज्यों को पांच ज़ोन में बांटा गया है। जिलों को न्यूनतम 10,000 कृत्रिम भू-जल पुनर्भरण एवं संचयन संरचनाएं बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। पूर्वोत्तर और पर्वतीय राज्यों के जिलों के लिए यह लक्ष्य 3,000 संरचनाएं है, जबकि देशभर के नगर निगमों के लिए यह संख्या 10,000 निर्धारित की गई है। इन संरचनाओं में वर्षा जल संचयन (रूफटॉप रेनवॉटर हार्वेस्टिंग) के अलावा झीलों, तालाबों और बावड़ियों का पुनर्जीवन भी शामिल है।*

# भारत की जीडीपी 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- जीडीपी की बढ़ोतरी में निजी खपत वृद्धि प्रमुख चालक होगी

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की जीडीपी के 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है। इसमें निजी खपत वृद्धि प्रमुख चालक होगी। वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (सितंबर) में भारतीय अर्थव्यवस्था 5.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के चालू वित्त वर्ष में पांच तिमाहियों में सबसे तेज गति से 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। वास्तविक जीडीपी, आधार वर्ष 2011-12 पर आधारित होती है।

## इंडिया रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही के लिए लगाया अनुमान

### निजी खपत सालाना आधार पर 8 फीसदी बढ़ेगा

एजेंसी को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में निजी खपत सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़ेगी। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में यह सात प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 6.4 प्रतिशत थी।

### निवेश की मांग मजबूत दर से बढ़ी

बयान के अनुसार, दूसरी तिमाही में निवेश की मांग सालाना आधार पर 7.5 प्रतिशत की मजबूत दर से बढ़ी है। अनिश्चितता के दौर में निवेश की मांग को बढ़ाने में स्थिर सरकारी पूंजीगत व्यय महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।




### आयकर कटौती से उपभोग मांग को बल मिला

रेटिंग एजेंसी ने कहा, '' वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में घोषित आयकर कटौती से भी उपभोग मांग को बल मिला। अगर माल एवं सेवा कर (जीएसओ) की दरों को युक्तिसंगत बनाने के कारण खरीदारी के फैसले स्थगित नहीं किए गए होते तो निजी उपभोग और भी तेजी से बढ़ता।''

### 28 नवंबर को जारी होंगे जीडीपी के आंकड़े

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) 28 नवंबर को वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के जीडीपी वृद्धि अनुमानों पर आधिकारिक आंकड़े जारी करेगा। रेटिंग एजेंसी ने बयान में कहा कि उसे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर सालाना आधार पर 7.2 प्रतिशत पर मजबूत बनी रहेगी।

### विनिर्माण क्षेत्र अनुकूल बना हुआ

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के अर्थशास्त्री एवं कार्यकारी निदेशक पारस जसराय ने कहा, '' मांग पक्ष से निजी खपत, उच्च तथा निम्न आय वाले परिवारों दोनों की स्थिर वास्तविक आय में बढ़ोतरी के कारण वृद्धि का एक प्रमुख चालक है।'' उन्होंने कहा, '' विनिर्माण क्षेत्र में अनुकूल आधार-आधारित माल निर्यात वृद्धि के साथ-साथ मजबूत सेवा क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के दौरान आपूर्ति पक्ष से जीडीपी वृद्धि को बढ़ावा दिया।''

## निवेशकों की संपत्ति में 4.63 लाख करोड़ रुपए का इजाफा

# शेयर बाजार में तेजी से निवेशक झूमे, सेंसेक्स 595 अंक व निफ्टी 25,850 अंक के पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला लगातार तीसरे दिन बुधवार को जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई सेंसेक्स 595 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 189 अंक की तेजी रही। निवेशकों की संपत्ति में करीब 4.63 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है। वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के बीच आईटी तथा टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली से बाजार में तेजी बनी रही। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी सरकार के कामकाज ठप होने के संभावित समाधान और फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती की उम्मीद से बाजार धारणा को मजबूती मिली।

### एक समय 781 अंक की बढ़त थी सेंसेक्स में

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 595.19 अंक की बढ़त के साथ 84,466.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 780.69 अंक चढ़कर 84,652.01 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी 180.85 अंक चढ़कर 25,875.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 239.6 अंक तक चढ़ गया था।

### अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद बढ़ी

*एचडीएफसी सिक्योरिटीज के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट नंदीश शाह ने कहा, ''निफ्टी ने लगातार तीसरे सत्र में अपनी बढ़त का सिलसिला जारी रखा और अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद के कारण 180 अंक बढ़कर 25,875 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक 140 अंक की मजबूत बढ़त के साथ खुला और पूरे दिन अपनी बढ़त बनाए रखी।''*



### फेड के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद बढ़ी

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिकी सरकार के कई विभागों में कामकाज ठप होने के संभावित समाधान को लेकर उम्मीद बढ़ने और अमेरिकी श्रम बाजार में नरमी के संकेतों के बीच फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती की बढ़ती उम्मीदों के साथ, नए जोखिम उठाने की क्षमता के कारण वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी आई।''

- आईटी और एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में रही तेजी
- वैश्विक बाजारों में भी आईटी कंपनियों के शेयरों में रही बूम
- बाजार में तेजी का सिलसिला लगातार तीसरे दिन जारी रहा

### टाटा स्टील रहा नुकसान में

दूसरी ओर, नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक और पावरग्रिड शामिल हैं।

### एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख

बीएसई में सूचीबद्ध कुल 2,509 शेयरों में तेजी रही, जबकि 1,701 में गिरावट आई। वहीं 163 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, हांगकांग का हैंगसेंग, जापान का निक्की बढ़त में रहे, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहा।

### ब्रेंट क्रूड के भाव में गिरावट दर्ज

*वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.84 प्रतिशत घटकर 64.61 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 803.22 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 2,188.47 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स 335.97 अंक चढ़ा था जबकि एनएसई निफ्टी में 120.60 अंक की तेजी थी।*

### एशियन पेंट्स में रहा लाभ

*सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मास्युटिकल, इटर्नल, टाइटन और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहे।*

# सोने में 2,000 रुपए की तेजी और चांदी 5,540 रुपए उछली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सोना बढ़कर हुआ 1,27,900 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी 1,61,300 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंची

मजबूत वैश्विक रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने का भाव 2,000 रुपये बढ़कर 1,27,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। अखिल भारतीय सराफा संघ यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,000 रुपये बढ़कर 1,27,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जबकि सोमवार को इसका का भाव 1,25,300 रुपये प्रति 10 ग्राम था। पिछले दो सत्रों में सोने की कीमत में 3,300 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई है।

स्थानीय सराफा बाजार में सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,300 रुपये बढ़कर 1,25,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए विस्फोट के बाद मंगलवार को सराफा बाजार बंद रहे। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष और अनुसंधान विश्लेषक (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने की कीमतों के लगभग 4,100 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर स्थिर रहने के कारण सोने में एक और सत्र के लिए सकारात्मक कारोबार हुआ।''

### चांदी विदेशी बाजार में रही तेज

इस बीच, बुधवार को चांदी की कीमत भी 5,540 रुपये बढ़कर 1,61,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सराफा संघ के अनुसार, सोमवार को चांदी 1,55,760 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। विदेशी बाजारों में, हाजिर सोना 4,127.59 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रहा, जबकि हाजिर चांदी 0.86 प्रतिशत बढ़कर 51.66 डॉलर प्रति औंस हो गई।

### अमेरिका में शटडाउन खत्म होने की उम्मीद

त्रिवेदी ने कहा, ''अमेरिकी सरकार के 'शटडाउन' के खत्म होने की संभावना की उम्मीदों से निवेशकों की कारोबारी धारणा को मजबूती मिल रही है, क्योंकि इससे महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़े जारी हो सकेंगे, जो दिसंबर की बैठक में फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों के अनुमान के लिए अहम हैं।''

- लगभग 59 प्रतिशत कंपनियां सबसे पहले कौशल देख रही

# कंपनियां हुनरमंद कर्मचारियों को नियुक्ति में दे रही तरजीह

एजेंसी ▶▶| मुंबई



नियोक्ता अब हुनर को प्राथमिकता दे रहे हैं। लगभग 59 प्रतिशत कंपनियां 'सबसे पहले कौशल' दृष्टिकोण अपना रही हैं जो पिछले साल की तुलना में 26 प्रतिशत अधिक है। पारंपरिक 'रिज्यूमे' आधारित भर्ती प्रक्रिया से हटते हुए अब अधिक कंपनियां 'स्किल-फर्स्ट' यानी नियुक्ति में हुनर को प्राथमिकता दे रही हैं। कृत्रिम मेधा-समर्थित कौशल आकलन मंच 'इक्विप' की 'स्किल-फर्स्ट हायरिंग' रिपोर्ट के अनुसार 59 प्रतिशत कंपनियां कौशल-आधारित भर्ती दृष्टिकोण अपना रही हैं। यह पिछले साल की तुलना में 26 प्रतिशत और 2022 से 78 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया कि कृत्रिम मेधा (एआई) उपकरणों की मदद से वास्तविक कौशल का बड़े पैमाने पर मूल्यांकन आसान हो गया है जिससे पारंपरिक 'रिज्यूमे' आधारित भर्ती प्रक्रिया की जगह कौशल-आधारित मूल्यांकन ने ले ली है।

## पराग मिल्क फूड्स का लाभ बढ़कर 45.65 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** पराग मिल्क फूड्स लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 56.28 प्रतिशत बढ़कर 45.65 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में मुनाफा 29.21 करोड़ रुपये रहा था। पराग मिल्क फूड्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि जुलाई-सितंबर तिमाही में कुल आय 15.58 प्रतिशत बढ़कर 1,025.98 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 887.61 करोड़ रुपये थी।

# नौकरी बाजार में सुधार के स्पष्ट संकेत : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में एक साल की सुस्त एकल अंक की वृद्धि के बाद नियुक्ति की मंशा दोहरे अंक में 11 प्रतिशत पर लौट आई है। यह पिछले साल 9.75 प्रतिशत थी जिसे क्षेत्रीय विस्तार से समर्थन मिला है। एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से डिजिटल भर्ती मंच 'टैग्ड' द्वारा जारी 'इंडिया डिकोडिंग जॉब्स' 2026 रिपोर्ट के अनुसार, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं एवं बीमा (बीएफएसआई), विनिर्माण और बुनियादी ढांचा जैसे क्षेत्र भर्ती की गति को बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

# टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स 28 प्रतिशत बढ़कर सूचीबद्ध

एजेंसी ▶▶| मुंबई

टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने बुधवार को टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स के सूचीबद्ध होने को कंपनी के सफर के साथ-साथ मोटर वाहन उद्योग के लिए एक ''निर्णायक क्षण'' बताया। टाटा मोटर्स के विभाजन के पूरा होने और उसके दो स्वतंत्र सूचीबद्ध इकाइयों में विभाजित होने के बाद टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स बाजार में सूचीबद्ध हुई। बीएसई में टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स के सूचीबद्धता समारोह में चंद्रशेखरन ने कहा, '' यह वास्तव में एक महत्वपूर्ण क्षण है, एक काफी अहम उपलब्धि है....एक निर्णायक क्षण... टाटा मोटर्स और मोटर वाहन उद्योग दोनों के लिए ...।'' टाटा मोटर्स की वाणिज्यिक वाहन इकाई का शेयर एनएसई पर अपने निर्धारित मूल्य से 28.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 335 रुपये पर खुला। बीएसई पर यह 26.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 330.25 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर कंपनी का बाजार मूल्यांकन 1,22,345.46 करोड़ रुपये रहा। टाटा मोटर्स का विभाजन एक अक्टूबर से प्रभावी हुआ टाटा मोटर्स को एक ''प्रतिष्ठित'' कंपनी बताते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी कंपनी में संरचनात्मक बदलाव करना बहुत मुश्किल होता है। उन्होंने कहा, '' पहली बात, कंपनी के लोग पूरी लगन से मानते हैं कि यह एक अच्छी एवं मजबूत कंपनी है और हमें इसमें हाथ नहीं डालना चाहिए। दूसरी समूह की भी राय होती, एक नजरिया होता कि यह एक प्रतिष्ठित कंपनी है।

## खबर संक्षेप

### एशियन पेंट्स के लाभ में 46.8 फीसदी का इजाफा





**नई दिल्ली।** एशियन पेंट्स का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 46.8 प्रतिशत बढ़कर 1,018.23 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बुधवार को 2025-26 की जुलाई-सितंबर के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 693.66 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### रुपया 16 पैसे टूटकर 88.66 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया बुधवार को 16 पैसे टूटकर 88.66 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर नई संभावनाओं और अमेरिका में लंबे समय से जारी 'शटडाउन' के समाधान की उम्मीदों ने निचले स्तर पर घरेलू मुद्रा को समर्थन दिया।

### स्पाइसजेट का घाटा बढ़कर हुआ 635 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** घरेलू एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट का शुद्ध घाटा बढ़कर 635.42 करोड़ रुपये हो गया। 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी को 447.54 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। विदेशी विनिमय नुकसान को हटाकर स्पाइसजेट को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 447.70 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ।

### बिलियन ब्रेन्स का निर्गम 14 फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** शेयर ब्रोकिंग इकाई ग्रो की मूल कंपनी बिलियनब्रेन्स गैराज वेंचर्स का शेयर अपने निर्गम मूल्य 100 रुपये से 14 प्रतिशत की बढ़त के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 114 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर इसने 12 प्रतिशत चढ़कर 112 रुपये पर शुरुआत की।

### रिलायंस इंफ्रा का मुनाफा 50 फीसदी घट 1911 करोड़




**नई दिल्ली।** रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर का जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 50 प्रतिशत घटकर 1911.19 करोड़ रुपये रह गया। पिछले साल समान अवधि में उसका मुनाफा 4,082.53 करोड़ रुपये था। कंपनी की कुल आय जुलाई-सितंबर 2025 में सालाना आधार पर 7,345.96 करोड़ रुपये से घटकर 6,309.48 करोड़ रुपये रह गई।

### अशोक लेलैंड का लाभ दूसरी तिमाही में बढ़कर 820 करोड़




**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी अशोक लेलैंड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सात प्रतिशत बढ़कर 820 करोड़ रुपये रहा। लाभ में यह वृद्धि विभिन्न खंडों में मजबूत बिक्री के कारण हुई है। हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 767 करोड़ रुपये रहा था। उसकी परिचालन आय एकीकृत आधार पर बढ़कर 12,577 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 11,142 करोड़ रुपये थी।


**केनफिन होम्स लिमिटेड**
Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK)
78, प्रथम तल, जे.आर. सामा काम्पलेक्स, गोरखपुर, कटंगा जबलपुर-482001
फोन : 0755 –4921736 Mob:7625079237
E-mail-jabalpur@canfinhomes.com, CIN : L85110KA1987PLC008699

**मांग सूचना**

सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 (54 का 2002) के तहत धारा 13(2)

सेवा में,
**सभी कानूनी उत्तराधिकारी स्व. लखन सिंह बनाफर (ऋणी)**
**श्रीमती बबिता बनाफर पत्नि स्व. लखन सिंह बनाफर (सहऋणी)**
पता : क्वाटर नं.6, पुलिस थाना लार्ड गंज, जवाहर गंज वार्ड जबलपुर (म.प्र.) 472001

आपने और स्व. लखन सिंह बनाफर ने अपनी निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों को गिरवी रखकर हमारी शाखा से आवास ऋण लिया है। अनुबंधित दर पर भविष्य के ब्याज सहित तक कैन फिन होम्स लिमिटेड को आपकी ओर से दिनांक **12-11-2025** को **₹ 8,88,463.00/- (रुपये आठ लाख अट्ठासी हजार चौर सौ तिरेसठ मात्र)** की राशि देय है।

**बंधक संपत्ति का विवरण**

**म्यूटेशन एवं खसरा नंबर 124/412/2 का भाग, म्यूटेशन के पश्चात खसरा नंबर 124/4, डायवर्सन खसरा नंबर 124/13, एन.बी.-664, पी.एच. नंबर -60 (पुराना-17), मौजा - महाराजपुर, आर.एन.एम.- महाराजपुर, तहसील - अधारताल और जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश, 482004, प्लॉट क्षेत्रफल- 850 वर्गफीट एवं निर्मित क्षेत्रफल 750 वर्ग फीट। चर्तुसीमाएं: उत्तर: 15 फुट साइड रोड, दक्षिण: खंडेलवाल की संपत्ति, पूर्व: ठाकुर साहब की संपत्ति, पश्चिम: लक्ष्मण प्रसाद की संपत्ति**

SARFAESI अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के तहत आप नंबर 1 और 2 को पंजीकृत मांग नोटिस भेजा गया था, लेकिन इसे बिना तामील किए वापस कर दिया गया। अतः, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम के अनुसार उक्त उधारकर्ता/ओं के अंतिम ज्ञात पतों के परिसर में ये नोटिस चिपकाए हैं। इसलिए यह पत्र प्रकाशन किया जा रहा है। चूंकि आप मंजूरी की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं, इसलिए खाते को एनएचबी दिशानिर्देशों के अनुसार **29/10/2025** को गैर निष्पादित संपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। आपको इस नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर से दिनांक **12/11/2025** से अनुबंधित ब्याज दर के साथ उपरोक्त राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, ऐसा न करने पर अधोहस्ताक्षरी उपरोक्त सुरक्षा को लागू करने के लिए SARFAESI अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू करने के लिए बाध्य होंगे। इसके अलावा, उधारकर्ताओं/जमानतदारों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो कि सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उनके पास उपलब्ध समय के संबंध में है।

दिनांक : 12-11-2025
स्थान : जबलपुर

(हस्ता.) प्राधिकृत अधिकारी
केन फिन होम्स लि.



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, सम्राट चौक, सिविल लाईंस, सीधी (म. प्र.)**
PHONE No. 07822-297539 E-mail:- piusidhi@gmail.com

एन.आई.टी. नं. - 31/2025 / केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण / सीई / पी.डब्ल्यू.डी. /भवन/2658 रीवा, दिनांकः- 27/10/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| स. क्र. | पोर्टल टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पी.ए.सी.) (रू.लाख में) | अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | 90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWPIU _460553_1 | आईटीआई सीधी में 60 सीटर बालक छात्रावास भवन का निर्माण कार्य सह जल प्रदाय, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | सीधी | 272.53 | 272530.00 | 15000 | 12 माह | हां |
| 2 | 2025_PWPIU _460795_1 | एसडीएम कार्यालय कुसमी, संयुक्त तहसील भवन हनुमानगढ़ और मडवास कार्यालय भवन सीधी के लिए गोदरेज इंटीरियर फर्नीचर की आपूर्ति। (द्वितीय आमंत्रण) | सीधी | 34.00 | 50000.00 | 5000 | 04 माह | हां |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 31-10-2025 समय 10:00 से दिनांक 14-11-2025 समय 18:00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है। 4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

"पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार" G-21322/25

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, सीधी



**कार्यालय अधीक्षक केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर (म.प्र.)**
**ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम के माध्यम से**

-:: प्रथम ई-निविदा सूचना:-

पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मों की ओर से केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर एवं सर्किल के अधीनस्थ आने वाली जिला जेल छिंदवाडा, सिवनी, बालाघाट तथा सब जेल लखनादौन, वारासिवनी, बैहर में स्थापित सी.सी.टी.वी. सर्विलेंस सिस्टम के वार्षिक रख-रखाव हेतु अनुबंध (A.M.C.) वर्ष 2026-27 के लिए ऑनलाईन वार्षिक प्रथम ई-निविदा बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर दिनांक 06.12.2025 तक निविदाएं आमंत्रित की जाती है। (A.M.C.) निविदा विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रीबिड मिटिंग | 29.11.2025 दोपहर 12.30 बजे | कार्यालय केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर |
| 2 | ऑन लाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि एवं निविदा फार्म की कीमत रू. 1000 - लेखा शीर्ष 0056, जेलें -800 अन्य प्राप्तियां में ऑन लाईन जमा की जावेगी। | 04.12.2025 शाम 05.30 बजे तक | वेवसाईट mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। |
| 3 | ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 06.12.2025 शाम 05.30 बजे तक | वेवसाईट mptenders.gov.in पर ऑन लाईन स्वीकार की जावेगी। |
| 4 | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) खोलने की तिथि | 08.12.2025 दोपहर 12.30 बजे | कार्यालय केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर |
| 5 | ऑन लाईन वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 09.12.2025 दोपहर 12.30 बजे तक | कार्यालय केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर |

निविदा फार्म नियम व शर्ते तथा (A.M.C.) निविदा से संबंधित अन्य आवश्यक विवरण वेवसाईड mptenders.gov.in पर उपलब्ध है।

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर (म.प्र.)

G-21324/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"



**कार्यालय कलेक्टर मण्डला एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग**

ज्ञाप क्र/ 152/ भू-अर्जन / 2025 **अधिसूचना** मण्डला दिनांक 07/11/2025
धारा 11

चूँकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न सूचि के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अतः भू अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्ति को इस आशय की सूचना दी जाती है। राज्य शासन, इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के सम्बन्ध में उक्त धारा 12 द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :-

**अनुसूची**

| जिला | तहसील | ग्राम एवं प.ह.न. | भूमि का लगभग क्षेत्रफल (हे. में) | अधिनियम की धारा 12 के तहत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| मण्डला | घुघरी | बडझर प.ह.न. 06 | 158.87 हेक्ट | कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्र. 2, जिला मण्डला | बसानिया बहुउद्देशीय परियोजना |

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है - बसानिया बहुउद्देशीय परियोजना के निर्माण हेतु। (3) अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्ध किसी व्यक्ति द्वारा अधिसूचना प्रकाशन की जानकारी वेबसाईट www.mandlaa.nic.in व मद्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग भोपाल की वेबसाईट www.mprevenue.nic.in पर भी देखी जा सकती है। (4) भूमि के नक़्शे (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) घुघरी या कायार्पालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्र.2 मण्डला के कार्यालय में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(सोमेश मिश्रा)
कलेक्टर मण्डला एवं पदेन उपसचिव
म. प्र. शासन राजस्व विभाग

G-21326/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"




# रोमांचक मुकाबले में मुसेट्टी ने मिनौर को हराया, 2 घंटे 47 मिनट चली प्रतिस्पर्धा

एजेंसी ▶▶| ट्यूरिन

एटीपी टूर फाइनल्स में लोरेंजो मुसेट्टी ने रोमांचक मुकाबले में एलेक्स डी मिनौर को 7-5, 3-6, 7-5 से शिकस्त दी। इसी के साथ मुसेट्टी ने एटीपी टूर फाइनल्स 2025 में अपनी पहली जीत दर्ज की। यह मुकाबला 2 घंटे 47 मिनट तक चला। लोरेंजो मुसेट्टी ने पहला सेट 7-5 से अपने नाम कर लिया था, लेकिन दूसरे सेट में वह 3-6 से पिछड़ गए।

इसके बाद 23 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी ने उस समय अपनी चमक फिर से दिखाई जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। 4-3, 30/30 के स्कोर पर 31 शॉट की शानदार रैली में हारने के बाद मुसेट्टी ने नाटकीय अंदाज में वापसी की। उन्होंने तीसरा सेट 7-5 से जीतकर अपने सीजन की सबसे बड़ी जीत में से एक हासिल की। इसी के साथ मुसेट्टी ने जिमी कॉनर्स ग्रुप में 1-1 की बराबरी करते हुए क्वालीफिकेशन की उम्मीदों को बरकरार रखा है।

### मुसेट्टी ने किया कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

एटीपी टूर फाइनल्स में पहली बार प्रतिस्पर्धा करते हुए, मुसेट्टी ने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के दम पर क्वालीफाई किया। वह मोंटे-कार्लो, चेंगदू और हाल ही में पिछले हफ्ते एथेंस में फाइनल में पहुंचे और इस सीजन में 45-21 का रिकॉर्ड बनाया। 2025 से पहले, इस इतालवी खिलाड़ी ने कभी भी एक साल में 40 से ज्यादा टूर-स्तरीय जीत दर्ज नहीं की थी। अब वह इस उपलब्धि को बहुत पीछे छोड़ चुके हैं। लोरेंजो मुसेट्टी गुरुवार को अपने तीसरे मैच में पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज से भिड़ेंगे।

कार्लोस ने टेलर को हराया



### शीर्ष रैंकिंग हासिल करने के करीब पहुंचे अल्काराज

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज अपने करियर में दूसरी बार शीर्ष रैंकिंग हासिल करने के करीब पहुंच गए हैं, जिसके लिए उन्हें अब केवल एक जीत की दरकार है। अल्काराज ने एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में टेलर फ्रिट्ज़ को 6-7 (2), 7-5, 6-3 से हराया। उन्हें अब यानिक सिनर की जगह साल के आखिर में नंबर एक रैंकिंग हासिल करने के लिए या तो अपने ग्रुप के अंतिम मैच में लोरेंजो मुसेट्टी को हराना होगा या फिर सेमीफाइनल में जीत दर्ज करनी होगी। अल्काराज ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मैं इसके बारे में सोचने की कोशिश नहीं कर रहा हूं। लेकिन नंबर एक रैंकिंग के बारे में नहीं सोचना वास्तव में बहुत मुश्किल है।' अल्काराज दुनिया के शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे सत्र के इस अंतिम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भी पहुंच गए हैं।

## खबर संक्षेप



### जूनियर विश्व कप की ट्रॉफी पहुंची लखनऊ

**लखनऊ।** तमिलनाडु में होने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप की ट्रॉफी भारत भ्रमण के अपने एक पड़ाव में को लखनऊ पहुंची, जिसका मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया। योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा, 'लखनऊ में एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का स्वागत करना मेरे और प्रदेशवासियों के लिए आह्लादित करने वाला क्षण है।' जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में भारत, चीन, बेल्जियम जापान, स्पेन, न्यूजीलैंड चिली, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया समेत 24 टीम हिस्सा लेंगी। योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'उत्तर प्रदेश में इस ट्रॉफी का आना राज्य के स्वर्णिम इतिहास का स्मरण कराने वाला क्षण है। हॉकी में उत्तर प्रदेश का योगदान अविस्मरणीय है।' उन्होंने ने हॉकी के जादूगर के रूप में विख्यात मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद ने उत्तर प्रदेश की धरती में जन्म लिया था। उनके नेतृत्व में भारतीय हॉकी टीम ने तीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने में सफलता प्राप्त की थी।

### हम रच सकते हैं इतिहास : कॉनराड

**कोलकाता।** दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुक्री कॉनराड को उम्मीद है कि केशव महाराज, सेनुरन मुथुस्वामी और साइमन हार्मर की उनकी स्पिन तिकड़ी भारत के अपने अनुभवी प्रतिद्वंद्वियों के सामने कड़ी चुनौती पेश करेगी और उनकी टीम दो मैच की टेस्ट श्रृंखला जीतकर इतिहास रचने में सफल रहेगी। उन्होंने इस श्रृंखला की तुलना ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से की। कॉनराड ने कहा, 'क्या आपकी टीम में अच्छे स्पिनर होने से पूरे मुकाबले का रोमांच बढ़ जाता है। मेरा जवाब है हां। मुझे लगता है कि इससे हमें काफी आत्मविश्वास मिलता है।' उन्होंने कहा, 'मैं यह नहीं कह रहा हूं कि अतीत में हमारे पास अच्छे स्पिनर नहीं थे, लेकिन हमें निश्चित रूप से लगता है कि अब केशव, साइमन और सेन के रूप में हमारे पास बेहतर स्पिनर हैं।

### पाकिस्तान में बढ़ाई गई श्रीलंकाई टीम की सुरक्षा



**रावलपिंडी।** इस्लामाबाद और वाना में हुए आतंकवादी हमलों के बाद पाकिस्तान के दौरे पर आई श्रीलंका की क्रिकेट टीम की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और उसके खिलाड़ियों के साथ सरकारी मेहमानों जैसा व्यवहार किया जाएगा। इस्लामाबाद में श्रीलंका के उच्चायुक्त एडमिरल (सेवानिवृत्त) फ्रेड सेनेविरत्ने, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी और सरकारी अधिकारियों के बीच हुई बैठक में सुरक्षा मुद्दे पर चर्चा की गई। सूत्रों ने बताया कि नकवी ने श्रीलंकाई टीम के अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन दिया। नकवी पाकिस्तान के गृहमंत्री भी हैं।

## कोलकाता के ईडन गार्डन में कल से पहला टेस्ट

# जुरेल को मिली टीम इंडिया में जगह, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उतरेंगे मैदान पर

ध्रुव जुरेल ने पिछले हफ्ते बेंगलुरु के बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में द.अफ्रीका ए के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भारत ए की ओर से खेलते हुए नाबाद 132 और नाबाद 127 रन की पारी खेली थी।

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

भारतीय टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने कहा कि शानदार फॉर्म में चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में खेलेंगे और ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी के बाहर बैठने की संभावना है। जुरेल ने अब तक सात टेस्ट मैच खेले हैं। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने पिछले पांच प्रथम श्रेणी मैचों में चार शतक लगाए हैं, जिसमें पिछले सप्ताह बेंगलुरु में दक्षिण अफ्रीका 'ए' के खिलाफ दोनों पारियों में लगाए गए शतक भी शामिल हैं। टेन डोएशे का भारतीय टीम के संयोजन को लेकर नजरिया बेहद स्पष्ट था और उन्होंने साफ किया कि जुरेल इस मैच में खेलेंगे। टेन डोएशे ने कहा, 'मुझे लगता है कि हमें टीम संयोजन का अच्छा अंदाजा हो गया है। मुझे नहीं लगता कि आप उन्हें (जुरेल और पंत) इस टेस्ट के लिए बाहर कर सकते हैं। मुझे बहुत आश्चर्य होगा यदि आप ध्रुव और ऋषभ को इस टेस्ट मैच में खेलते हुए नहीं देखें।' घरेलू सत्र की शुरुआत से लेकर अब तक जुरेल के स्कोर का क्रम 140, 1 और 56, 125, 44 और 6, 132 और नाबाद 127 रन रहा है। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली श्रृंखला में अपने करियर का पहला टेस्ट शतक भी लगाया था और उनके प्रभावशाली प्रदर्शन को देखकर उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। डोएशे ने कहा, 'पिछले छह महीनों में ध्रुव ने जिस तरह से प्रदर्शन किया है और पिछले सप्ताह बेंगलुरु में (दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ) दो शतक लगाए हैं, उसे देखते हुए उनका इस मैच में खेलना तय है।'




### भारत-द.अफ्रीका रिकॉर्ड

1992 में साउथ अफ्रीका की वापसी के बाद दोनों देश 17 सीरीज खेल चुके हैं। इस दौरान ज्यादातर घरेलू टीम हावी रही है। साउथ अफ्रीका ने 8 और भारत ने 5 सीरीज जीतीं। दोनों के बीच 4 मैच ड्रॉ रहे। घर में साउथ अफ्रीका ने 9 में से 7 सीरीज जीतीं. दो ड्रॉ (2010-11, 2023-24)। वहीं भारत कभी नहीं जीता। इसके अलावा भारत ने घर में 8 में से 5 जीतीं। साउथ अफ्रीका को एकमात्र जीत 1999-2000 में मिली थी। पिछली भारत यात्रा के दौरान अफ्रीकी टीम को साल 2019 में 0-3 से हार मिली थी।

### दक्षिण अफ्रीका ने नेट्स पर जमकर किया अभ्यास



पाकिस्तान को रावलपिंडी में हराकर सीरीज बचाने वाली साउथ अफ्रीका टीम कोलकाता पहुंची गई है। अब सबकी नजर शुक्रवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट पर है। नेट्स में खिलाड़ियों का पूरा जोर स्पिनर्स पर रहा और भारत का सामना करने जमकर पसीना बहाया। अफ्रीकी बैटर्स ने स्पिनर्स के खिलाफ अटैकिंग क्रिकेट खेला। चोट से उबरकर कप्तान टेम्बा बवुमा लौट आए हैं। जून में पहली बार डब्ल्यूटीसी ट्रॉफी जिताने वाले कप्तान अब फिर कमान संभाल रहे हैं। पूरी टीम पहली बार साथ ट्रेनिंग कर रही थी। सबके चेहरे पर जोश साफ दिखा। नेट सेशन में सिर्फ एक ही प्लान था, स्पिन पर अटैक। बवुमा ने शॉर्ट थ्रो-डाउन लिए। चोट के बाद उनकी नजर और रिफ्लेक्स टेस्ट हो रहे थे। वहीं एडन मार्करम और रयान रिकेल्टन ने ओपनिंग की प्रैक्टिस की।

## आईसीसी रैंकिंग

# भारत वनडे और टी20 में दुनिया की नंबर 1 टीम

### अभिषेक और रोहित शीर्ष पर कायम, अक्षर को डबल फायदा




एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी ने इस हफ्ते की ताजा रैंकिंग जारी कर दी हैं। ज्यादातर नंबर 1 के स्थानों पर भारत का कब्जा बरकरार है। वनडे और टी20 में भारत दुनिया की नंबर एक टीम है। वहीं वनडे में रोहित शर्मा और टी20 में अभिषेक शर्मा नंबर 1 के स्थान पर कायम हैं।

तो टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती और टेस्ट में जसप्रीत बुमराह नंबर 1 पर बने हुए हैं। इसके अलावा रविंद्र जडेजा टेस्ट के नंबर 1 ऑलराउंडर हैं अक्षर पटेल को हालिया रैंकिंग में डबल फायदा हुआ है। अक्षर ने पिछले कुछ दिनों में बतौर ऑलराउंडर भी अपनी टीम इंडिया में खास छाप छोड़ी है। वह गेंदबाजी के साथ टीम इंडिया के लिए पिछले कुछ समय में बल्ले से भी कमाल करते नजर आए हैं। उनको ताजा रैंकिंग में गेंदबाजी और ऑलराउंडर दोनों की लिस्ट में फायदा मिला है।

### टी20 ऑलराउंडर्स में अक्षर को फायदा

अक्षर पटेल पिछले हफ्ते टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में 17वें स्थान पर थे। ऑस्ट्रेलिया सीरीज में शानदार प्रदर्शन का फायदा उन्हें मिला है और अब वह दुनिया के टॉप 15 गेंदबाजों की लिस्ट में 15वें स्थान पर आ गए हैं। जबकि कुलदीप यादव 15वें से 19वें स्थान पर लुढ़क गए हैं। इसके अलावा टी20 ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में भी अक्षर को फायदा मिला है। अक्षर पटेल अब टॉप 10 टी20 ऑलराउंडर्स की लिस्ट के करीब आ गए हैं। वह ताजा रैंकिंग में 14वें से 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जबकि हार्दिक पंड्या,जो ऑस्ट्रेलिया सीरीज नहीं खेल पाए थे अब चौथे से पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं। जबकि नंबर 1 टी20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को ऑलराउंडर्स की इस लिस्ट में 16वें से 17वें स्थान पर खिसकना पड़ेगा।

## क्रिकेट

# एल वोलवार्ट और सेनुरन बने अक्टूबर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी







एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को अक्टूबर के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला और पुरुष खिलाड़ियों के नाम का ऐलान कर दिया। दिलचस्प बात यह है कि दोनों अवॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों ने ही जीते हैं।

महिला वनडे विश्व कप 2025 में सर्वाधिक स्कोर बनाने वाली एल. वोलवार्ट ने आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता जबकि दक्षिण अफ्रीका के ही स्पिन गेंदबाज सेनुरन मुथुस्वामी ने आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार अपने नाम किया। विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान एल. वोलवार्ट ने शानदार प्रदर्शन किया था और अपनी टीम को फाइनल तक पहुंचाया। उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें अक्टूबर माह के सर्वश्रेष्ठ प्लेयर अवॉर्ड से नवाजा गया। वोलवार्ट ने इस महीने में खेले कुल आठ वनडे मैचों में 97.91 के स्ट्राइक रेट से कुल 470 रन बनाए।

### नोमान और राशिद को पीछे छोड़ सेनुरन बने विजेता

आईसीसी ने अक्टूबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में बाएं हाथ के स्पिनर सेनुरन मुथुस्वामी को चुना है। उन्होंने पाकिस्तान के नोमान अली और अफगानिस्तान के राशिद खान को पीछे छोड़कर यह अवॉर्ड जीता। मुथुस्वामी को दक्षिण अफ्रीका के पाकिस्तान दौरे के दौरान बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन के लिए यह अवॉर्ड मिला है। मुथुस्वामी ने कहा, 'आईसीसी द्वारा महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने पर बहुत अच्छा लग रहा है, खासकर इसलिए क्योंकि यह टेस्ट क्रिकेट में प्रदर्शन के आधार पर दिया गया है, एक ऐसा प्रारुप, जिसमें हर खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करना चाहता है। पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में मुथुस्वामी ने 106 रन बनाए और 11 विकेट लिए थे। इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था।

## रऊफ का छलका दर्द

### कहा-हमारे लिए कोई माफी नहीं



**रावलपिंडी।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रउफ ने भारत के खिलाफ एशिया कप के फाइनल में खराब प्रदर्शन के बाद आलोचकों को जवाब देते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की 'कठोर' प्रकृति पर अफसोस जताया, जिसमें 'इंसानों से रोबोट की तरह प्रदर्शन की उम्मीद की जाती है।' रऊफ से जब पूछा गया कि वह भारत के खिलाफ एशिया कप फाइनल जैसे बड़े मैच में अच्छा प्रदर्शन क्यों नहीं कर पाते हैं, उन्होंने कहा, 'हमारे लिए कोई माफी नहीं होती। हमसे रोबोट की तरह प्रदर्शन करने की उम्मीद की जाती है, लेकिन हम इंसान हैं और हमारे लिए भी कोई दिन बुरा हो सकता है।'

# कुमामोतो मास्टर्स में जीते सेन वतानबे को सीधे गेम में हराया

एजेंसी ▶▶| कुमामोतो



भारत के लक्ष्य सेन ने कोकी वतानबे को सीधे गेम में हराकर कुमामोतो मास्टर्स जापान बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल वर्ग के दूसरे दौर में जगह बनाई। सातवें वरीय लक्ष्य ने जापान के दुनिया के 26वें नंबर के खिलाड़ी सिर्फ 39 मिनट में 21-12 21-16 से हराया।

दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य अगले दौर में सिंगापुर के जिया हेंग जेसन और कनाडा के विक्टर लेई के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। भारत के किरण जॉर्ज को हालांकि मलेशिया के जिंग होंग कोक के खिलाफ पहले दौर के मुकाबले में 20-22 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ी ने प्रेस्ले स्मिथ और जेनी गेई की अमेरिका की जोड़ी को कड़ी चुनौती पेश की लेकिन इसके बावजूद भारतीय जोड़ी को तीन गेम में 12-21 21-19 20-22 से हार का सामना करना पड़ा।

### बोंडी ओपन के सेमीफाइनल में रथिका, चीन में हारीं अनाहत



**नई दिल्ली।** सिडनी में बोंडी ओपन पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त रथिका सुथांथिरा सीलन सेमीफाइनल में पहुंच गईं। रथिका ने अपने अभियान की शुरुआत हमवतन आराधना कस्तूरीराज को 11-8, 11-3, 11-5 से हराकर की। इसके बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की अनंतना प्रसेरतनाकुल को 11-7, 11-3, 11-3 से हरा दिया। वहीं अनाहत सिंह शंघाई में मिस्त्र की आठवीं वरीयता प्राप्त और दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सना इब्राहिम के खिलाफ बढ़त बनाने के बावजूद चाइना ओपन के अंतिम 16 के मुकाबले में हार गईं। भारतीय खिलाड़ी अनाहत इस तरह पीएसए गोल्ड टूर्नामेंट में 11-5, 6-11, 4-11, 7-11 से पराजित हो गईं।

## 2019 की टेस्ट सीरीज में छुआ था 500 रन का आंकड़ा

# द.अफ्रीका के खिलाफ रोहित ने बनाए सर्वाधिक रन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टेस्ट इतिहास में अब तक 44 मैच खेले गए हैं, जिसमें कई रिकॉर्ड्स टूटे और कई रिकॉर्ड्स बने। क्या आप उस इकलौते खिलाड़ी के बारे में जानते हैं, जिसने भारत-साउथ अफ्रीका के बीच एक ही टेस्ट सीरीज में 500 रन के आंकड़े को छुआ? यह एक भारतीय खिलाड़ी था। यह कारनामा रोहित शर्मा ने अक्टूबर 2019 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली गई घरेलू टेस्ट सीरीज में किया था। इस पूरी सीरीज में रोहित ने तीन मुकाबलों की चार पारियों में 132.25 की औसत के साथ 529 रन बनाए। इस सीरीज में दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने चार पारियां खेलीं, जिसमें 3 शतक लगाए। इस सीरीज में रोहित शर्मा के बल्ले से 62 चौके



### विशाखापत्तनम में शर्मा ने दोनों पारियों में लगाए था शतक

सीरीज का पहला मैच विशाखापत्तनम में खेला गया था। पहली पारी में रोहित शर्मा ने 244 गेंदों का सामना करते हुए 6 छक्कों और 23 चौकों के साथ 176 रन बनाए। दूसरी पारी में उन्होंने 149 गेंदों में 127 रन बनाए। इस पारी में उनके बल्ले से 7 छक्के और 10 चौके निकले। भारत ने मैच 203 रन से अपने नाम किया। अगला मुकाबला पुणे में खेला गया, जिसमें भारत ने सिर्फ एक ही पारी खेली। रोहित ने इस दौरान 35 गेंदों में 1 चौके के साथ 14 रन बनाए। कप्तान विराट कोहली (254) और मयंक अग्रवाल (108) की शानदार पारियों के दम पर टीम इंडिया ने मुकाबला पारी और 137 रन से जीता था।

### रांची में सलामी बल्लेबाज ने खेली थी 212 रनों की पारी

सीरीज का तीसरा मुकाबला रांची में खेला गया। इस मुकाबले में रोहित शर्मा ने पहली पारी में बतौर सलामी बल्लेबाज 212 रन बनाए। उन्होंने 255 गेंदों की पारी में 6 छक्के और 28 चौके लगाए। भारत ने यह इनिंग 497/9 के स्कोर पर घोषित की। मुकाबले को पारी और 202 रन से अपने नाम करते हुए टीम इंडिया ने सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया।

## भव्यता और श्रद्धा से मनाया गया भगवान शिव के पांचवें अवतार काल भैरव का प्राकट्य दिवस

# 101 गंज खीर वितरण के साथ संपन्न हुआ श्री काल भैरवनाथ जन्मोत्सव

जबलपुर।

**गढ़ा स्थित 500 वर्ष पुराने श्री काल भैरव मंदिर शिवशक्ति धाम में दो दिवसीय श्री काल भैरव अष्टमी महोत्सव का समापन 101 गंज खीर के महाप्रसाद वितरण के साथ हुआ। भगवान शिव के पंचम अवतार काल भैरवनाथ के जन्मोत्सव पर मंदिर प्रांगण में दो दिवसीय भव्य आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए।**

पहले दिन पूजन-अर्चन एवं अखंड मानस पाठ के बाद दूसरे दिन प्रातः रुद्राभिषेक, हवन और महाआरती का आयोजन हुआ। दोपहर से शुरू हुआ खीर महाप्रसाद वितरण देर रात तक चलता रहा। इस दौरान लगभग 10 हजार से अधिक खीर पैकेट श्रद्धालुओं में वितरित किए गए, वहीं 5100 डिब्बों में खीर आसपास के विद्यालयों, कार्यालयों व पुलिस प्रशासन को भेंट की गई। मंदिर समिति के संरक्षक पं. सीताराम दुबे, पं. अशोक मनोध्या, शरद दुबे कुरारिया, रामकृष्ण ताम्रकार तथा अध्यक्ष बलराम सोनी, महासचिव अरविंद सराफ सहित समिति





के सभी सदस्य आयोजन में उपस्थित रहे। 41 वर्षों से चल रही खीर वितरण की यह परंपरा स्वर्गीय गयाप्रसाद सराफ द्वारा आरंभ की गई थी, जिसे अब उनके पुत्र अरविंद सराफ निरंतर निभा रहे हैं। आयोजन में भैरवनाथ को गुड़ के लड्डू, बरा, जलेबी, इमरती, फल आदि का भोग अर्पित किया गया।



## सेंट्रल जेल में हार्टफुलनेस मेडीटेशन का समापन

**जबलपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस केंद्रीय जेल में तीन दिवसीय हार्टफुलनेस मेडीटेशन का समापन बुधवार को हुआ। यह कार्यक्रम पुलिस मुख्यालय, भोपाल एवं हार्टफुलनेस संस्था के मध्य हुए समझौते के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य मध्य प्रदेश पुलिस की सभी इकाइयों में हार्टफुलनेस मेडीटेशन के माध्यम से तनाव प्रबंधन, मानसिक संतुलन, स्वास्थ्य संवर्धन तथा एकाग्रता वृद्धि सुनिश्चित करना है, जिससे पुलिस कर्मियों एवं कारावासियों की कार्य दक्षता एवं मानसिक उन्नति को बढ़ाना है ताकि सभी में गुणात्मक सुधार हो सके। कार्यक्रम का आयोजन जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर, नेताजी सुभाष चंद्र बोस केंद्रीय कारागार, जबलपुर के निर्देशन में किया गया है। इस अवसर पर जॉइंट कमिश्नर जीएसटी श्रीमति आभा जैन, जेल कल्याण अधिकारी श्रीमती सरिता धारू उपस्थित रहीं।



## धनगर केवल नाम अधारा, लिखत लिखत जन उतरहिं पारा

**जबलपुर।** प्रजातांत्रिक देश भारत में निवासरत मझोले एवं छोटे पशु पालक समाज के धनगर, धनगढ़, ग्वाल, पाल, गवली, गायरी, गारी, चौधरी, बघेल, हटेकर, खुटेकर, गड़रिया, गाड़री, यादव, ग्वाला, नीखर, होलकर एवं अन्य नामों से जानी जाने वाली जातियों के संगठन प्रमुखों की सभा 9 नवंबर 2025 दिन रविवार को इंदौर. म.प्र. में स्थापित श्री गजानन महाराज "खजराना गणेश" धाम के सभा भवन में महाराजा उदयराजे होलकर के मुख्यातिथ्य में, श्याम लाल ग्वाला शाजापुर की अध्यक्षता में आयोजित हुयी जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि हमारी मूल जाति "धनगर" ही है चूंकि देवी अहिल्या बाई होलकर भी धनगर ही थीं जिसके प्रमाण प्रस्तुत कर सभी को संतुष्ट किया गया और आगामी कोई भी कार्यक्रम 'समस्त धनगर समाज' के बैनर तले ही जाति के अन्य उपनामों का उल्लेख करते हुए आयोजित किये जायेंगे। वर्ष 1950 के प्रेजिडेंशियल ऑर्डर के अनुसार हमें अनु. जाति/जनजाति का आरक्षण मिला हुआ है पर हम ले नहीं पा रहे हैं अतः हमें संगठित होकर हमारे इस संवैधानिक अधिकार को प्राप्त करना है। "धनगर" जाति नाम ही हमें पार लगाएगा। रामविशाल पाल, प्रदेश उपाध्यक्ष धनगर समाज महासंघ शहडोल, रामपाल (शहडोल) एवं बड़ी संख्या में देश-प्रदेश एवं जिले के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। आगामी अधिवेशन 28 दिसंबर 2025 को देवी अहिल्या की राजधानी "महेश्वर" मध्यप्रदेश में आयोजित होगा।

## विधायक बरकड़े ने बिरसा मुंडा रथ यात्रा में शामिल होने किया प्रेरित

**हरिभूमि, जबलपुर। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर विकासखंड कुंडेश्वर धाम अंतर्गत ग्राम तौरी मोहनी में आयोजित कार्यक्रम में सिहोरा विधायक संतोष बरकडे ने भगवान बिरसा मुंडा की रथ यात्रा में सहभागी बने और जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने के लोगों को आमंत्रित किया।**

विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन, उनका संघर्ष औरजनजातीय समाज का गौरवपूर्ण इतिहास आज के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा किबिरसा मुंडा को "धरती आबा" कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पित किया समारोह में विधायक बरकडे ने रथ यात्रा के चालकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और रथों का विधिवत पूजन



किया। सुसज्जित रथों पर प्रदर्शित जनजातीय संस्कृति, लोक नृत्य और पारंपरिक झलक ने उपस्थित सभी का मन मोह लिया। इस रथ यात्रा का उद्देश्य बिरसा मुंडा के शौर्य, बलिदान और स्वाभिमान की गाथा को जन जन तक पहुँचाना है। 11 से 15 नवम्बर तक यह यात्रा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों और पंचायतों में पहुँच कर जनजातीय नायकों की प्रेरक कहानियों को प्रसारित करेगी। विधायक बरकड़े ने इस अवसर पर कहा, "बिरसा मुंडा का त्याग और संघर्ष हमारी अमूल्य धरोहरहै; हमें उनके आदर्शों को अपनाकर अपने समाज को आगे बढ़ाना चाहिए।"

## ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर ने दृष्टिबाधित छात्राओं को दिए विशेष लैपटॉप

### 'सेवा परमो धर्मः' की भावना के साथ समाजसेवा का प्रेरक उदाहरण

**जबलपुर।** मुख्यालय मध्य भारत एरिया के तत्वावधान में ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर द्वारा सरकारी मंकुंवरबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में दृष्टिबाधित छात्राओं को विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए लैपटॉप भेंट किए गए। यह कार्यक्रम पिछले वर्ष आयोजित "सूर्या हाफ मैराथन–2024" में किए गए वचन की पूर्ति के रूप में संपन्न हुआ।इस पहल का उद्देश्य दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना और शिक्षा में समान अवसर उपलब्ध कराना है। इससे पहले फरवरी 2025 में दृष्टिबाधित छात्रों को भी इसी पहल के तहत सामग्री प्रदान की जा चुकी थी।विशेष ऑडियो-सहायक



सुविधाओं से युक्त ये लैपटॉप छात्राओं को डिजिटल शिक्षा में सक्षम बनाएंगे। कार्यक्रम में रेजिमेंटल सेंटर के अधिकारी, कॉलेज स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। आयोजन की सभी ने सराहना की और इसे सेना की "सेवा परमो धर्मः" की भावना का जीवंत उदाहरण बताया। उल्लेखनीय है कि "सूर्या हाफ मैराथन" का अगला संस्करण 16 नवंबर 2025 को आयोजित किया जाएगा।

# ओएफके यूनियन के बदले समीकरण

जबलपुर।

आयुध निर्माणी खमरिया में यूनियनों की राजनीति में बड़ा बदलाव सामने आया है। श्रमिक संगठनों के बीच प्रतिस्पर्धा और आंतरिक असंतोष के चलते बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एक संगठन से दूसरे संगठन में स्थानांतरित हो रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ (बीपीएमएएस) से संबद्ध कामगार यूनियन द्वारा गीतायन प्रेक्षागृह में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान बड़ी राजनीतिक हलचल देखी गई। कार्यक्रम में आईएनडीआईडब्लयूएफ के अखिल भारतीय राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमित चौबे सहित खमरिया सुरक्षा कर्मचारी यूनियन (इंटक) के करीब 200 कार्यकर्ताओं ने इंटक को छोड़कर भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ की सदस्यता ग्रहण की। कामगार यूनियन के नेता राजेंद्र चढारिया के अनुसार, बीपीएमएएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मारुति पवार ने सभी नवागंतुक सदस्यों को भगवा ध्वज और माला पहनाकर संगठन में शामिल कराया।सदस्यता ग्रहण करने के बाद अमित चौबे ने इंटक नेतृत्व पर

### 200 कार्यकर्ता इंटक छोड़ बीपीएमएएस में शामिल

गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, इंटक के कुछ नेताओं की कार्यशैली पक्षपातपूर्ण और मजदूर विरोधी रही है। श्रमिकों के हितों और कल्याण की अनदेखी की जा रही थी, जिसके चलते हमने राष्ट्रवादी संगठन के साथ जुड़ने का निर्णय लिया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मारुति पवार ने कहा कि, "भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ का मूल ध्येय राष्ट्र हित, उद्योग हित और मजदूर हित को सर्वोपरि रखना है। संगठन श्रमिकों को सम्मान और उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने निगमीकरण के बाद बदले हालात, श्रमिक सुरक्षा और अधिकारों पर भी अपनी बात रखी और ईमानदार श्रमिक नेतृत्व के एकजुट होने का आह्वान किया।

प्रभारी रूपेश पाठक ने कहा कि कामगार यूनियन की निष्पक्षता और साफ-सुथरी कार्यशैली से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में श्रमिक बीपीएमएएस में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने संकेत दिया कि जल्द ही अन्य संगठनों से भी बड़े स्तर पर कार्यकर्ता बीपीएमएएस से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन में शामिल हुए सदस्यों को भविष्य में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जाएंगी।

इस अवसर पर एमआईएल प्रभारी रूपेश पाठक ने कहा कि बीपीएमएस की टीम में शामिल कार्यकर्ताओं को श्रमिकों की लड़ाई के लिए जिम्मेदारी दी जाएगी । आप ने बताया कि कामगार यूनियन की स्वच्छ साफ छवि और कार्यशैली से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में इंटक के लोग बीपीएमएस में शामिल हुए। यूनियन के अध्यक्ष राजेंद्र चारडिया, महामंत्री प्रेम लाल सेन ने भी इस अवसर पर अपने उद्गार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन अरुण मिश्रा एवं रंजीत राय ने किया। बीपीएमएस की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से अमित चौबे, रमेश यादव, मुकेश पाण्डे, संजीव सिंह डेलीगेट मेंबर और सैकड़ों सदस्य शामिल थे ।

## पमरे में पेंशनर्स हेतु डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट मेगा कैंप 14 को

**जबलपुर।** रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों की सुविधा के लिए पश्चिम मध्य रेल द्वारा "डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट" हेतु मेगा कैंप का आयोजन 14 नवम्बर को किया जा रहा है। यह कैंप रेलवे स्टेडियम के सामने स्थित उमंग समुदायिक भवन में सुबह 9:30 से शाम 4:30 बजे तक आयोजित होगा।कैंप में रेलवे सहित केंद्र सरकार के अन्य विभागों से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे तथा संबंधित जानकारी भी दी जाएगी। पेंशनरों से अनुरोध है कि वे आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पीपीओ की प्रति एवं रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर साथ लाएं।यह पहल डिजिटल इंडिया विजन के अनुरूप है, जो वरिष्ठ नागरिकों को बैंक गए बिना घर बैठे प्रमाण पत्र जमा करने की सुविधा प्रदान करती है।

## एसएसबीबीएलए शताब्दी समारोह के अंतर्गत तीन दिवसीय नाट्य उत्सव 14 से

### सेठ गोविंद दास रंगमंच, शहीद स्मारक में होगा आयोजन

जबलपुर।

सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी ए सो सि ए श न (एस.एस.बी.बी.एल.ए.) एवं सिटी बंगाली क्लब जबलपुर के शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय नाट्य उत्सव का आयोजन 14 से 16 नवंबर तक सेठ गोविंद दास रंगमंच, शहीद स्मारक, गोलबाजार में किया जा रहा है।

संस्थान के सचिव प्रकाश साहा ने बताया कि उत्सव का शुभारंभ शुक्रवार, 14 नवंबर को शाम 6 बजे आकाशवाणी जबलपुर के प्रधान निदेशक प्रदीप पटले के मुख्य आतिथ्य में होगा। उद्घाटन दिवस पर एस.एस.बी.बी.एल.ए. द्वारा बांग्ला नाटक "नोटी विनोदिनी" का मंचन किया जाएगा। दूसरे दिन 15 नवंबर को ड्रामा सोसायटी आकृति, नई दिल्ली का हिंदी नाटक "रू-ब-रू" तथा प्रारंभ ग्रुप, नई दिल्ली का बांग्ला नाटक "उत्तरा" मंचित होगा। अंतिम दिन 16 नवंबर को नाट्यसेना, कोलकाता की 1309वीं प्रस्तुति के रूप में बांग्ला हास्य नाटक "गोरूर गाड़िर हेड लाइट" (बैलगाड़ी का हेड लाइट) का मंचन होगा। प्रवेश निःशुल्क रहेगा, जिसके लिए दर्शकों को एंट्री कार्ड जारी किए जा रहे हैं। आयोजन समिति ने जबलपुरवासियों से आग्रह किया है कि वे इस सांस्कृतिक उत्सव में सम्मिलित होकर नाट्यकला का आनंद लें।

## सहायक ग्रेड 3 का वेतनमान बढ़ाया जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि मध्य प्रदेश के समस्त विभागों में कार्यरत सहायक ग्रेड 3 को 1900 ग्रेड पे के आधार पर वेतन दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कंप्यूटर आपरेटर को 2400 ग्रेड पे के आधार पर वेतन दिया जा रहा है। सहायक वर्ग-3 का प्रारंभिक वेतन 1900 ग्रेड पे के स्थान 2400 ग्रेड पे के आधार पर दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री से संघ मांग करता है की मध्य प्रदेश के समस्त विभागों में कार्यरत लिपिकों अर्थात सहायक वर्ग 3 का वेतन 2400 ग्रेड पे के आधार पर किया जाए।

## श्री नृसिंह मंदिर में श्रीमद्भागवत महापुराण के द्वितीय दिवस

# वेदों का सार है श्रीमद्भागवत : जगतगुरु श्रीनरसिंह देवाचार्य महाराज

जबलपुर।

जगदगुरू डॉ. स्वामी नृसिंहदेवाचार्य महाराज ने कहा श्रीमद्भागवत की कथा सुनने से चाहे कितना बड़ा पापी क्यों न हो वह निष्पाप हो जाता है। आत्मदेव ब्राम्हण की कथा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा, इन विप्र के यहाँ जब कोई पुत्र न पुत्री तो वे दुखी होकर जंगल में गये, किसी संन्यासी से भेंट हुई और उन्होंने पुत्र प्राप्त कराने हेतु तपः पूत फल प्रदान किया। पत्नी को फल ग्रहण करना था पर पत्नी धुन्धुली ने स्वयं नहीं



खाया गाय को खिलाया जिसके परिणाम स्वरूप गोकर्ण जी का जन्म हुआ तथा धुन्धुली ने बहन के बेटे को अपनाकर धुन्धकारी को अपना पुत्र घोषित किया जो अत्यन्त अधर्म व पाप करता हुआ मरने पर घोर प्रेत योनि में भटकता रहा, श्रीगोकर्ण का श्रीमद्भागवत की कथा सुनकर उद्धार हुआ। स्वामी जी ने कहा यह वेद और वेदान्त का सार ही श्रीमद् भागवत महा पुराण है, इसके श्रवण मात्र से सम्पूर्ण वेद वेदान्त के श्रवण का पुण्य जीव को सहज ही प्राप्त हो जाता है। "सर्व वेदान्त सारं यद् श्रीमद् भागवतमिष्यते" इस कथा के श्रवण से हमारे आपके अन्तःकरण में भगवान की दिव्य भक्ति का उदय हो जाता है। व्यासपीठ का पूजन मुख्य यजमान उमेश तिवारी, महेश तिवारी, वासुदेव तिवारी, राजेश तिवारी, कमलेश परोहा, प्रवीन चतुर्वेदी, अभिषेक मिश्रा, दीपक तिवारी ने किया।

# माता गुजरी महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

जबलपुर।

**माता गुजरी महिला महाविद्यालय (स्वशासी), जबलपुर के ईएलसी क्लब द्वारा बुधवार को 12:30 से मतदाता सूची 'विशेष गहन पुनरीक्षण जागरूकता गतिविधि (SIR) के अंतर्गत एक जागरूकता रैली तथा लघु नाटिका का आयोजन किया गया।**

यह रैली माता गुजरी महाविद्यालय के प्रांगण से शुरू होकर सिविक सेंटर, मढ़ाताल, समदड़िया मॉल से होते हुए पुनः मातागुजरी महाविद्यालय के प्रांगण में समाप्त हुई। रैली के दौरान छात्राओं द्वारा एसआईआर तथा मतदान से संबंधित नारे लगाए गए।इस कार्यक्रम में




महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. एस.के. पाहवा, प्राचार्य डॉ. संगीता झॉम्ब आदि के मार्गदर्शन से एवं ईएलसी क्लब अधिकारी डॉ. माया शुक्ला के कुशल निर्देशन से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला स्वीप समन्वयक डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव उपस्थित रहे। श्री श्रीवास्तव द्वारा छात्राओं से एसआईआर से संबंधित जानकारी दी गई, साथ ही प्रश्नोत्तरी पूछी गई एवं विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए इसके साथ ही एसआईआर की विस्तृत जानकारी देते हुए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. जयश्री जैन, डॉ. पुष्पा रमेष, डॉ. सुनीता सोनी, डॉ. रीता मुखर्जी, डॉ. अल्पना सिंह, ले. भारती तिवारी एवं एनसीसी व एनएसएस की छात्राओं इत्यादि का विशेष सहयोग रहा। नुक्कड़ नाटक में ईएलसी क्लब की कैम्पस एम्बेसडर तन्वी, आर्ची सक्सेना, कोमल पिल्लई, पलक, इच्छा, हेमलता, निकिता, वर्षा आदि छात्राओं का सहयोग रहा।

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर-1 जिला-जबलपुर**

रा.प्र. क्र. /1224/अ-6/2025-2026
जबलपुर, दिनांक 12/11/25

// आम इश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम ग्वारीघाट प.ह.नं. 08 तहसील गोरखपुर-1 जिला - जबलपुर को सूचित किया जाता है कि, आवेदक संकल्प वर्मा पिता एस.के. वर्मा जाति- निवासी-डी-15, श्वेताम्बरी सुभाष कॉलोनी के पास सिविल लाइन जबलपुर के द्वारा ग्राम ग्वारीघाट बंदोबस्त नंबर 603 प.ह.नं.- में स्थित भूमि खसरा नंबर 57/4/5 रकवा क्रमशः 595 वर्गफुट / हेक्टेयर पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक म.प्र. शासन दिनांक- के माध्यम से क्रय कर शासकीय अभिलेखों में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक 25/11/25 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह इस्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-12/11/25
पेशी दिनांक - 29/11/25
मुद्रा
नायब तहसीलदार गोरखपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 0350/अ-..../2025-26

इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका माया सिंह चंदेल पति स्व. विनय भूषण चंदेल, मोनिका झारिया पिता स्व. विनय भूषण चंदेल, विलास सिंह चंदेल पिता स्व. विनय भूषण सिंह चंदेल निवासी. म. न. 29 / 2 बिलपुरा कॉलोनी वार्ड नं. 78 रांझी जिला जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक दिनांक वसीयतनामा / बंटवारा नामा/ हस्तान्तरण पत्र / हकत्याग पत्र /दान पत्र / दस्तवरदारी / तबादलानामा के माध्यम से मौजा बिलपुरा नं.ब....प.ह.नं....खसरा नं. 287/13 प्लाट नं...रकवा 0.100 हेक्टे. पर विक्रेता / वसीयतकर्ता.......पिता / पति......निवासी....से क्रय की गई भूमि पर अपना नाम दर्ज कराने फौती नामांतरण नक्शा बटांकन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति न्यायालय में पेशी दिनांक 18/11/2025 तक उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 11/11/2025 को इश्तहार जारी किया गया।


जारी दिनाँक-11/11/2025
पेशी दिनाँक-18/11/2025
सील
नायब तहसीलदार रांझी-जबलपुर

## ग्रंथों में लिखित कथनों को अंधविश्वास न समझें, छिपे वैज्ञानिक दृष्टिकोण को पहचानें : आचार्य बालकृष्ण

# पतंजलि के वैज्ञानिकों ने सत्यापित किया वर्षा ऋतु में एकत्रित गिलोय औषधीय रूप से अधिक प्रभावी

## पतंजलि के वैज्ञानिकों ने एक अभूतपूर्व शोध करते हुए यह सत्यापित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार



पतंजलि के वैज्ञानिकों ने एक अभूतपूर्व शोध करते हुए यह सत्यापित किया है कि वर्षा ऋतु में एकत्रित गिलोय औषधीय रूप से अधिक प्रभावी है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यह सोचने की बात है कि क्यों प्रकृति से जुड़े हमारे त्यौहार हरेला और जड़ी-बूटी दिवस विशेष ऋतु में ही मनाए जाते हैं? क्यों हमारे आयुर्वेदिक ग्रंथो में लिखा गया है कि किस पौधे के किस हिस्से को कौन-सी विशेष ऋतु में एकत्रित करना चाहिए? क्या इसका कोई वैज्ञानिक आधार है, या यह हमारे पूर्वजों की एक छद्म कल्पना मात्र है? इस शोध के माध्यम से पतंजलि के वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सनातन ग्रंथों में लिखित ऋषि-मुनियों के विचार, भारतीय संस्कृति से जुड़े त्यौहार, मात्र हमारे पूर्वजों की कपोल कल्पना नहीं, उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण निहित था, जो भविष्य की पीढ़ियों को ध्यान में रखकर लिखा गया था। अब समय आ गया है कि हम प्रकृति की ओर लौटें, सनातन संस्कृति की ओर लौटें, और हमारे ग्रंथों में लिखित कथनो को अन्धविश्वास न समझ, उनमें छिपे वैज्ञानिक दृष्टिकोण को पहचाने।

### वैज्ञानिकों ने दो वर्षों तक गिलोय को किया एकत्र



गिलोय

आयुर्वेद की अमर औषधि मानी जाने वाली गिलोय पर पतंजलि द्वारा किए इस वैज्ञानिक शोध में पतंजलि के वैज्ञानिकों ने अथक परिश्रम कर दो वर्षों तक गिलोय को एकत्र किया। इस शोध में यूएचपीएलसी-पीडीए और एचपीटीएलसी तकनीक के माध्यम से गिलोय का रासायनिक विश्लेषण किया गया जिसमें इस तथ्य कि पुष्टि हुई कि वर्षा ऋतु में एकत्रित गिलोय अधिक प्रभावी और गुणवत्ता युक्त हैं। यह शोध स्प्रिंगर प्रकृति के रिसर्च जर्नल बीएमसी प्लांट बायोलॉजी में प्रकाशित हुआ है।

### *औषधीय पौधों की प्रभावशीलता निर्भर करती है उसमें विद्यमान पादप रसायन पर*

*इस अवसर पर पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि आयुर्वेद के अनुसार औषधीय पौधों की प्रभावशीलता उसमें विद्यमान पादप रसायन पर निर्भर करती है, जो मौसम के साथ बदलता है। यह शोध उस पारंपरिक ज्ञान का वैज्ञानिक प्रमाण प्रस्तुत करता है। उन्होंने आगे कहा कि जड़ी-बूटियों का सही समय पर एकत्रीकरण न केवल उनके औषधीय प्रभाव को बढ़ाएगा अपितु आयुर्वेदिक औषधियों की गुणवत्ता को सुधारने में भी सहायक होगा।*

# 25 करोड़ के मोटर इंश्योरेंस फ्रॉड का खुलासाः बजाज जनरल इंश्योरेंस की बड़ी सफलता




**पुणे।** बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (पूर्व नाम बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड) ने 25 करोड़ के मोटर एक्सीडेंट इंश्योरेंस फ्रॉड का पर्दाफाश किया है। कंपनी ने बताया कि यह धोखाधड़ी झूठी एफआईआर और फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से भुज के मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल में की गई थी। मामले की जांच के बाद पता चला कि कथित चालक ने जानबूझकर झूठा बयान दर्ज कराया और गवाहों को गुमराह कर इंश्योरेंस क्लेम हासिल करने की कोशिश की। गुजरात हाईकोर्ट के निर्देश पर गठित सीआईडी क्राइम ब्रांच की एसआईटी जांच में यह बात सामने आई कि दुर्घटना के समय मृतक स्वयं गाड़ी चला रहा था।सत्यापित सबूतों के आधार पर बजाज जनरल इंश्योरेंस ने आरोपी चालक और वाहन मालिक के खिलाफ साणंद पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई है। कंपनी ने कहा कि वह 'जीरो टॉलरेंस पॉलिसी' पर कायम है और इंश्योरेंस धोखाधड़ी के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखेगी।बजाज जनरल इंश्योरेंस, बजाज फिनसर्व लिमिटेड की सहायक कंपनी है और देश की अग्रणी निजी बीमा कंपनियों में से एक है। कंपनी मोटर, हेल्थ, होम, साइबर और रूरल इंश्योरेंस सहित विविध बीमा सेवाएं प्रदान करती है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।। बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। भाई-बहनों के सहयोग से कारोबार का विस्तार होगा।

**वृष** — शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। धन की प्राप्ति होगी। धैर्यशीलता बढ़ाने का प्रयास करें। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। नौकरी में यात्रा पर जाना पड़ सकता है। धन की प्राप्ति भी होगी। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे।

**कर्क** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार का विस्तार होगा। अचानक धन लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**सिंह** — परिश्रम अधिक रहेगा। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। मन में शान्ति एवं प्रसन्नता के भाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कन्या** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन भी बन सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**तुला** — नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाणी में सौम्यता रहेगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**वृश्चिक** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत रहें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। लंबे समय से रुके हुए कार्य बनेंगे।

**मकर** — लाभ में वृद्धि होगी। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में अफसरों से व्यवहार ठीक

**कुंभ** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

# टाइटन आई+ का बाल दिवस पर आँखों की जाँच के लिए एक तारा परीक्षण

**बैंगलोर।** इस बाल दिवस पर, टाइटन आई+ भारत भर के अभिभावकों से अपने बच्चों की दृष्टि की जाँच के लिए एक दिव्य कथा का उपयोग करने का आग्रह कर रहा है। ब्रांड ने 'एक तारा टेस्ट' नामक एक अनूठा अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य अभिभावकों को अपने बच्चों में संभावित दृष्टि समस्याओं का पता लगाने के लिए एक सरल, सुलभ और मनोरंजक प्रारंभिक नेत्र-जांच उपकरण प्रदान करना है। यह अभियान शिकारियों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले एक पुराने नेत्र परीक्षण से प्रेरणा लेकर शुरू किया गया है। यह पहल 3 करोड़ से ज़्यादा बच्चों में कमज़ोर दृष्टि की समस्या की मूक महामारी के प्रति एक रचनात्मक प्रतिक्रिया है, जिसका पता नहीं चल पाता और जो बच्चे के प्रारंभिक वर्षों में बाधा बनती है। इस अभियान की कहानी को एक फिल्म में प्रभावशाली ढंग से जीवंत किया गया है, जो साहिबा नामक एक युवा स्कूली छात्रा की कहानी पर आधारित है, जिसकी धुंधली दृष्टि से जूझना उसके दैनिक जीवन को प्रभावित करता है। यह फिल्म अभिभावकों के बीच एक आम गलत धारणा को उजागर करती है कि कमज़ोर दृष्टि एक ऐसी स्थिति है जो उम्र के साथ आती है, जिससे बच्चों की नियमित आँखों की जाँच नहीं हो पाती। इस चुनौती से पार पाने के लिए, टाइटन आई+ ने एक प्राचीन पद्धति को एक मनोरंजक और प्रभावी नेत्र-जांच उपकरण में बदल दिया है। टाइटन कंपनी लिमिटेड के नेत्र देखभाल प्रभाग के मार्केटिंग प्रमुख, मनीष कृष्णमूर्ति ने कहा, 'हर पाँच में से एक बच्चा धुंधली दृष्टि से प्रभावित होता है और उनमें से एक बड़ी संख्या चुपचाप इस समस्या से जूझती है। टाइटन आई+ अभियान इस वास्तविकता को भावनात्मक रूप से दर्शाता है और जागरूकता बढ़ाने के लिए 'एक तारा परीक्षण' को एक सरल और अभिनव समाधान के रूप में प्रस्तुत करता है। एक प्राचीन तकनीक को पुनर्जीवित करके, हम न केवल एक समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं, बल्कि परिवारों के लिए एक यादगार अनुभव भी बना रहे हैं।' ओगिल्वी साउथ के मुख्य रचनात्मक अधिकारी, पुनीत कपूर ने भी कहा, 'टाइटन आई प्लस एक तारा टेस्ट का विचार एक सरल और मनोरंजक संयोजन से आया हैः प्राचीन हंटर टेस्ट को हर बच्चे की पसंदीदा रस्म, तारों को निहारने के साथ जोड़ना। एक तारा टेस्ट एक पारदर्शी कार्ड है जिस पर अंधेरे में चमकने वाले चिह्न हैं जो आकाश दर्शन को एक पहेली में बदल देते हैं, जिससे बच्चों को सप्तऋषि (ग्रेट बियर) तारामंडल में हंटर टेस्ट को पहचानने में मदद मिलती है। यह जिज्ञासा को स्क्रीनिंग की ओर मोड़ता है, समस्याओं का जल्द पता लगाता है और चश्मे के लिए सुधारात्मक नुस्खे जल्दी तैयार करता है।' टाइटन आई+ का 'एक तारा टेस्ट' प्रकाशित वैज्ञानिक शोध पर आधारित एक स्क्रीनिंग टूल है। यह किसी योग्य पेशेवर द्वारा किए गए नेत्र परीक्षण का विकल्प नहीं है।

## सूडोकू बवाल - 6056

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू बवाल - 6055 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## शब्द पहेली - 6046



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

शब्द पहेली- 6045 का हल








वर्ल्ड डायबिटीज डे
14 नवंबर, स्पेशल

डायबिटीज को कंट्रोल करने में खान-पान की भूमिका तो महत्वपूर्ण होती ही है। इसके अलावा कुछ योगासनों और शारीरिक गतिविधियों से भी इसे कंट्रोल किया जा सकता है। ऐसे ही कुछ योगासनों के बारे में जानिए।

## इन योगासनों से मिलेगी डायबिटीज से राहत


योगोपचार


अंजू जैन

आज के दौर में असंतुलित जीवनशैली और डाइट की वजह से डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियां कम उम्र में भी देखने को मिल रही हैं। दरअसल डायबिटीज जीवनशैली से जुड़ी स्थिति है, जिसे अनुकूल आहार, नियमित योग, प्राणायाम और प्राकृतिक इलाज अपनाकर नियंत्रित और रिवर्स किया जा सकता है।

**डायबिटीज रिवर्सल के लिए योग:** विभिन्न आसन जैसे मंडूकासन, वज्रासन और पश्चिमोत्तानासन विशेष रूप से डायबिटीज के लिए लाभकारी माने जाते हैं। ये न केवल अग्न्याशय (पैंक्रियाज) की कार्यक्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि शरीर में इंसुलिन की संवेदनशीलता को भी सुधारते हैं। यदि थोड़ा-सा समय अपने स्वास्थ्य के लिए निकालें और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए, तो डायबिटीज रिवर्सल की दिशा में कदम बढ़ाया जा सकता है।

**वज्रासन:** टाइप-2 मधुमेह के लिए यह आसन विशेष रूप से फायदेमंद है। भोजन के बाद इसे करने से पाचन अच्छा होता है और शुगर नियंत्रित रहती है। मधुमेह नियंत्रण में वज्रासन के कई फायदे हैं, जैसे कि यह इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार करता है, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करता है और अग्न्याशय और यकृत जैसे पेट के अंगों को उत्तेजित करता है, जिससे इंसुलिन उत्पादन में सुधार होता है। यह पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है और कब्ज, अपच और गैस जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करता है। यह तनाव को कम करता है, जो मधुमेह के प्रबंधन के लिए फायदेमंद है।





**मंडूकासन:** मंडूकासन मधुमेह नियंत्रण में मदद करता है क्योंकि यह पैंक्रियाज को उत्तेजित करके इंसुलिन उत्पादन बढ़ाता है, ब्लड शुगर के स्तर को सामान्य करता है और पाचन में सुधार करता है। इसके अन्य लाभों में तनाव कम करना, पेट की चर्बी घटाना और शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालना शामिल है।

यह पेट के अंदरूनी अंगों की मालिश करता है, जिससे पाचन तंत्र दुरुस्त होता है और कब्ज, गैस और एसिडिटी जैसी समस्याएं दूर होती हैं। साथ ही यह तनाव और चिंता कम करता है। नियमित अभ्यास से मन शांत होता है और तनाव कम होता है, जो रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में सहायक होता है।

**धनुरासन:** यह मेटाबॉलिज्म को तेज करता है। धनुरासन पैंक्रियाज को सक्रिय करने में मदद सकता है। धनुरासन से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। दरअसल, शरीर में ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने वाले इंसुलिन हार्मोन का उत्पादन पैंक्रियाज ही करता है।



**अर्ध मत्स्येंद्रासन:** मधुमेह को नियंत्रित करने के लिए अर्ध मत्स्येंद्रासन के कई फायदे हैं। यह अग्न्याशय को उत्तेजित करता है, जिससे इंसुलिन उत्पादन बेहतर होता है और रक्त शर्करा का स्तर कम होता है। यह आसन पाचन और मेटाबॉलिज्म को भी सुधारता है और पेट के अंगों को उत्तेजित करके विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। इसके अतिरिक्त, यह पेट और कमर की चर्बी कम करता है, रक्त संचार बढ़ाता है और तनाव कम करने में सहायक है।



**वक्रासन:** मधुमेह नियंत्रण में वक्रासन के कई फायदे हैं। यह अग्न्याशय को उत्तेजित करता है, जिससे इंसुलिन का उत्पादन बढ़ता है और कोशिकाओं की इंसुलिन के प्रति संवेदनशीलता में सुधार होता है। इसके अतिरिक्त, यह पाचन में सुधार करता है, तनाव को कम करता है और रीढ़ की हड्डी के लचीलेपन को बढ़ाता है। वक्रासन मस्तिष्क को शांत करता है और तनाव को कम करने में मदद करता है, जो शुगर के स्तर को स्थिर रखने के लिए महत्वपूर्ण है।

**ये उपाय भी हैं कारगर:** आसनों के अभ्यास के अलावा कुछ अन्य उपाय भी कारगर हो सकते हैं।

**वेट मैनेजमेंट:** ओबेसिटी डायबिटीज का एक बड़ा कारण है। मधुमेह को कंट्रोल करने के लिए हेल्दी वेट मेंटेन रखना जरूरी है।



**नियमित शारीरिक गतिविधि:** एरोबिक व्यायाम (जैसे, पैदल चलना, तैरना) और शक्ति प्रशिक्षण दोनों ही फायदेमंद होते हैं। नियमित व्यायाम करने से ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। *

**(पतंजलि योग केंद्र, कोलकाता में योग प्रशिक्षक वेद प्रकाश गुप्ता से बातचीत पर आधारित)**

---

इस समय देश-दुनिया में करोड़ों लोग डायबिटीज से ग्रस्त हैं और करोड़ों लोग इसके लिए हाई रिस्क पर हैं। हालांकि अभी तक इस रोग का सटीक उपचार नहीं खोजा गया है लेकिन अपनी जीवनशैली और डाइट हैबिट में बदलाव करके डायबिटीज को कंट्रोल किया जा सकता है। इसके लिए कैसा हो आपका डाइट रूटीन, जानिए।

## डाइट मैनेजमेंट से पॉसिबल है डायबिटीज कंट्रोल

अवेयरनेस

शिखरचंद जैन


किसी दौर में मध्यवय की बीमारी समझी जाने वाली डायबिटीज, अब युवाओं और यहां तक कि बच्चों में भी देखी जा रही है। इसकी मुख्य वजह है, गलत खान-पान, असंयमित जीवनशैली, फिजिकल एक्टिविटी की कमी और नींद की अनियमितता। दुनिया भर में टाइप-2 डायबिटीज की दर बढ़ रही है। टाइप-2 डायबिटीज दृष्टि हानि और अंधेपन, गुर्दे फेल होने की समस्या, दिल के दौरे, स्ट्रोक, संक्रमण और यहां तक कि समय से पहले मृत्यु का एक प्रमुख कारण बन रही है। प्री-डायबिटीज यानी, (उच्च रक्त शर्करा जिससे पूर्ण मधुमेह होने का उच्च जोखिम होता है) से पीड़ित 80 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को इसकी जानकारी नहीं होती। और पूर्ण मधुमेह से पीड़ित चार में से एक व्यक्ति को पता ही नहीं चलता कि उन्हें यह रोग है। शोध बताते हैं कि एक स्वस्थ जीवनशैली मधुमेह होने से रोक सकती है। यहां तक कि इसके बढ़ने को भी पलट सकती है।

**डायबिटीज होने के कारण:** डायबिटीज, लाइफस्टाइल से जुड़ी एक ऐसी बीमारी है, जो एक बार हो जाए तो पूरी जिंदगी सावधानी बरतनी पड़ती है। जब शरीर में इंसुलिन की कार्यक्षमता कम हो जाती है या शरीर उसका सही उपयोग नहीं कर पाता, तो ब्लड शुगर स्तर असामान्य रूप से बढ़ने लगता है, जिससे डायबिटीज होता है। यह रोग केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक और जीवनशैली से जुड़ा हुआ है। बहुत अधिक तनाव, गलत खान-पान, नींद की कमी और शारीरिक गतिविधियों की कमी इसके मुख्य कारणों में से हैं।

**हेल्दी डाइट-लाइफस्टाइल से कंट्रोल संभव :** हेल्थ एक्सपर्ट्स बताते हैं कि सही खान-पान और हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाकर इस बीमारी को काबू में ही नहीं, बल्कि काफी हद तक रिवर्स भी किया जा सकता है। कुछ आसान आदतों को डेली रूटीन में शामिल करने से ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल रखा जा सकता है, जिससे डायबिटीज पेशेंट्स में इंसुलिन की निर्भरता भी कम हो सकती है। यह 20 वर्षों के चिकित्सा अनुसंधान से सिद्ध हो चुका है।

एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने टाइप-2 मधुमेह के जोखिम वाले लोगों को लिया और उन्हें 24 हफ्तों तक आहार और जीवनशैली में बदलाव के साथ एक दवा दी गई, ताकि यह देखा जा सके कि क्या ऐसा करना उनके मधुमेह विकसित होने के जोखिम को कम कर सकता है? इस अध्ययन का मूल लक्ष्य प्रतिभागियों की दैनिक आदतों में बदलाव लाना था। बदलाव के नतीजे सकारात्मक आए।





**कारगर है आयुर्वेद-प्राकृतिक चिकित्सा:** आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियां भी इस दिशा महत्वपूर्ण साबित हुई हैं। अनेक रिसर्च और केस स्टडीज यह साबित कर चुकी हैं कि केवल अनुकूल आहार, योग, प्राणायाम और हर्बल उपचार से डायबिटीज का प्राकृतिक इलाज संभव है।



भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद, सदियों से मधुमेह जैसे रोगों का इलाज कर रही है। नीम, करेला, जामुन, गुड़मार जैसे हर्ब्स इंसुलिन की संवेदनशीलता बढ़ाने में सहायक होते हैं।

आजकल कई आयुर्वेदिक संस्थान इस दिशा में कार्य कर रहे हैं। नीम करेला थैरेपी एक अत्यधिक प्रभावी पद्धति मानी जाती है, जिसमें मरीज के पैरों से नीम और करेला का रस शरीर में अवशोषित किया जाता है, जिससे ब्लड शुगर स्तर में आश्चर्यजनक सुधार देखा गया है।

**डायबिटीज रिवर्सल में डाइट का रोल:** इसके तहत डायबिटीज के अनुकूल आहार लेना जरूरी है। इसका अर्थ है ऐसा भोजन, जो रक्त में शर्करा के स्तर को संतुलित रखे और साथ ही शरीर को संपूर्ण पोषण भी प्रदान करे।

**क्या खाएं:** नियमित रूप से अपने भोजन में फाइबर युक्त सब्जियां जैसे लौकी, परवल, पालक, मेथी लें। साबुत अनाज जैसे जौ, रागी, कुट्टू, बाजरा का सेवन करें। इसके उपचार में कुछ प्राकृतिक औषधियां बड़ी उपयोगी हैं। जैसे नीम, करेला, जामुन के बीज। हेल्दी फैट्स जैसे नारियल का तेल, घी (सीमित मात्रा में) लें। पेय पदार्थ में गुनगुना पानी, नीबू पानी, छाछ, हर्बल चाय फायदेमंद है। रक्त शर्करा में वृद्धि को रोकने के लिए कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) वाला साबुत अनाज, अनप्रिजर्व्ड कार्बोहाइड्रेट चुनें। क्विनोआ, ब्राउन राइस, साबुत गेहूं और ओट्स जैसे खाद्य पदार्थ इसमें शामिल हैं।

**क्या न खाएं:** इन चीजों से परहेज करें।

- मैदा और रिफाइंड चीनी से बने फूड्स।
- पैकेज्ड फूड, कोल्ड ड्रिंक, जंक फूड।
- अधिक तला-भुना और मिर्च-मसालेदार खाना न खाएं।

**कम खाएं:** कैलोरी सेवन को नियंत्रित करने और जरूरत से ज्यादा खाने से बचने के लिए, खाने की मात्रा पर नजर रखें। यहां तक कि हेल्दी फूड्स भी जरूरत से ज्यादा खाने पर रक्त शर्करा के असंतुलन का कारण बन सकते हैं।

**भोजन का समय फिक्स करें:** पूरे दिन रक्त शर्करा के स्तर को स्थिर रखने के लिए भोजन के समय को नियमित रखें। नाश्ता और खाना स्किप न करें। देर रात भोजन न करें। *

**(डायटिशियन पिंकी गोयल और संगीता मिश्र से बातचीत पर आधारित)**

### रोज सेवन करें ये फायदेमंद चीजें

**कुछ चीजें** अगर आप अपने डाइट रूटीन में शामिल करें तो बहुत फायदेमंद हो सकता है।

**मेथी दाने का पानी:** रोज सुबह खाली पेट मेथी दाने का पानी लें। इसके लिए रात को एक चम्मच मेथी दाना थोड़े से पानी में भिगो दें और सुबह खाली पेट उस पानी को पी लें। मेथी दाने में फाइबर अच्छी मात्रा में मौजूद होता है, जो शरीर में कार्बोहाइड्रेट के अवशोषण को धीमा करके ब्लड शुगर लेवल को बढ़ने से बचाता है।





**कच्चे प्याज का सलाद:** कच्चे प्याज का सलाद खाएं। प्याज खाने से ब्लड शुगर कुछ ही घंटों में कम होने लगता है। सिर्फ 100 ग्राम कच्चा प्याज खाने से 4 घंटे के भीतर शुगर लेवल में गिरावट आती है। प्याज खाने से शरीर का इंसुलिन रिस्पॉन्स भी बेहतर होता है।

**खाने के बाद 500 कदम चलें:** रोज दोनों समय भोजन करने के बाद 500 कदम पैदल चलें। ऐसा करने से शरीर की मांसपेशियां एक्टिव होती हैं और हमारा शरीर खून में मौजूद शुगर को एनर्जी के रूप में इस्तेमाल करता है। इससे ब्लड शुगर नहीं बढ़ता।

**रात को आंवला-हल्दी पानी पिएं:** रोज रात के समय आंवला और हल्दी का पानी पीने की आदत डालें। आंवले में क्रोमियम होता है, जो इंसुलिन की कार्यक्षमता बढ़ाता है। वहीं, हल्दी भी इंसुलिन को बेहतर बनाकर ब्लड शुगर कम करती है।

---

## सर्दियों का अमृत है त्रिफला

हर्बल जोन

रेखा देशराज

त्रिफला शब्द संस्कृत के दो शब्दों से मिलकर बना है। 'त्रि' तथा 'फला' यानी तीन फलों का संयोजन। वास्तव में त्रिफला तीन फलों से मिलकर बनता है। ये तीन फल हैं आंवला, हरड़ और बहेड़ा। इन तीनों फलों को सुखाकर बारीक पीस लिया जाता है और इनका अनुपात सामान्यतः त्रिफला में इस प्रकार होता है। एक हरड़, दो बहेड़ा और चार आंवलों का मिश्रण आदर्श त्रिफला के रूप में हमारे सामने आता है। सुखाकर बारीक पीस लिए गए इन तीनों फलों का मिश्रण यानी त्रिफला आजकल टैबलेट और काढ़े के रूप में भी बाजार में उपलब्ध है। त्रिफला को आयुर्वेद में त्रिदोषनाशक कहा जाता है यानी शरीर के तीनों दोष- वात (गैस और जोड़ों की गति से जुड़ा हुआ), पित्त (पाचन और गर्मी से जुड़ा हुआ) और कफ (बलगम और ठंड से जुड़ा हुआ)। त्रिफला इन तीनों दोषों को दूर करके हमारे शरीर को संतुलित करता है।

**कई समस्याओं से दिलाए राहत:** जैसे ही सर्दी दस्तक देती है, हमारे शरीर की प्राकृतिक क्रियाएं धीमी पड़ने लगती हैं। सुबह की ठंडी हवा, कम पानी पिया जाना, गरिष्ठ भोजन और शारीरिक गतिविधियों को कम करने के कारण इन दिनों पाचन में गड़बड़ी, त्वचा में रुखापन, जोड़ों में दर्द और नींद से जुड़ी अनेक परेशानियां सिर उठाने लगती हैं। ऐसे में त्रिफला बहुत काम आता है। आंवला, हरड़ और बहेड़े का यह मिश्रण इस मौसम के लिए वरदान है। सर्दियों में यह शरीर को अंदर से शुद्ध, संतुलित और ऊर्जावान बनाए रखता है। दरअसल सर्दियां बढ़ते ही क्योंकि हम लोग कम पानी पीने लगते हैं और तला, भुना भोजन ज्यादा खाने लगते हैं, इसलिए हमारा पाचन कमजोर हो जाता है और कब्ज की समस्या बढ़ जाती है। इसी तरह इन दिनों ठंडी हवाएं चलने के कारण हमारे शरीर की नमी कम हो जाती है और त्वचा फटने लगती है, होंठ भी सूखने लगते हैं और चेहरा बेजान नजर आने लगता है।



**जोड़ों के दर्द में मिले आराम:** ठंड के कारण रक्तप्रवाह धीमा हो जाता है। इसलिए जोड़ों में दर्द और अकड़न बढ़ जाती है। सर्दियों में हम बाकी मौसमों के मुकाबले कुछ ज्यादा खाने लगते हैं, इसलिए इस मौसम में हमारा वजन भी बढ़ जाता है और जोड़ों में दर्द, अकड़न महसूस होती है। शरीर कम सक्रिय रहने के कारण इन दिनों हमारे शरीर में फैट जमा हो जाता है, जिससे कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ जाता है और ठंडी रातें लंबी होने के कारण हमारी नींद आमतौर पर असंतुलित हो जाती है। इन दिनों सुबह उठने में आलस आता है और दिनभर तन व मन थके-थके महसूस होते हैं। इन सब परेशानियों में काम आता है-त्रिफला।

यह इम्यूनिटी बढ़ाने और शरीर को स्फूर्तिदायक बनाए रखने में सहायक होता है। त्रिफला में बहेड़ा होने के कारण यह फेफड़ों और श्वसन तंत्र को मजबूत करता है, साथ ही सर्दियों में हमें सर्दी जुकाम से बचाता है और हरड़ शामिल होने के कारण त्रिफला हमारी पाचनशक्ति सुधारता है, हमें कब्ज और गैस से दूर रखता है। इस तरह तीनों फलों का यह मिश्रण अनेक गुणों से भरपूर होने के कारण सर्दियों में हमारे शरीर के लिए संतुलन साधक औषधि का काम करती है।

**सेवन का तरीका:** जहां तक इसके सेवन का तरीका है तो आमतौर पर रात में सोने के पहले एक चम्मच त्रिफला चूर्ण गुनगुने पानी के साथ लिया जाता है या सुबह खाली पेट हल्के गुनगुने पानी के साथ भी इसका सेवन करते हैं। लगातार दो-तीन महीना सेवन करने से शरीर में हल्कापन, त्वचा में निखार और पाचनतंत्र में मजबूती दिखती है। *


---

## फिजिकल-मेंटल फिटनेस के बीच रखता हूं बैलेंस

फिटनेस फंडा

मोहित मलिक

इन दिनों सोनी सब चैनल पर आ रहे सीरियल 'गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय' में भगवान शिव का रोल मोहित मलिक निभा रहे हैं। मोहित के लिए फिटनेस के क्या मायने हैं, इसे वे कैसे मेंटेन करते हैं, यहां मोहित बता रहे हैं अपनी जुबानी।



एक्टर मोहित मलिक के लिए शारीरिक फिटनेस और मानसिक शांति के बीच संतुलन बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है, ताकि वे 'गाथा शिव परिवार की–गणेश कार्तिकेय' सीरियल में भगवान शिव के शांत, संयमित और सशक्त स्वरूप को सही मायने में अभिव्यक्त कर सकें। इसके लिए वे अनुशासित जीवन, नियमित व्यायाम, ध्यान, संतुलित आहार फॉलो करते हैं। अपने फिटनेस रूटीन के बारे में वे यहां बता रहे हैं विस्तार से।

**डेली रूटीन:** फिटनेस के लिए वर्कआउट और मेडिटेशन मेरे जीवन का अहम हिस्सा हैं। इन दोनों के साथ मैं बिल्कुल भी समझौता नहीं करता हूं। खासकर जब इन दिनों मैं भगवान शिव की भूमिका निभा रहा हूं। मैं हफ्ते में पांच दिन शूटिंग पर जाने से पहले फिजिकल ट्रेनिंग करता हूं, जिससे दिन की शुरुआत सकारात्मक होती है। अगर कभी वर्कआउट मिस हो जाए, तो मुझे दिन भर असंतुलित और थका हुआ महसूस होता है। ध्यान (मेडिटेशन) मुझे काम के प्रति फोकस्ड रखने में हेल्प करता है। इसलिए अगर टाइम नहीं मिल पाता तो मैं अकसर सेट पर जाते समय अपनी गाड़ी में यात्रा के दौरान ही ध्यान कर लेता हूं। यह मेरे लिए आत्मचिंतन का शांत समय बन जाता है।

**डाइट प्लान:** हेल्थ फिटनेस को मेंटेन रखने के लिए मैं डाइट पर भी ध्यान देता हूं। दिन में चार बार बैलेंस्ड डाइट लेता हूं, जिसमें प्रोटीन और फाइबर जरूर शामिल करता हूं। अपनी डाइट में चीनी और फ्राइड फूड्स से परहेज करता हूं।

**मानसिक शांति के लिए:** योगाभ्यास और ब्रीदिंग एक्सरसाइज यानी विभिन्न तरह के प्राणायाम करना भी मेरे फिटनेस रूटीन का अहम हिस्सा बन गए हैं। ये मुझे उस स्थिरता और संयम को महसूस करने में मदद करते हैं, जो भगवान शिव का सार है। भगवान शिव की भूमिका निभाने के लिए शक्ति और शांति दोनों की आवश्यकता होती है। यह अनुशासन मुझे उस ऊर्जा से जुड़े रहने में मदद करता है। कभी-कभी मैं रात में एक घंटे टहलने निकल जाता हूं, पॉडकास्ट सुनते हुए या खुद के साथ कुछ शांत समय बिताते हुए। यह मेरा रिचार्जिंग और माइंडफुल रहने का तरीका है। इससे मुझे भरपूर मेंटल पीस मिलता है। *

प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स





डॉ. मोहन यादव का
अभ्युदय मध्यप्रदेश
भावांतर भुगतान
अन्नदाता का उत्थान
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
अन्नदाता को MSP की गारंटी
सोयाबीन भावांतर योजना
1.33 लाख
किसानों के खातों में
₹233 करोड़
की राशि का अंतरण
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
13 नवम्बर 2025 | पूर्वाह्न 11:00 बजे
पुलिस लाइन ग्राउंड, देवास
जो कहा वो किया
D-11140/25
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP




### भोपाल की अदालत ने जारी किया है तृणमूल सांसद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

# ममता बनर्जी के सांसद भतीजे अभिषेक की अंतरिम अर्जी पर सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

### एमपीएमएलए कोर्ट में व्यक्तिगत उपस्थिति माफ किए जाने आवेदन की दी जानकारी



**जबलपुर।** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे व तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी की अंतरिम अर्जी पर हाई कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ के समक्ष बैनर्जी की ओर दलील दी गई कि वे वर्तमान में टीएमसी सांसद हैं और उनके फरार होने की संभावना नहीं है। उन्होंने एमपीएमएलए कोर्ट में व्यक्तिगत उपस्थिति से राहत प्रदान किए जाने का आवेदन दिया था। किंतु कोर्ट ने उस पर विचार न करते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया।

प्रकरण के अनुसार, नवंबर, 2020 में कोलकाता में आयोजित एक सभा में अभिषेक बनर्जी ने भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के बेटे आकाश विजयवर्गीय को गुंडा कहा था। इस बयान को लेकर आकाश ने 2021 में मानहानि का मामला दर्ज कराया था। एक मई, 2021 से इस प्रकरण की सुनवाई भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रही है, लेकिन अभिषेक बनर्जी पेशी में हाजिर नहीं हुए। इस पर भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट ने अभिषेक बनर्जी के विरुद्ध गत 11 अगस्त और 26 अगस्त, 2025 की तारीखों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया। अभिषेक बनर्जी ने इस गिरफ्तारी वारंट को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। इसी याचिका के साथ अंतरिम राहत की मांग संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया था।अभिषेक बनर्जी की ओर से दलील दी गई कि मानहानि का मुकदमा अनुचित है। क्योंकि बयान को तोड़ मरोड़ कर समाचार बनाए गए थे। लिहाजा, मामला मानहानि के मुकदमे में अधीनस्थ अदालत द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट पर रोक लगाई जाए।

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार सहित अन्य को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

## ग्वालियर में 16 नवंबर को प्रस्तावित विरोध दिवस के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने ग्वालियर शहर और उच्च न्यायालय परिसर में आगामी 16 नवंबर को प्रस्तावित विरोध दिवस के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के अंतरिम आदेश ग्वालियर कलेक्टर को दिए हैं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने गृह विभाग के प्रमुख सचिव, हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल, कलेक्टर, ग्वालियर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अनिल मिश्रा, भीम आर्मी जय भीम संगठन व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ पीजी नाजपांडे ने याचिका दायर कर कहा कि एससी-एसटी एक्ट में संशोधन को लेकर हाईकोर्ट बार के पूर्व अध्यक्ष अनिल मिश्रा ने 16 नवंबर को विरोध दिवस घोषित किया है। इस दौरान धरना-प्रदर्शन का आयोजन भी होगा। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल ने दलील दी कि विरोध दिवस के दौरान शहर और हाईकोर्ट परिसर में कानून व्यवस्था बिगड़ने की संभावना है। यह तर्क दिया गया कि पूर्व में भी डॉ भीम राव अंबेडकर की मूर्ति स्थापना को लेकर भी कानून व्यवस्था बिगड़ी थी।



### दिन और रात का पारा औसत से नीचे उतरा

# शीतल बयारों से ठण्ड बढ़ी

**जबलपुर। तापमान में निरंतर गिरावट का दौर जारी है। अब ठण्ड महसूस होने लगी है। रात में शीत लहर का प्रकोप बढ़ जाता है। दिन का तापमान नीचे आ रहा है, जबकि रात का तापमान भी औसत से 5 डिग्री नीचे बना हुआ है।**

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि आसमान में छाये बादल छंट गये हैं। तापमान नीचे आ रहा है और हवाओं की रफ्तार भी बढ़ने लगी है, जिससे मौसम के रुख में बदलाव आया है। शीतल बयारों ने वातावरण में ठंडक पूरी तरह से घोल दी है, शाम ढलने के बाद कड़ाके की ठंड महसूस होने लगी है। इस सीजन में पिछले तीन दिनों से तापमान औसत से नीचे आया। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 27.05 डिग्री सेल्सियस समान्य से 2 डिग्री कम रहा, वहीं न्यूनतम तापमान 10.06 डिग्री समान्य से 5 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री रिकार्ड किया गया था। हवा में नमीं प्रातःकाल 78 प्रतिशत और सायंकाल 56 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6.24 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 5.26 मिनिट पर हुआ। उत्तरी-पूर्वी हवाएं 4 से 5 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली। प्रदेश में सबसे कम 6.9 डिग्री तापमान कल्याणपुर (शहडोल) जिले में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान जिले का मौसम आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना है।




### महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" के संकल्प से साकार हुआ विद्यार्थियों का सपना

# महापौर गुरूकुल के मेधावी छात्र-छात्राओं ने भरी सपनों की उड़ान

हरिभूमि, जबलपुर।

नगर निगम के महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" के संकल्प से संचालित महापौर गुरूकुल के 15 मेधावी छात्र-छात्राओं ने बुधवार को अपनी पहली हवाई यात्रा कर सपनों की उड़ान भरी। सभी विद्यार्थी डुमना एयरपोर्ट से इंदौर के लिए रवाना हुए, जहाँ वे फाइव स्टार होटल में ठहरेंगे और शहर की ऐतिहासिक, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक धरोहरों का भ्रमण करेंगे। महापौर श्री अन्नू ने तीन वर्ष पूर्व नगर निगम स्कूलों के विद्यार्थियों से वादा किया था कि जो छात्र 85% से अधिक अंक प्राप्त करेंगे, उन्हें हवाई यात्रा कराई जाएगी। इस वर्ष नगर निगम के पाँच स्कूलों के 15 विद्यार्थियों ने यह उपलब्धि हासिल की। रवाना होने से पहले महापौर ने एयरपोर्ट पहुँचकर बच्चों को शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में सांसद आशीष दुबे, विधायक संतोष बरकड़े, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, एसपी सम्पत उपाध्याय, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। वर्ष 2022 में शुरू हुआ महापौर गुरूकुल आज नगर निगम के लगभग 1800 विद्यार्थियों के लिए शिक्षा, संस्कार और व्यक्तित्व विकास का केंद्र बन चुका है। मैकलसुता इंस्टीट्यूट के सहयोग से यहाँ विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग, संगीत, नृत्य, खेलकूद और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराई जाती है। पाँचों स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम और कंप्यूटर लैब की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। महापौर श्री अन्नू ने कहा —"नगर निगम स्कूलों के बच्चों में अपार प्रतिभा है। उन्हें सही दिशा और अवसर देना ही हमारा दायित्व है। महापौर गुरूकुल इन बच्चों के सपनों को हकीकत में बदल रहा है।"

### आज राज्य सरकार व याचिकाकर्ताओं का सुना जाएगा पक्ष

# अजाक्स की आपत्ति दरकिनार, जारी रहेगी प्रमोशन में आरक्षण के मामले की सुनवाई

**जबलपुर।** राज्य में प्रमोशन में आरक्षण के मामले पर दायर याचिकाओं पर बुधवार को मप्र हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। शुरूआत में ही अजाक्स (अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी, कर्मचारी संघ) की ओर से आपत्ति जताई गई। सुप्रीम कोर्ट में इस संबंध में आरबी राय मामले के लंबित होने का हवाला दिया गया।कहा गया कि इसलिए हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं होनी चाहिए। इस पर चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने नाराजगी जाहिर की। कहा कि यह मामला अलग है, सुनवाई क्यों नहीं होनी चाहिए आपत्ति अस्वीकार करते हुए कोर्ट ने अगली सुनवाई 13 नवंबर



को करने के निर्देश दिए। भोपाल निवासी डॉ. स्वाति तिवारी व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं में मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को चुनौती दी गई है। दलील दी गई कि वर्ष 2002 के नियमों को हाईकोर्ट के द्वारा आरबी राय के केस में समाप्त किया जा चुका है। इसके विरुद्ध मप्र शासन ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट में मामला अभी लंबित है, इसके बावजूद मप्र शासन ने महज नाम मात्र का शाब्दिक परिवर्तन कर जस के तस नियम बना दिए। वहीं मामले में अजाक्स संघ सहित आरक्षित वर्ग की ओर से अनेक अधिकारियों व कर्मचारियों ने इस मामले में हस्तक्षेप याचिकाएं दाखिल की हैं।

बुधवार को याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अमोल श्रीवास्तव ने कुछ देर नियम की असंवैधानिकता के पक्ष में तर्क रखे। समयाभाव के चलते सुनवाई गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### जिला उपभोक्ता फोरम ने माना सेवा में कमी, हर्जाना अदा करने का आदेश

# शादी के लिए किराए पर ली गई पगड़ी की नहीं लौटा रहा था सुरक्षा निधि

**जबलपुर।** शादी के लिए किराये पर ली गयी पगड़ी को लौटाते समय दुकानदार ने सुरक्षा राशि देने से इंकार कर दिया। जिसे चुनौती देते हुए जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के समक्ष परिवाद दायर किया गया था। आयोग ने इससे सेवा में कमी मानते हुए सुरक्षा निधि के साथ मानसिक कष्ट व केस खर्च के रूप में दो हजार रुपये देने के आदेश जारी किए हैं।

अधिवक्ता अजितेश शर्मा की तरफ से दायर की गए परिवाद में कहा गया था कि उसने 9 फरवरी 2022 को खोवा मंडी स्थित जयश्री भंडार से शादी के लिए 15 पगडी किराये पर ली थी। पगडी का किराया 50 रुपये निर्धारित हुआ था और सुरक्षा निधि के तौर पर 100 रुपये जमा करने थे। उसके द्वारा दुकान संचालक को 2250 रुपये दिये गये। वह पगडी वापस करने पहुंचा तो दुकान संचालक ने सुरक्षा निधि लौटाने से इंकार कर दिया। अनावेदक दुकानदार की तरफ से तर्क दिया गया था आवेदक 23 दिन बाद 3 मार्च 2022 को पगडी लौटाने आया था। आवेदक को 24 घंटो के अंदर पगडी वापस करनी थी। आयोग के अध्यक्ष पंकज यादव की तीन सदस्यीय पीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि 24 घंटो में पगडी वापस करने की शर्त को कोई साक्ष्य नहीं है। आयोग ने इसे सेवा में कमी मानते हुए उक्त आदेश जारी किये।

# नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को, बिजली संबंधित मामलों में होगा समझौता

**जबलपुर।** नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर 2025 (शनिवार) को आयोजित होगी। लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। विद्युत वितरण कम्पनियों द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के बनाए गए लंबित प्रकरण एवं अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी।

प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येशक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छःमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। कंपनी ने कहा है कि नेशनल लोक अदालत में छूट कुछ नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी जो आंकलित सिविल दायित्व राशि 10 लाख रूपये तक के प्रकरणों के लिए सीमित रहेगी। यह छूट मात्र नेशनल ''लोक अदालत'' 13 दिसंबर 2025 को समझौते करने के लिये ही लागू रहेगी।

### वन विभाग

### सतर्कता और साहस से टला बड़ा हादसा

# एमपी ट्रांसको के सब स्टेशन में घुसे तेंदुए को पकड़ा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के 400 के.व्ही. सबस्टेशन, गत दिवस अचानक एक तेंदुआ घुस आया। इस आकस्मिक और जोखिमपूर्ण स्थिति में ड्यूटी पर तैनात कर्मियों ने अदम्य साहस, सतर्कता और उत्कृष्ट टीम भावना का परिचय देते हुए संभावित दुर्घटना को टाल दिया तथा वन विभाग की सहायता से तेंदुए को सकुशल पकड़वाने में सफलता प्राप्त की। इंदौर सबस्टेशन में ड्यूटी पर तैनात आउटसोर्स सिक्योरिटी गार्ड कृष्णा बघेला, सूरज मोहनिया तथा मेंटेनेंस टीम के सदस्य श्रीराम अभिलाष ने यार्ड क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी को देखकर तत्काल सबस्टेशन की ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस टीम को सूचित किया।

इन कर्मियों ने अत्यंत धैर्य और सूझबूझ का परिचय देते हुए सभी कार्मिकों को



सावधानीपूर्वक सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और किसी भी प्रकार की अफरा-तफरी या नुकसान से स्थिति को बचाया।

#### वन विभाग को दी गई त्वरित सूचना

कर्मियों को सुरक्षित करने के उपरांत परीक्षण परिचारक के.के. मिश्रा ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और सबस्टेशन यार्ड में अस्थायी पिंजरा स्थापित कर रेस्क्यू अभियान आरंभ किया। अथक प्रयासों के बाद तेंदुए को सुरक्षित रूप से पिंजरे में कैद किया गया। वन विभाग की टीम ने उसे बिना किसी हानि के सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। सौभाग्य से इस पूरे घटनाक्रम में किसी भी व्यक्ति या संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ।

#### रही इनकी सक्रिय भूमिका

इस सराहनीय और अनुकरणीय कार्य में आउटसोर्स कर्मियों के साथ परीक्षण परिचारक के.के. मिश्रा, सहायक अभियंता अतुल पराड़कर, कार्यपालन अभियंता श्रीमती नूतन शर्मा एवं अधीक्षण अभियंता जयेश चोपड़ा की सक्रिय एवं समन्वित भूमिका रही।

#### प्रबंध संचालक ने की सराहना

एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने इस घटना में कर्मियों द्वारा दिखाई गई सतर्कता, टीमवर्क और मानवीय संवेदनशीलता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह घटना न केवल सबस्टेशन में कार्यरत कर्मियों की कार्यकुशलता और समर्पण का उदाहरण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि आकस्मिक परिस्थितियों में ट्रांसको कर्मी सजगता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने में पूर्णतः सक्षम हैं।

#### आउटसोर्स कर्मियों को मिलेगा सम्मान

प्रबंध संचालक ने घोषणा की है कि इस साहसिक एवं प्रेरणादायी कार्य के लिए एम.पी. ट्रांसको प्रबंधन द्वारा संबंधित आउटसोर्स कर्मियों सहित सभी को सम्मानित कर पुरस्कृत किया जाएगा।

### स्टेशन में पकड़े गए 2 तस्कर, 5 किलो गांजा जब्त

# कमर में लपेट कर रखा था 3 किलो गांजा

**जबलपुर।** सिविल लाईन पुलिस ने रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 6 के मेट्रो स्टेंड में खड़े यूपी निवासी व पाटन निवासी दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 5 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। एक आरोपी अपनी कमर में गांजे के पैकेट पन्नी से लपेटे खड़ा था। जब्त किए गए गांजे की कीमत लगभग 1 लाख रुपए बताई गई है। सिविल लाईन थाना प्रभारी अनूप कुमार नामदेव ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 6 के बाहर मेट्रो स्टेंड में गांजा बेचने की फिराक में खड़े गाड़ाघाट थाना पाटन निवासी 55 वर्षीय रामदयाल कुम्हार और शारदा मंदिर के पास इरादत्तगंज थाना घूरपुर जिला प्रयागराज उप्र निवासी 32 वर्षीय लल्लन यादव को गिरफ्तार कर उनके पास से 5 किलोग्राम गांजा और 2 मोबाइल जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत लगभग 1 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुये मामला जांच में लिया है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240